फाल्गुन कृष्ण पक्ष, चतुर्थी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 28 फरवरी 2024
वर्ष -2, अंक -188, पृष्ठ -14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



मंगल की धरती पर उड़ान भरेगा भारतीय हेलीकॉप्टर 14

यामी गौतम के आगे विद्युत का एक्शन फेल 2

## भ्रामक दावों पर पतंजलि को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

नई दिल्ली, एजेंसी



- कोर्ट में दिए हलफनामे के उल्लंघन पर मानहानि की नोटिस

सुप्रीम कोर्ट ने योग गुरु रामदेव की कंपनी पतंजलि आयुर्वेद के उत्पादों के बारे में अदालत में दिए गए हलफनामे और उनके औषधीय प्रभाव का दावा करने वाले बयानों के प्रथम दृष्टया उल्लंघन को लेकर मंगलवार को उसे कड़ी फटकार लगाई।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति ए. अमानुल्लाह की पीठ ने पतंजलि आयुर्वेद एवं इसके प्रबंध निदेशक को नोटिस जारी किया तथा पूछा कि उनके खिलाफ अवमानना कार्यवाही क्यों न की जाए। पीठ ने पतंजलि आयुर्वेद और इसके अधिकारियों को दवा की किसी भी पद्धति के विरूद्ध प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक, दोनों मीडिया में उसे किसी भी रूप में कोई बयान देने के खिलाफ आगाह भी किया, जैसा कि उन्होंने न्यायालय के समक्ष अपने हलफनामे में कहा था। कंपनी का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील ने पिछले साल 21 नवंबर को शीर्ष अदालत को आश्वस्त किया था कि अब से कानून का किसी तरह से भी उल्लंघन नहीं किया जाएगा।

### प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- हम अंतरिक्ष के लिए तैयार...इस बार काउंटडाउन, समय और राकेट भी हमारा होगा

## गगनयान मिशन के लिए नामित चार अंतरिक्ष यात्रियों के नामों की घोषणा

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी





शुभांशु शुक्ल प्रशांत बालकृष्णन अंगद प्रताप अजित कृष्णन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को उन चार अंतरिक्ष यात्रियों के नामों की घोषणा की जो देश के पहले मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन गगनयान के लिए प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने थुंबा स्थित विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर, अंगद प्रताप, अजीत कृष्णन और विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला गगनयान मिशन के लिए नामित किए गए अंतरिक्ष यात्री हैं। उन्होंने इन चारों को अंतरिक्ष यात्री पंख प्रदान किए। मोदी ने इन चार अंतरिक्ष यात्रियों को चार ताकतें करार दिया, जो देश के 1.4 अरब लोगों की आकांक्षाओं को समाहित करती हैं। मोदी ने कहा कि चार दशक बाद कोई भारतीय, अंतरिक्ष में जाने के लिए तैयार है और इस बार उलटी गिनती (काउंटडाउन), समय और यहां तक कि रॉकेट भी हमारा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ये चार अंतरिक्ष यात्री सिर्फ चार नाम या व्यक्ति नहीं हैं, बल्कि वे 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं को अंतरिक्ष में ले जाने वाली चार 'शक्तियां' हैं। मोदी ने केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, मुख्यमंत्री पिनराई विजयन, विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन और इसरो के प्रमुख एस सोमनाथ सहित अन्य गणमान्य की उपस्थिति में नाम की घोषणा की। मिशन में स्वदेशी पुर्जों के इस्तेमाल पर प्रधानमंत्री ने खुशी जताई।

### प्रयागराज से ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप और लखनऊ से विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला बने टीम के सदस्य

**प्रयागराज/लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को जिन चार अंतरिक्ष यात्रियों के नामों की घोषणा की उनमें दो यात्री अंगद प्रताप और शुभांशु शुक्ला उत्तर प्रदेश से हैं। रक्षा मंत्रालय के जनसंपर्क अधिकारी समीर गंगाखेडकर ने एक विज्ञप्ति में बताया कि 17 जुलाई 1982 को प्रयागराज में जन्मे ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप एनडीए के छात्र रह चुके हैं। उन्होंने 18 दिसंबर 2004 को वायु सेना की फाइटर स्ट्रीम में कमीशन प्राप्त किया था। अंगद प्रताप एक फ्लाइंग प्रशिक्षक और एक टेस्ट पायलट हैं जिनको लगभग 2000 घंटे के उड़ान का अनुभव है। वहीं, 10 अक्टूबर 1985 को लखनऊ में जन्मे विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला भी एनडीए के छात्र रहे हैं और उन्होंने 17 जून 2006 को वायु सेना की फाइटर स्ट्रीम में कमीशन प्राप्त किया था। शुक्ला एक फाइटर कोम्बेट लीडर और एक टेस्ट पायलट हैं जिनको लगभग 2000 घंटे का विमान उड़ाने का अनुभव है। दोनों को सुखोई, मिग-21, मिग-29, जगुआर, हॉक, डॉर्नियर, एएन-32 जैसे विमान उड़ाने का अनुभव है।

## एक नजर

### न्यायमूर्ति खानविलकर लोकपाल के अध्यक्ष बने

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने न्यायमूर्ति अजय माणिकराव खानविलकर को लोकपाल का अध्यक्ष नियुक्त किया है। राष्ट्रपति सचिवालय से मंगलवार को जारी वक्तव्य में कहा गया कि राष्ट्रपति ने न्यायमूर्ति लिंगप्पा नारायण स्वामी, न्यायमूर्ति संजय यादव और न्यायमूर्ति ऋतु राज अवस्थी को लोकपाल का न्यायिक सदस्य नियुक्त किया है। इसके अलावा सुशील चन्द्र, पंकज कुमार और अजय तिर्की को लोकपाल का सदस्य बनाया है। उपरोक्त नियुक्तियां उनके संबंधित कार्यालयों में कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से प्रभावी होंगी।

### छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ में चार नक्सली मारे गए

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में मंगलवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में चार नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह मुठभेड़ जांगला पुलिस थाना क्षेत्र के जंगल में हुई, जब जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के अलग-अलग दलों को नक्सल विरोधी अभियान पर रवाना किया गया था। आधिकारी ने बताया कि जब डीआरजी का दल तुंगाली गांव के जंगल में पहुंचा तब नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षा बल के जवानों ने जवाबी करवाई की। उन्होंने बताया कि कुछ देर बाद नक्सली वहां से फरार हो गए। मुठभेड़ वाली जगह से अब तक चार नक्सलियों के शव बरामद किए जा चुके हैं। इलाके में खोजबीन जारी है।

### केंद्र की पेयजल सर्वेक्षण पुरस्कार की घोषणा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय ने मंगलवार को पहले पेयजल सर्वेक्षण पुरस्कार की घोषणा की और कहा कि जल क्षेत्र में शहरों और राज्यों की उल्लेखनीय उपलब्धि को दर्शाने वाले इन पुरस्कारों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पांच मार्च को प्रदान करेंगी। मंत्रालय की ओर से जारी बयान में यह जानकारी दी गई है। यह मंच उन लोगों को सम्मानित करने के लिए तैयार किया गया है जो अपने समुदायों के लिए स्वच्छ और टिकाऊ जल संसाधन सुनिश्चित करने में सफल रहे हैं। शहरों और राज्यों की उपलब्धियों को दर्शाते हुए 130 पुरस्कारों की एक विशिष्ट श्रृंखला प्रदान की जाएगी।

# सपा में फूट, भाजपा के सभी 8 प्रत्याशी विजयी

### राज्यसभा चुनाव : सपा के दो प्रत्याशी जीते, सात विधायकों ने की भाजपा के पक्ष में वोटिंग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



वोट डालने जाते उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, कई सपा विधायक भी साथ रहे।

- बसपा विधायक उमा शंकर सिंह ने भाजपा प्रत्याशी को किया वोट
- अपना दल की पल्लवी पटेल ने सपा प्रत्याशी को किया वोट, बोलीं - मैं पीडीए के साथ
- अखिलेश का आरोप-विधायकों से वोट लेने को पैकेज डील हुई

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में राज्यसभा की 10 सीटों पर भाजपा ने परचम लहराया। चुनाव में भाजपा के सभी आठों प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की जबकि सपा के तीन उम्मीदवारों में से दो ही विजयी हुए। भाजपा के विजयी प्रत्याशियों में आरपीएन सिंह, सुधांशु त्रिवेदी, चौधरी तेजवीर सिंह, साधना सिंह, अमरपाल मौर्य, संगीता बलवंत, नवीन जैन के साथ 8वें प्रत्याशी के रूप में संजय सेठ भी रहे। सपा से जया बच्चन, रामजी लाल सुमन चुनाव जीते। तीसरे प्रत्याशी आलोक रंजन हार गए। 10 सीटों पर 11 प्रत्याशी मैदान में थे।

मतदान में जमकर क्रॉस वोटिंग हुई। समाजवादी पार्टी के मुख्य सचेतक मनोज पांडेय समेत सात विधायकों ने भाजपा प्रत्याशी के लिए वोट किया। वहीं, एनडीए के घटक दल सुभासपा के एक विधायक ने सपा प्रत्याशी को वोट दिया। सपा प्रमुख ने क्रॉस वोटिंग करने वाले अपने विधायकों पर सत्तासीन दल से सौदा करने का आरोप लगाया वहीं मतदान और मतगणना के दौरान कई बार नोकझोंक की भी नौबत आई।

मतगणना के बाद परिणामों के मुताबिक भाजपा के अमरपाल मौर्य को 38, तेजवीर सिंह को 38, नवीन जैन को 38, आरपीएन सिंह को 37, साधना सिंह को 38, सुधांशु त्रिवेदी को 38 और संगीता बलवंत को 38 वोट मिले। जबकि संजय सेठ को 29 और सपा के आलोक रंजन को प्रथम वरीयता के 19 मत ही मिले। सपा के रामजी लाल 37 और जया बच्चन 41 वोट पाकर विजयी रहीं। भाजपा और सपा दोनों तरफ से महत्वपूर्ण प्रत्याशियों को मानक से अधिक वोट डलवाए गए थे ताकि जीत में कोई संशय न रहे। विधान भवन परिसर स्थित तिलक हाल में मतदान सुबह नौ से शाम चार बजे तक चला। इस दौरान कुल 395 विधायकों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। भाजपा को अपने आठवें और सपा को तीसरे प्रत्याशी को जिताने के लिए अतिरिक्त मतों की आवश्यकता थी। ऐसे में जोडतोड़ की राजनीति के बीच चुनाव में क्रास वोटिंग भी हुई। दरअसल, नामांकन के आखिरी दिन राज्यसभा के पूर्व सदस्य रहे बिल्डर संजय सेठ को आठवें प्रत्याशी के तौर पर मैदान में उतार कर भाजपा ने चुनाव को दिलचस्प बना दिया।

### हिमाचल में भाजपा के हर्ष महाजन जीते, सिंघवी हारे

**शिमला।** 'क्रॉस-वोटिंग' के बीच भाजपा उम्मीदवार हर्ष महाजन ने सत्तारूढ़ कांग्रेस के अभिषेक मनु सिंघवी को पराजित कर हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा की इकलौती सीट पर मंगलवार को जीत दर्ज की।दोनों को 34-34 मत मिले जिसके बाद महाजन को 'ड्रॉ' के जरिए विजेता घोषित किया गया। यह कांग्रेस के लिए बड़ा झटका है जिसके पास 68 सदस्यीय विधानसभा में 40 विधायक हैं और उसने निर्दलीयों का समर्थन होने का भी दावा किया है। इस परिणाम से यह स्पष्ट हो गया है कि नौ विधायकों ने भाजपा के पक्ष में मतदान किया। भाजपा ने दावा किया था कि महाजन मजबूत स्थिति में हैं क्योंकि कांग्रेस के कई विधायकों ने अंतरात्मा की आवाज पर वोट डालने की उनकी अपील पर ध्यान दिया है। अभी भाजपा के राज्य विधानसभा में 25 विधायक हैं।

### कर्नाटक में कांग्रेस ने तीन, भाजपा ने एक सीट जीती

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में राज्यसभा चुनाव में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने तीन सीट, जबकि भाजपा ने एक सीट जीती। उच्च सदन के लिए निर्वाचित हुए व्यक्तियों में अजय माकन, जीसी चंद्रशेखर और सैयद नसीर हुसैन (सभी कांग्रेस से) और भाजपा के नारायणसा के. भांडगे शामिल हैं। चुनाव में चार सीट के लिए पांच उम्मीदवार मैदान में थे, जिनमें जनता दल (सेक्युलर) के उम्मीदवार डी. कुपेंद्र रेड्डी भी शामिल थे। चुनाव में क्रॉस वोटिंग हुई। भाजपा विधायकों में से एक एसटी सोमशेखर ने कांग्रेस के अजय माकन के लिए मतदान किया, जबकि अन्य विधायक ए. शिवराम हेब्बार ने मतदान में भाग नहीं लिया।



क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायकों की अब अंतरात्मा के साथ-साथ सम्पूर्ण आत्मा की जांच क्षेत्र की जनता करेगी ताकि भटकती हुई आत्माएं हमेशा के लिए शांत हो जाएं। -**शिवपाल यादव**



हमारी तीसरी सीट सच्चे साथियों की पहचान की परीक्षा थी। ये जानने के लिए कि कौन-कौन दिल से पीडीए के साथ हैं। सुनने में तो ये आ रहा है कि पैकेज डील हुई है। - **अखिलेश यादव**



क्रॉस वोटिंग नहीं ये तो वेलकम चेंज है। मुझे तो किसी ने पैकेज नहीं दिया है। मैंने भाजपा के पक्ष में वोट किया है। मुझे तो चवन्नी भी नहीं मिली है। - **राजा भैया**



मैंने पीडीए के पक्ष में मतदान किया है। मैं सपा और अपना दल कमेरावादी की विधायक हूं। मैं अपने हक की बात करती रहूंगी, मेरा सपा नेतृत्व से कोई मनमुटाव नहीं। - **पल्लवी पटेल**



सपा के दो प्रत्याशी जीते उनको भी बधाई और उनका तीसरा प्रत्याशी हारा उसके लिए भी उनको बधाई। अखिलेश यादव के अहंकार की आज हार हुई। - **केशव प्रसाद मौर्य**

## सपा सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क का निधन



- मुरादाबाद के कांठ रोड स्थित निजी अस्पताल में चल रहा था इलाज

**मुरादाबाद।** संभल से समाजवादी पार्टी के सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क (94) का मंगलवार की सुबह निधन हो गया। मुरादाबाद के कांठ रोड स्थित एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। उनके निधन पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, बसपा सुप्रीमो मायावती, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी समेत कई राजनेताओं ने गहरा शोक जताया है।

पांच बार के सांसद बर्क संभल के अलावा मुरादाबाद जिले से भी तीन बार सांसद रह चुके हैं। वह करीब एक महीने से बीमारी के चलते अस्पताल में भर्ती थे। 21 फरवरी को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अस्पताल में पहुंचकर उनका हाल जाना था। मंगलवार को उनके निधन की खबर सुनते ही उनके परिवार व शुभचिंतकों में शोक व्याप्त हो गया।

## वैन पलटी, चार विद्यार्थियों की मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



प्रतिष्ठा मिश्रा। मुस्कान। अनुराग। अनुरूप।

- हाईस्कूल की परीक्षा देने जा रहे थे, कांट थाना क्षेत्र में हुआ हादसा

**अमृत विचार :** हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं को परीक्षा केंद्र छोड़ने जा रही ईको (वैन) का कांट क्षेत्र के जरावन में टायर फट गया जिससे ईको खाई में पलट गई। हादसे में दो छात्राओं और दो छात्रों की मौत हो गई। सात परीक्षार्थी घायल हो गए।

मंगलवार सुबह कांट के गांव बरेंडा से द्वारिका प्रसाद महर्षि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के हाईस्कूल के 11 परीक्षार्थी ईको से जैतीपुर स्थित लटूरी लाल इंटर कॉलेज गणित का पेपर देने जा रहे थे। ईको बरेंडा गांव का मुलायम चला रहा था। करीब 6:10 बजे कांट क्षेत्र के गांव जरावन में बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने अगला टायर फट गया जिससे ईको अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। चालक वैन से कूद गया जिससे उसकी तो जान बच गई, लेकिन वैन में सवार चार परीक्षार्थी कांट के गांव बरेंडा निवासी मुस्कान (16), बरेंडा के मजरा गौटिया निवासी अनुराग (14), हरीपुर की प्रतिष्ठा (15) और नगला जाजू निवासी अनुरूप (17) की मौत हो गई। गांव बरेंडा निवासी ज्योति, अवनीश, विपिन, मोहन गुप्ता, रविकांत, ध्रुव, मुलायम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए।

> मंगलवार सुबह कांट क्षेत्र में ईको का टायर फटने से घटना होने की बात सामने आई है। घायलों के बेहतर इलाज के निर्देश दिए गए हैं। चालक के शराब पीये होने की बात कही जा रही है। इस बारे में अभी पुष्टि नहीं हो पाई है। आवश्यक कार्रवाई भी किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। - **उमेश प्रताप सिंह**, जिलाधिकारी

## 15 से 31 मई तक होंगी सीयूईटी यूजी की परीक्षाएं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विश्वविद्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सीयूसीईटी)-स्नातक की परीक्षा 15 से 31 मई तक 'हाइब्रिड मोड' में प्रतिदिन दो या तीन पालियों में आयोजित की जाएगी और परीक्षा के परिणाम 30 जून को घोषित किए जाएंगे। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए इस महत्वपूर्ण परीक्षा को 13 भाषाओं में 26 विदेशी शहरों सहित 380 शहरों में आयोजित किया जाएगा। आवेदन प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हुई और 26 मार्च को समाप्त होगी।

## पंजाब-राजस्थान में 16 स्थानों पर एनआईए का छापा, छह हिरासत में

नई दिल्ली, एजेंसी



- आतंकी गठजोड़ के सिलसिले में केंद्रीय जांच एजेंसी की कार्रवाई

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने देश में आतंकवादियों एवं अन्य अपराधियों के गठजोड़ का पता लगाने के लिए मंगलवार को पंजाब और राजस्थान में कई स्थानों पर छापेमारी की और इस दौरान छह लोगों को हिरासत में लिया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। केंद्रीय एजेंसी के अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों और अन्य अपराधियों के बीच साठगांठ से संबंधित एक मामले में जारी जांच के तहत पंजाब में 14 और राजस्थान में दो स्थानों पर छापेमारी जारी है। अधिकारी ने कहा कि आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने को लेकर छह लोगों से पूछताछ की जा रही है।

वहीं, पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की एक विशेष अदालत ने चार वर्ष पूर्व राज्य में नकली भारतीय मुद्रा की जब्ती से संबंधित एक मामले में एक अन्य आरोपी को सात वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इसके साथ ही मामले में दोषियों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। संघीय एजेंसी ने बताया कि पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के रहने वाले अकरमुल को आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत पांच वर्ष के कठोर कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। यूएपीए के तहत अकरमुल को सात वर्ष के कठोर कारावास की भी सजा सुनाई गयी और उसके ऊपर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया।

## सुप्रीम कोर्ट ने पांच जिलाधिकारियों को ईडी के समक्ष पेश होने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी



- तमिलनाडु में अवैध खनन से संबंधित धन शोधन का मामला

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कथित अवैध रेत खनन को लेकर की जा रही धन शोधन जांच के संबंध में तमिलनाडु के पांच जिलाधिकारियों (डीएम) को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने ईडी के समन के खिलाफ तमिलनाडु और उसके अधिकारियों की याचिका को 'अजीब और असामान्य' बताया और पांच जिलाधिकारियों को राहत देने के मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी। मद्रास उच्च न्यायालय ने पिछले साल 28 नवंबर को केंद्रीय जांच एजेंसी द्वारा जारी समन पर रोक लगा दी थी, जिसमें उसकी ओर से जारी जांच के सिलसिले में वेल्लोर, तिरुचिरापल्ली, करूर, तंजावुर और अरियालुर के जिला अधिकारियों को पेश होने के लिए कहा गया था। ईडी ने उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ शीर्ष कोर्ट का रुख किया और कहा कि इससे जांच प्रभावित होगी।

### ईडी ने केजरीवाल को जारी किया 8वां समन

ईडी ने आबकारी नीति संबंधी कथित घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में पूछताछ के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आठवीं बार समन जारी किया है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को यहां एजेंसी के मुख्यालय में चार मार्च को आने को कहा गया है। केजरीवाल (55) इस मामले में सोमवार को ईडी के सामने पेश नहीं हुए थे। यह सातवीं बार है जब केजरीवाल ईडी के समन पर एजेंसी के सामने पेश नहीं हुए।

## अंबाला में कुछ इलाकों में मोबाइल इंटरनेट निलंबित

- दिल्ली कूच के मद्देनजर फैसला

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने किसानों के 'दिल्ली चलो' आंदोलन के मद्देनजर मंगलवार को 28 से 29 फरवरी तक अंबाला जिले में कुछ स्थानों पर मोबाइल इंटरनेट और भारी मात्रा में संदेश भेजने की सेवाएं निलंबित रखने की घोषणा की। अंबाला समेत सात जिलों में मोबाइल इंटरनेट और संदेश सेवाएं बहाल किए जाने के दो दिन बाद यह नया फैसला आया है। मंगलवार को जारी आदेश के अनुसार, अंबाला में सदर अंबाला, पंजोखेड़ा और नग्गल थाना क्षेत्रों में सेवाएं निलंबित रहेंगी।

### मिला रोजगार — डॉ. कलाम तकनीकी विवि और संबद्ध कॉलेजों के 70 से अधिक शोधार्थियों को मिले उद्यम के अवसर

## जेम पोर्टल ने तैयार की यूपी में स्टार्टअप की खेप

जीशान कदीर, लखनऊ



शोधार्थियों द्वारा तैयार इलेक्ट्रिक व्हीकल।

- केन्द्र सरकार की स्टार्टिंग यूपी योजना के तहत मिली है 2 करोड़ की धनराशि
- अलग जिलों में रहकर शुरू किया रोजगार, ऑनलाइन बाजार से बढ़ा कारोबार

**अमृत विचार :** जेम पोर्टल यानि गवर्मेंट ई मार्केट प्लेस के सहारे यूपी में छात्रों को स्टार्टअप मिला। चंद माह के भीतर 70 से अधिक जुड़े शोधार्थियों ने ऑनलाइन बाजार में बढ़त बना ली। अलग-अलग जिलों में रहने वाले युवा अब नए साथियों को जोड़कर रोजगार देने में मददगार साबित हो रहे हैं।

एमआईईटी इंक्यूबेशन सेंटर मेरठ के सीईओ रेहान अहमद बताते हैं कि सेंटर में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय लखनऊ और संबद्ध महाविद्यालयों के अलावा अन्य विद्यालयों के 70 से अधिक शोधार्थियों ने मिलकर इलेक्ट्रिक व्हीकल, साफ्टवेयर, बॉयोडायजेस्टर टैंक, मेडिकल डिवाइस, इनोवेटिव प्रोडक्ट, स्टेच्यू मेकिंग, इलेक्ट्रानिक पार्ट, इंडेक्शन सहित अन्य सामानों को बनाया है। नई तकनीक के सहारे तैयार माल ने ऑनलाइन बाजार में युवाओं को रोजगार दिया है। जिन शोधार्थियों ने उद्यम स्थापित किए हैं, वे युवाओं को कंपनी के रजिस्ट्रेशन से लेकर उसे स्थापित करने तक में मदद दे रहे हैं।

### स्टार्टिंग यूपी योजना के तहत मिला लाभ

इंक्यूबेशन सेंटर को केन्द्र सरकार की स्टार्टिंग यूपी योजना के तहत दो करोड़ की धनराशि मिल चुकी है। रेहान बताते हैं कि योजना के सहारे वे शोधार्थियों को 70 लाख रुपये की मदद दे चुके हैं।

### पिच डेक के सहारे कॉल टू एक्शन

शोधार्थियों ने पिच डेक के सहारे पूंजी जुटाई और निवेशकों से खरीदारी कर वित्तीय व्यवस्था को मजबूत किया। साथ ही व्यवसाय मॉडल को टीम की मदद से कॉल-टू-एक्शन तक रेखांकित किया जा रहा है।

# हॉकी इंडिया की सीईओ एलेना नॉर्मन का त्यागपत्र

## आरोप लगाया- लंबे समय से वेतन रोका, गुटबाजी से काम करना मुश्किल

नई दिल्ली, एजेंसी



लंबे समय तक हॉकी इंडिया की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रहीं एलेना नॉर्मन ने त्यागपत्र दे दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि लंबे समय से उनका वेतन रोका गया था तथा महासंघ में गुटबाजी से काम करना मुश्किल हो गया था।

ऑस्ट्रेलिया की नॉर्मन 13 वर्ष से यह पद संभाल रही थीं और उन्हें तीन महीने से भुगतान नहीं किया गया था। हॉकी इंडिया के नॉर्मन के पद छोड़ने के संबंध में किसी कारण का उल्लेख किए बिना इस ऑस्ट्रेलियाई ने कहा कि (वेतन से जुड़े हुए) कुछ मुद्दे थे तथा काफी पहल करने के बाद पिछले सप्ताह उन्हें मंजूरी मिली। नॉर्मन ने कहा कि हॉकी इंडिया में दो गुट हैं। एक तरफ मैं और (अध्यक्ष) दिलीप टिर्की हैं तथा दूसरी तरफ (सचिव) भोलानाथ सिंह, (कार्यकारी निदेशक) कमांडर आरके श्रीवास्तव और (कोषाध्यक्ष) शेखर जे मनोहरन हैं। दो गुटों की लड़ाई में काम करना मुश्किल हो रहा था। नॉर्मन का त्यागपत्र भारतीय महिला हॉकी टीम की मुख्य कोच यानेक शोपमैन के उस बयान के कुछ दिनों बाद आया है, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि राष्ट्रीय महासंघ उन्हें महत्व नहीं देता और उनका सम्मान नहीं करता।

### 13 साल तक एलेना नॉर्मन ने संभाला था पद

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया की निवर्तमान सीईओ एलेना नॉर्मन ने कहा कि महासंघ में जैसा माहौल बन गया था उसमें काम करना मुश्किल हो गया था और ऐसे में उनके पास त्यागपत्र देने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था। 13 साल तक यह पद संभालने के बाद नॉर्मन ने त्यागपत्र दे दिया। हॉकी इंडिया ने अपने आधिकारिक बयान में इसका कोई कारण नहीं बताया है लेकिन नॉर्मन ने उन चीजों का जिक्र किया है जिनसे उन्हें अपना पद छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा।

नॉर्मन का त्यागपत्र राष्ट्रीय महासंघ के लिए एक और झटका है। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष और पूर्व भारतीय कप्तान दिलीप टिर्की ने नॉर्मन का त्यागपत्र स्वीकार करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। टिर्की ने कहा कि न सिर्फ हॉकी इंडिया के अध्यक्ष बल्कि पूर्व खिलाड़ी और हॉकी प्रेमी होने से मैं 12-13 वर्षों में उल्लेखनीय योगदान के लिए उनका आभार व्यक्त करता हूं। नॉर्मन के सानिध्य में भारत की पुरुष और महिला हॉकी टीमों ने सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की थी। यही नहीं पुरुष टीम ने तोक्यो ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक जीतकर 41 साल के इंतजार को खत्म किया था।

# नामीबिया के लॉफ्टी-ईटन ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में 33 गेंद पर जड़ा शतक

कीर्तिपुर (नेपाल), एजेंसी



नामीबिया के यान निकोल लॉफ्टी-ईटन ने मंगलवार को त्रिकोणीय श्रृंखला के पहले मैच में नेपाल के खिलाफ 33 गेंद में शतक के साथ टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास का सबसे तेज शतक जड़ा। मध्य क्रम के बल्लेबाज लॉफ्टी-ईटन ने नेपाल के कुशाल मल्ला के 34 गेंद में शतक के रिकॉर्ड को तोड़ा।

मल्ला ने पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों के दौरान यह उपलब्धि हासिल की थी जब उनकी टीम ने मंगोलिया के खिलाफ 3 विकेट पर 314 रन का विश्व रिकॉर्ड स्कोर बनाया था। लॉफ्टी-ईटन ने सिर्फ 36 गेंद में 101 रन की पारी खेली। उन्होंने 11 चौके और 8 छक्के लगाए तथा 280.55 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 92 रन बाउंड्री से जुटाए। 22 साल के लॉफ्टी-ईटन ने अब तक 33 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय और 36 एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं। यह उनका पहला अंतर्राष्ट्रीय शतक है। लॉफ्टी-ईटन के अलावा सलामी बल्लेबाज मलान क्रूगर ने भी नाबाद 59 रन की पारी खेली, जिससे नामीबिया ने 4 विकेट पर 206 रन बनाए। नेपाल की टीम इसके जवाब में 19वें ओवर में 186 रन पर सिमट गई। दीपेंद्र सिंह ऐरी (48) नेपाल की ओर से शीर्ष स्कोरर रहे। नामीबिया की ओर से रूबेन ट्रंपलमैन ने 29 रन देकर 4 विकेट चटकाए। टूर्नामेंट की तीसरी टीम नीदरलैंड है।

## खेल डायरी

### एंडी मरे ने दुबई में जीत के बाद दिया संकेत, कुछ महीने और बचे हैं



**दुबई, एजेंसी।** तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन एंडी मरे ने दुबई टेनिस चैंपियनशिप के पहले दौर में तीन सेट में डेनिस शापोवालोव को हराने के बाद संकेत दिया कि उनके करियर के अब कुछ अंतिम महीने बचे हैं। मरे ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करत हुए शापोवालोव को 4-6, 7-6 (5), 6-3 से हराकर हार्ड कोर्ट पर 500वीं जीत दर्ज की। पहले दौर में जीत के बाद मरे ने कहा कि बेशक मुझे अब भी प्रतिस्पर्धा पेश करना पसंद है और अब भी खेल से प्यार करता हूं। लेकिन उम्र बढ़ने के साथ युवा खिलाड़ियों से प्रतिस्पर्धा करना और शरीर को फिट तथा तरोताजा रखना मुश्किल हो जाता है। संभवत: मेरे पास काफी समय नहीं बचा है लेकिन इन अंतिम महीनों में मैं जितना संभव हो सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगा। मरे पहले भी संन्यास लेने पर विचार कर चुके हैं। शापोवालोव के खिलाफ जीत साल की उनकी सिर्फ दूसरी जीत है। मरे अगले दौर में उगो हम्बर्ट और गेल मोनफिल्स के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे। ओपन युग में मरे के अलावा रोजर फेडरर (783), नोवाक जोकोविच (700), आंद्रे अगासी (592) और रफेल नडाल (518) ने हार्ड कोर्ट पर 500 से अधिक जीत दर्ज की हैं।

### रोनाल्डो के आपत्तिजनक इशारे से बवाल

**रियाद (सऊदी अरब), एजेंसी।** दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो सऊदी प्रो लीग में दर्शकों की तरफ कथित आपत्तिजनक इशारा करने से विवादों में फंस गए हैं। उनके इस व्यवहार की जांच की जा रही है। सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में रोनाल्डो को अपने कान पकड़ते हुए और बार-बार अपनी श्रोणि के पास हाथ ले जाते हुए दिखाया गया है। ऐसा लगता है कि रोनाल्डो इस तरह का आपत्तिजनक इशारा करके अपनी टीम अल नासर की प्रतिद्वंद्वी टीम अल शबाब के समर्थकों को चिढ़ा रहे हैं। यह घटना रविवार को खेले गए मैच के दौरान हुई जिसमें अल नासर ने अल शबाब को 3-2 से हराया। इस वीडियो में दर्शकों को मेसी मेसी के नारे लगाते हुए सुना जा सकता है। लियोनेल मेसी रोनाल्डो के प्रतिद्वंद्वी रहे हैं।

### मेरा लक्ष्य पैरालंपिक स्वर्ण बरकरार रखना है : प्रमोद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पांच विश्व चैंपियनशिप खिताब के लिन डैन के रिकॉर्ड की बराबरी करने वाले भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत अब पेरिस में अपना पैरालंपिक खिताब बरकरार रखना चाहते हैं और उनका इरादा 2036 खेलों में भी भाग लेने का है। बिहार में जन्मे 35 वर्ष के भगत ने रविवार को इंग्लैंड के डेनियन बेथेल को एसएल3 वर्ग के फाइनल में हराकर चीन के लिन डैन के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। पोलियो के शिकार भगत ने कहा कि ओलंपिक के बाद से मेरे अभ्यास में कमी आ गई थी और उसने भी अपने खेल पर काम किया। हमने जितने फाइनल खेले हैं, उसका दबदबा रहा है लिहाजा मेरे लिए मानसिक अवरोध पैदा हो गया था। पेरिस पैरालंपिक से पहले वह तोड़ना जरूरी था। मैं यह गलती सुधारना चाहता था जो मैने ओपन टूर्नामेंटों में की थी।

### न्यूजीलैंड के नील वैगनर ने टेस्ट से संन्यास लिया



**वेलिंगटन (न्यूजीलैंड), एजेंसी।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज नील वैगनर ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। दक्षिण अफ्रीका में जन्मे वैगनर ने न्यूजीलैंड की तरफ से 64 टेस्ट मैच खेले, जिनमें उन्होंने 37 की औसत से 260 विकेट लिए। वह न्यूजीलैंड की तरफ से टेस्ट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में पांचवें नंबर पर हैं। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच के लिए न्यूजीलैंड की टीम में जगह मिलने की संभावना नहीं थी और उन्होंने 5 दिवसीय प्रारूप से संन्यास लेने की घोषणा कर दी। वैगनर ने 2012 में टेस्ट में पदार्पण किया था तथा वह न्यूजीलैंड के सबसे सफल दौर में टीम का अहम हिस्सा रहे। उन्होंने टीम को 2022 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वैगनर ने जो 64 टेस्ट मैच खेले उनमें से न्यूजीलैंड ने 34 में जीत दर्ज की। वैगनर 2008 में दक्षिण अफ्रीका से न्यूजीलैंड आ गए थे और उन्होंने ओटैगो प्रांत की तरफ से प्रथम श्रेणी क्रिकेट में छाप छोड़ी।

# शमी के टखने का ऑपरेशन आईपीएल से बाहर होना तय

## जून में होने वाले टी-20 विश्व कप से भी रह सकते हैं बाहर



नई दिल्ली, एजेंसी

- गत वर्ष वनडे विश्व कप में भारत को फाइनल में पहुंचाने में निभाई थी अहम भूमिका
- 19 नवंबर 2023 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था अपना अंतिम मैच

भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के बाएं टखने (अकिलीज़ टेंडन) का सफल ऑपरेशन हुआ है, जिससे वह अगले महीने से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में नहीं खेल पाएंगे। इस कारण से वह जून में होने वाले टी-20 विश्व कप से भी बाहर रह सकते हैं।

इस 33 वर्षीय गेंदबाज ने पिछले साल वनडे विश्व कप में भारत को फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने भारत की तरफ से अपना अंतिम मैच 19 नवंबर 2023 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप फाइनल के रूप में खेला था। उनका सोमवार को लंदन में ऑपरेशन हुआ। शमी को फिट होने में 3 महीने का समय लग जाएगा। इससे वह 22 मार्च से 26 मई तक होने वाले आईपीएल में नहीं खेल पाएंगे। उनका जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप में खेलना भी संदिग्ध है। शमी ने सोमवार को अस्पताल से अपनी कई तस्वीरों को साझा करते हुए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, अभी मेरे अकिलीज़ टेंडन का सफल ऑपरेशन हुआ है। इससे उबरने में समय लगेगा लेकिन मैं फिर से अपने पांवों पर खड़े होने के लिए उत्सुक हूं। वनडे विश्व कप में 24 विकेट लेने वाले शमी दर्द के बावजूद इस टूर्नामेंट में खेले थे। वह टखने में विशेष इंजेक्शन लगाने के लिए जनवरी में लंदन चले गए थे। उन्हें हालांकि इससे कोई फायदा नहीं हुआ जिसके बाद उन्हें ऑपरेशन करवाना पड़ा।

इस घटनाक्रम से राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) की ओर से शमी के लिए तैयार किए रिहैबिलिटेशन कार्यक्रम पर भी सवाल उठ गया है। इस गेंदबाज के बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ अक्टूबर-नवंबर में भारत में होने वाली टेस्ट श्रृंखला से पहले वापसी की संभावना नहीं है। उनका लक्ष्य ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसकी धरती पर होने वाली टेस्ट श्रृंखला में वापसी करना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शमी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मैं आपके शीघ्र स्वस्थ होने और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं मोहम्मद शमी। मुझे विश्वास है कि आप अपने अंदर रचे बसे साहस से जल्द चोट से उबर जाएंगे।

### शमी का बाहर होना गुजरात टाइटंस के लिए झटका

शमी का आईपीएल से बाहर होना गुजरात टाइटंस के लिए करारा झटका है, जिसके ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या पहले ही मुंबई इंडियंस से जुड़ चुके हैं। शमी ने पिछले साल आईपीएल में अपनी टीम की तरफ से सर्वाधिक विकेट लेकर उसे फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। शमी को हाल में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्होंने अभी तक एक दशक के अपने करियर में टेस्ट क्रिकेट में 229, वनडे में 195 और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 24 विकेट लिए हैं।

# भारत से प्रतिस्पर्धा का मौका तक नहीं था: बेन

रांची, एजेंसी



इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि वर्तमान टेस्ट श्रृंखला में उनके पास भारत के साथ प्रतिस्पर्धा करने का मौका तक नहीं था, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने मेजबान टीम को कड़ी चुनौती दी और इसलिए उन्हें अपने खिलाड़ियों पर गर्व है। भारत ने इंग्लैंड को चौथे टेस्ट मैच में 5 विकेट से हराकर 5 मैच की श्रृंखला में 3-1 से अजेय बढ़त ले ली है। इंग्लैंड ने स्टोक्स के कप्तान और ब्रैंडन मैकुलम के मुख्य कोच बनने के बाद पहली बार कोई श्रृंखला गंवाई है। स्टोक्स ने कहा कि 3-1 अच्छा नहीं लग रहा है, लेकिन जिस तरह से हमने भारत को चुनौती दी उस पर मुझे गर्व है। उन्होंने कहा कि यहां तक कि हमारे पास भारत के साथ प्रतिस्पर्धा करने तक का मौका नहीं था, लेकिन हमने भारत को आसानी से नहीं जीतने दिया और मुझे लगता है कि वे इसे स्वीकार करेंगे।

स्टोक्स ने कहा कि यह युवा और कम अनुभवी टीम दो वर्ष से सफल रही है लेकिन भारत आना पूरी तरह से भिन्न होता है जिसका इस टीम को अभी तक अनुभव नहीं था। हमने जिस तरह से उनकी हर चुनौती का जवाब दिया उस पर मुझे वास्तव में गर्व है भले ही हमें हार का सामना करना पड़ा हो। हमारे हर खिलाड़ी ने जिस तरह से आखिर तक हार नहीं मानी, उस पर मुझे गर्व है। कोई भी खिलाड़ी किसी भी समय पीछे नहीं हटा।

### गिल-जुरेल की साझेदारी ने भारत को संभाला

इंग्लैंड ने चौथे टेस्ट मैच में एक समय अच्छी वापसी की थी। चौथे दिन 192 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत का स्कोर एक समय 5 विकेट पर 120 रन था। इसके बाद शुभमन गिल और ध्रुव जुरेल ने 72 रन की साझेदारी करके भारत को लक्ष्य तक पहुंचाया।

# डब्ल्यूपीएल संहिता के उल्लंघन में अरुंधति पर लगा 10% जुर्माना

बेंगलुरु, एजेंसी



दिल्ली कैपिटल्स की तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी पर यूपी वॉरियर्स के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

इस खिलाड़ी ने दिल्ली की यूपी के खिलाफ 9 विकेट से जीत में 1 विकेट लिया था। डब्ल्यूपीएल ने कहा कि अरुंधति रेड्डी पर यूपी के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान डब्ल्यूपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। अरुंधति ने डब्ल्यूपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.1 के अंतर्गत आने वाले लेवल एक के अपराध को स्वीकार किया है। संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के मामले में मैच रेफरी का फैसला अंतिम होता है।

# तुर्की महिला कप: उप विजेता बनीं भारतीय टीम

अलान्या (तुर्की), एजेंसी



भारतीय महिला फुटबॉल टीम का दक्षिण एशिया क्षेत्र से बाहर अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट जीतने का सपना मंगलवार को टूट गया जब तुर्की महिला कप के अंतिम राउंड रोबिन मैच में कोसोवो ने इंजरी टाइम में गोल दागकर उसे हरा दिया। कोसोवा ने एर्लेटा मेमेटी (90+2) के गोल की मदद से 1-0 से जीत दर्ज की।

कोसोवो ने 4 देशों के इस टूर्नामेंट में अपने तीनों मुकाबले जीते और 3 मैच में 9 अंक के साथ टीम शीर्ष पर रही। कोसोवो का यह लगातार दूसरा खिताब है। फीफा रैंकिंग में 65वें स्थान पर मौजूद भारत 3 मैच में 6 अंक के साथ उप विजेता रहा। टूर्नामेंट में तीसरी बार हिस्सा ले रही भारतीय महिला फुटबॉल टीम का यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारत की मनीषा कल्याण को सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर चुना गया। कोसोवो ने पिछला मुकाबला नवंबर 2022 (स्लोवेनिया के खिलाफ 1-3 की हार) में गंवाया था और भारत के खिलाफ ड्रॉ से ही उसका खिताब पक्का हो जाता लेकिन टीम ने जीत दर्ज की। भारत ने हांगकांग के खिलाफ मैच के दौरान कार्तिका अंगमुथु की जगह संगीता बासफोर को मैदान में उतारा। भारत ने शुरुआत में ध्यान कोसोवो को रोकने पर दिया। पहले हाफ में भारत की सौम्या गोगुलोथ को मौका मिला। प्यारी शाशा ने गेंद को इंदुमति कथिरेसन की ओर बढ़ाया जिन्होंने डिफेंस को छकाते हुए गेंद सौम्या की ओर बढ़ाई। सौम्या को 6 यार्ड के बॉक्स में सिर्फ जेल्जा मेहमेती को पछाड़ना था लेकिन उनका शॉट सीधे गोलकीपर के हाथ में चला गया। कोसोवो के डिफेंस पर दबाव का भारत को फायदा मिला। प्यारी ने 38वें मिनट में अच्छा मूव बनाया लेकिन डोनजेता हालिलाज ने उसे नाकाम कर दिया। मनीषा ने इसके बाद फ्री किक पर लेकन मेहमेती ने गेंद को गोल में जाने से रोक दिया।

## बॉलीवुड हलचल

# वार 2 का ऋतिक ने वीडियो किया शेयर





फिल्म 'फाइटर' के बाद ऋतिक रोशन की नई फिल्म 'वॉर 2' की शूटिंग शुरू हो चुकी है। ऐसे में खुद एक्टर ने स्टाइलिस्ट अनाइता श्रॉफ अदजानिया को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए 'वॉर 2' का बीटीएस वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया। ऋतिक रोशन ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें वह अपनी स्टाइलिस्ट के साथ चल रहे हैं और खूब मस्ती करते नजर आ रहे हैं उस वीडियो में स्टाइलिस्ट अनाइता श्रॉफ अदजानिया भी है उन्हीं को एक्टर ने विश कर लिखा- अनसुनी चीजों को पर्दे पर लाने के लिए धन्यवाद, आपका आने वाला साल सुपरसोनिक हो! प्यार। ऋतिक रोशन और स्टाइलिस्ट अनाइता श्रॉफ काफी समय से एक-दूसरे के साथ काम कर रहे हैं। वह एक्टर के लुक से शानदार जादू चलाती है। इससे पहले बैंग बैंग, वॉर और अब वॉर 2 जैसी फिल्मों में भी ऋतिक के साथ काम किया हैं।

### अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के इवेंट में हंगामा

अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ-स्टारर 'बड़े मियां छोटे मियां' साल की मचअवेटेड फिल्मों में से एक है। एक्टर सोमवार (26 फरवरी) को लखनऊ में थे जहां उन्होंने भारी भीड़ के सामने कुछ स्टंट किए। शेयर हुए एक वीडियो के मुताबिक हालात जल्द ही बेकाबू हो गए क्योंकि भीड़ ने इवेंट में हंगामा शुरू कर दिया। वीडियो में अक्षय और टाइगर को मंच पर देखा गया जहां उन्होंने लखनऊ आने पर अपनी एक्साइटमेंट के बारे में बात की। जैसे-जैसे भीड़ बढ़ती गई सिक्योरिटी के होते हुए भी भीड़ को संभालना मुश्किल हो गया। कई लोगों को सामने चप्पल फेंकते देखा गया जबकि सुरक्षा बलों ने हालात कंट्रोल करने की कोशिश की। भीड़ में से कई चप्पलें मैदान के चारों तरफ पड़ी देखी गईं। हंगामे के कारण मची अफरा-तफरी से कुछ देर के लिए प्रोग्राम रोक दिया गया। टाइगर श्रॉफ को लोकेशन पर इकट्ठा हुए फैन्स से कुछ देर इंतजार करने के लिए माफी मांगते भी देखा गया। इसके बाद उन्होंने कहा कि लखनऊ आना और वहां की एनर्जी देखना उनके लिए अब तक का सबसे 'हैरान कर देने वाला पल' था। इस इवेंट के दौरान सितारों ने कुछ हवाई स्टंट भी दिखाए।

# यामी गौतम के आगे विद्युत का एक्शन फेल



फिल्म आर्टिकल 370 का कलेक्शन वीकेंड के बाद गिरा है लेकिन इसे वीकडेज के हिसाब से बुरा नहीं कहा जाएगा। ये फिल्म विद्युत जामवाल की क्रैक पर भारी पड़ती दिख रही है। एक्ट्रेस यामी गौतम की फिल्म आर्टिकल 370 जब रिलीज हो रही थी उस दौरान लोगों का ऐसा मानना था कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा पाएगी, लेकिन इससे एकदम विपरीत होता दिख रहा है। फिल्म फैंस काफी पसंद कर रहे हैं और इसकी कमाई के ताजा आंकड़े इस बात का सबूत हैं। इसी के साथ विद्युत जामवाल की फिल्म क्रैक कमाई के लिए काफी संघर्ष कर रही है। दोनों फिल्में एक साथ ही रिलीज हुई थीं। वीकेंड के बाद यामी गौतम की फिल्म में गिरावट देखने को मिल रही है। फिल्म ने वीकेंड में काफी अच्छा कलेक्शन किया। फिल्म ने 3 दिनों में 23 करोड़ का कलेक्शन किया था। रविवार को फिल्म ने 9.6 करोड़ का कलेक्शन किया, लेकिन सोमवार को फिल्म की कमाई में गिरावट दर्ज की गई है। फिल्म ने 3.25 करोड़ का कलेक्शन चौथे दिन किया है। ये कलेक्शन भले ही रविवार की तुलना में कम है, लेकिन इसके बाद भी फिल्म के कलेक्शन को वीकडेज के हिसाब से बुरा नहीं कहा जाएगा। 4 दिनों में आर्टिकल 370 ने 26.15 करोड़ कमा लिए हैं। फिल्म की इस कमाई से यामी गौतम भी खुश नजर आ रही हैं और उन्होंने फैंस को थैंक्स कहा है। वहीं, क्रैक तो रिलीज होने के बाद से ही दर्शकों के लिए तरस रही है। फिल्म का कलेक्शन अच्छा नहीं जा रहा है। फिल्म ने वीकेंड तक 8.70 करोड़ की कमाई कर ली थी। रविवार को फिल्म सिर्फ 2.3 करोड़ कमा सकी. लेकिन सोमवार को फिल्म के कलेक्शन में भारी गिरावट देखने को मिली। बड़े स्टार्स से सजी ये फिल्म एक दिन में 1 करोड़ रुपये भी कमाने के लिए संघर्ष कर रही है। फिल्म ने सोमवार को करीब 1 करोड़ कमाए हैं। फिल्म के लिए आगे के दिन और मुश्किल होने वाले हैं। फिल्म को रफ्तार पकड़ने के लिए वीकेंड का इंतजार करना होगा।

# चाचा की नकल से अर्जुन को मिली थी फिल्म



अर्जुन कपूर बॉलीवुड में एक दशक से काम कर रहे हैं। अब वह अजय देवगन की सिंघम अगेन में बड़े रोल में नजर आएंगे। अर्जुन ने कई सारी फिल्मों में काम किया है। भले ही वे फिल्मी खानदान से आते हैं, लेकिन एक्टर को फिल्मों में आने के लिए ऑडिशन देना पड़ा था। अर्जुन कपूर की डेब्यू फिल्म इशकजादे आज तक उनके करियर की सबसे बड़ी फिल्म मानी जाती है। हाल ही में अर्जुन कपूर ने एक इंटरव्यू में इसी फिल्म और अपने करियर पर बात करते हुए बताया कि उन्हें ये फिल्म उनके चाचा अनिल 5कपूर की कॉपी करके मिली थी। दरअसल अर्जुन कपूर और रणबीर का 'कॉफी विद करण' शो का एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें अर्जुन कपूर से पूछा गया कि उन्हें ये फिल्म कैसे मिली, तो एक्टर ने इस बारे में बताया कि 'इशकजादे' फिल्म उन्हें ऑडिशन के बेस पर मिली थी। अर्जुन कपूर ने बताया कि जब वो ऑडिशन दे रहे थे, तो उन्होंने उस सीन को अपने चाचा की नकल करते हुए किया। उन्होंने अनिल कपूर की एक्टिंग की। इसके अलावा उन्होंने ये भी बताया कि उन्होंने अनिल कपूर के साथ सलमान खान की एक्टिंग भी की। प्रोड्यूसर को दोनों सुपरस्टार्स की कॉपी की गई एक्टिंग पसंद आई और उन्होंने अर्जुन को फाइनल कर लिया। इस तरह से अर्जुन कपूर को चाचा की नकल करके उनके करियर की सबसे बड़ी फिल्म मिल गई। इस फिल्म में उनके अपोजिट परिणीति चोपड़ा थीं।

### ओम शांति ओम ने बदल दी अर्जुन रामपाल की किस्मत



अर्जुन रामपाल इन दिनों क्रैक को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म ने 23 फरवरी 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक दे दी है। इस फिल्म में वो विद्युत जामवाल के साथ हैं। हाल ही में अर्जुन रामपाल ने शाहरुख खान के साथ 27 साल पहले की एक फिल्म का जिक्र किया और बताया कि कैसे उस फिल्म ने अर्जुन रामपाल की जिंदगी बदल दी थी। अर्जुन रामपाल ने अपने करियर की शुरुआत 22 साल पहले 2001 में आई फिल्म प्यार इश्क और मोहब्बत से की थी। उन्होंने इस फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू किया। उसके बाद से अब तक वो विलेन से लेकर हीरो तक कई रोल निभा चुके हैं। 2 दशक से फिल्म इंडस्ट्री में काम कर रहे अर्जुन रामपाल ने कई फिल्में की हैं, जिसमें उनके अलग-अलग तरह के रोल देखने को मिले हैं, लेकिन वो शाहरुख खान के साथ की ओम शांति ओम को अपने करियर की सबसे अहम फिल्म मानते हैं. उनका कहना है कि ये फिल्म उनके करियर में टर्निंग प्वाइंट साबित हुई। शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण स्टारर फिल्म ओम शांति ओम साल 2007 में आई। फिल्म का निर्देशन फराह खान ने किया था। इस फिल्म ने दर्शकों का दिल जीत लिया था और ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। फराह खान की इस फिल्म में अर्जुन रामपाल ने विलेन मुकेश मेहरा का रोल किया था। उनकी एक्टिंग की खूब तारीफ हुई थी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# अब कोई राजनीतिक दल नहीं दिखाता पृथक बुंदेलखंड राज्य पर गंभीरता

**भूल गए वादे**

▸▸ **कभी अलग राज्य के मुद्दे ने हिला दी थीं राजनीति की चूलें**

विकास श्रीवास्तव, चित्रकूट

**अमृत विचारः** बुंदेलखंड पृथक राज्य का मुद्दा अब राजनीतिक दलों के लिए महत्वपूर्ण नहीं रहा। राजनीतिक दलों के रुख को देखकर तो ऐसा ही लगता है। कभी राजनीतिक दलों को अपनी प्राथमिकताओं में इस मुद्दे को शामिल करने की मजबूरी हो गई थी तो अब यह चुनाव के समय में उठने वाला यह विषय मात्र बन गया है। राजनीतिज्ञों की जुबानी कहें तो इसमें अब वह गर्मी नहीं रही। नेताओं की बातों से भी नहीं लगता कि अब वे इस मुद्दे को लेकर गंभीर हैं। इसकी अलग-अलग वजहें हैं।

बुंदेलखंड पृथक राज्य के लिए आंदोलन लगभग तीन दशक पुराना है। शंकरलाल मेहरोत्रा ने 1989 में झांसी से इसका बिगुल फूंका था। बुंदेलखंड मुक्ति मोर्चा की अगुवाई में तब यह आंदोलन पूरे बुंदेलखंड में फैला और लोगों ने इसमें जमकर भागेदारी की। 94 में तो बुंदेलखंड मुक्ति हजारों कार्यकर्ताओं ने लोकसभा का घेराव तक कर दिया। मार्शलों ने इनको पीटा और सबकी गिरफ्तारी हुई। हालांकि इससे इनके मनोबल पर कोई असर नहीं हुआ। 95 में जंतरमंतर में लगभग पांच हजार उत्साही युवाओं ने फिर संसद का घेराव किया। यह अवधि आंदोलन के चरम की थी। 97 में लखनऊ में आंदोलनकारियों ने बड़ी रैली कर राजनीतिक दलों का ध्यान फिर खींचा। हालांकि इस बीच युवाओं का धैर्य भी डगमगाया और 98 में आक्रामक रूप भी आंदोलन ने अख्तयार किया। ट्रेनें रोकी गईं, गार्डों, चालकों, गेटमैनों का प्रतीकात्मक अपहरण किया गया। हजारों गिरफ्तारियां हुई। 98 में तत्कालीन भाजपा सरकार ने आंदोलन के खिलाफ सरकार का रुख कड़ा हुआ तो कार्यकर्ता भूमिगत हो गए। बुंदेलखंड पृथक राज्य आंदोलन में अब भी जुटे और मोर्चा के कार्यवाहक अध्यक्ष रह चुके भानू सहाय बताते हैं कि 99 में उग्र आंदोलनकारियों द्वारा बस जलाने के बाद शंकरलाल मेहरोत्रा पर रासुका के तहत कार्रवाई की गई और वह जेल गए थे। इसके बाद 2001 में उनका निधन हो गया था। इसके बाद धीरे धीरे इस आंदोलन का बिखराव भी शुरू हुआ। इसका नतीजा यह हुआ कि कभी इस आंदोलन को गंभीरता से लेने वाले राजनीतिक दल इस पर अगंभीर होने लगे। राजनीति की चालों में फंसकर आंदोलन की चमक खत्म होने लगी।

चुनाव के समय जरूर अब इस बुंदेलखंड के नेता इस मुद्दे को उभारकर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश करते हैं पर बाद में यह उनकी प्राथमिकताओं की सूची में अंतिम पायदान पर खिसक जाता है। यह भी सोचनीय है कि आखिरकार अब यह मुद्दा अब राजनीतिक दलों की प्राथमिकता में क्यों नहीं। बुंदेलखंड पृथक राज्य बनने के बाद क्या राज्य के इस अति पिछड़े इलाके में विकास की तेज लहर आएगी या नहीं, यह अलग बात है पर कभी राजनीति में भूचाल लाने वाले इस मुद्दे का यह हश्र क्यों हुआ, यह बात भी एक मुद्दा तो है ही।

### यह है बुंदेलखंड राज्य का खाका

बुंदेलखंड राज्य में उप्र के जालौन, झांसी, ललितपुर, चित्रकूट, हमीरपुर बांदा, महोबा के साथ मप्र के टीकमगढ़, दमोह, पन्ना, सागर, छतरपुर, दतिया जिले प्रस्तावित हैं। इसके अलावा भिंड, ग्वालियर, रायसेन और विदिशा जिलों का कुछ हिस्सा भी है। अनुमान के मुताबिक, लगभग 100 लाख की जनसंख्या इस परिक्षेत्र में निवास करती है। बुंदेलखंड का पुराना नाम जेजाकभुक्ति बताया जाता है।




### पीएमओ को सौंपा ज्ञापन

पृथक राज्य को लेकर 25 फरवरी को दिल्ली में अपनों बुंदेली उत्सव नामसे कार्यक्रम हुआ। इसके बाद राजा बुंदेला की अगुवाई में पीएमओ में एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री को नाम अपनों बुंदेली ट्रस्ट, बुंदेली सेना, बुंदेलखंड विकास परिषद, बुंदेलखंड मोर्चा, नोएडा विकास मंच व अन्य संस्थाओं की ओर से ज्ञापन दिया। इससे पूर्व बुंदेलखंड की खनिज संपदाओं का संरक्षण, पर्यटन को बढ़ावा दिए जाने, फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने, स्पोर्ट्स एकेडमी खोलने, फिल्म सिटी में बुंदेलखंड से संबंधित इकाई खोले जाने, बुंदेली भाषा को संविधान के आठवें अनुच्छेद में स्थान दिए जाने, ड्राई पोर्ट खोले जाने और जल्द से जल्द बुंदेलखंड राज्य की स्थापना की मांग की गई।

### राजा बुंदेला, भानू सहाय ने बनाए अपने संगठन

बुंदेलखंड पृथक राज्य आंदोलन जब अपने शबाब पर था तो कई लोगों ने अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा भी इस आंदोलन में देखनी शुरू कर दीं। कई संगठन बन गए और सभी अपना श्रेय लेने के लिए अपने अपने स्तर पर दावे और आंदोलन करने लगे। इससे कई की राहें अलग हो गईं। आंदोलन को धार देने के लिए भी कई तत्पर रहे। इनमें से एक थे फिल्म अभिनेता, निर्देशक राजा राजेश्वर प्रताप सिंह जूदेव उर्फ राजा बुंदेला। झांसी निवासी राजा बुंदेला ने अपना अलग संगठन बुंदेली सेना बना लिया। वर्तमान में भी वह इस संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। जिले में इसकी कमान अजीत सिंह के जिम्मे है। इसी प्रकार झांसी निवासी भानू सहाय ने भी बुंदेलखंड निर्माण मोर्चा के नाम से संगठन बना लिया। सहाय भी पृथक राज्य को लेकर सक्रिय हैं और अक्सर इस मुद्दे को उठाते रहते हैं।

### कई संगठन हैं इस आंदोलन में

पृथक बुंदेलखंड के लिए संघर्ष कर रहे लगभग एक दर्जन संगठन हैं। इनमें राजनीतिक और गैरराजनीतिक दल शामिल हैं। कुछ प्रमुख दलों में बुंदेलखंड मुक्ति मोर्चा, बुंदेलखंड विकास दल, बुंदेलखंड क्रांति दल, बुंदेलखंड लोकतांत्रिक पार्टी, बुंदेली समाज, बुंदेलखंड अधिकार मंच, बुंदेलखंड किसान यूनियन, बुंदेलखंड निर्माण मोर्चा, बुंदेलखंड नवनिर्माण सेना, बुंदेली सेना, बुंदेलखंड जनशक्ति मोर्चा और बुंदेलखंड राष्ट्रीय समिति आदि हैं।

# स्कूलों के ऊपर से दौड़ रही 'मौत', कोई तो दे ध्यान

## शिक्षकों के बताने के बाद भी नहीं हटाए जा रहे तार

**खास खबर**

हरी नारायण पांडेय, रामनगर (चित्रकूट)

**अमृत विचारः** परिषदीय स्कूलों की बिल्डिंग के ऊपर से हाईटेंशन तार गुजरे हैं। इनसे बच्चों और शिक्षकों पर खतरा मंडरा रहा है। शिक्षक इस संबंध में अधिकारियों को बता चुके हैं पर जिम्मेदार हैं कि उनको चिंता ही नहीं।

प्राथमिक विद्यालय झंडापुरवा के बाहर बिजली का खंभा लगाया जाना, इकलौता मामला नहीं जिस पर चिंता की जाए। कई स्कूल ऐसे हैं, जहां भवन के ऊपर से 'मौत' दौड़ रही है। ग्रामीण बताते हैं कि रामनगर के प्राथमिक विद्यालय मझगांव में कई साल पहले दो छात्रों की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई थी। तब इसमें शिक्षक को दोषी माना गया था और उस पर ही कार्रवाई हुई थी। संकुल भारतपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक ब्रजगोपाल मिश्र बताते हैं कि परिसर के बीच से 11 हजार वोल्ट की लाइन और बाउंड्री के ऊपर से दूसरी तार निकली है। इसकी जानकारी भी दे चुके हैं पर कुछ नहीं हुआ। इसी प्रकार उच्च प्राथमिक विद्यालय डोमनखेरा में बाउंड्री के ऊपर से हाई टेंशन तार गुजरी है। रामनगर क्षेत्र के पटियनपुरवा के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुरेंद्र कुमार बताते हैं कि परिसर के ऊपर से निकली तार को हटाने की आनलाइन शिकायत पिछले साल की थी। विभाग ने इसका निस्तारण भी कर दिया और समस्या जस की तस है। उच्च प्राथमिक विद्यालय खोह के हेडमास्टर और विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष इस संबंध में अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड को पत्र लिखकर बता चुके हैं। यहां स्कूल परिसर में लगे पेड़ों की डालें भी तारों से टकराती हैं। इस संबंध में कई जिम्मेदारों ने तो कॉल रिसीव कर अपनी बात भी कही पर एसडीओ मऊ दुर्गेश सिंह के मोबाइल पर रिंग जा रही थी लेकिन उन्होंने इसे बीच में काट दिया।


पंडरी में स्कूल परिसर में आंगनबाड़ी केंद्र भी है और परिसर में ट्रांसफार्मर भी लगा है।


प्राथमिक विद्यालय भभेंट प्रथम के ऊपर से निकले बिजली के तार।


भारतपुर के स्कूल में तार के नीचे प्रार्थना सभा में मौजूद बच्चे। अमृत विचार


पटियनपुरवा में परिसर में लगा बिजली का खंभा और बगल में लगा है हैंडपंप। अमृत विचार

### अपनी-अपनी बात, अपने-अपने दावे

"जनपद के अधिकांश विद्यालयों सहित रामनगर क्षेत्र के अधिकांश विद्यालयों के ऊपर से कहीं बिजली की एचटी तो कहीं एलटी लाइन जा रही है। कहीं कहीं विद्यालय परिसर में ट्रांसफार्मर रखा है। बिजली विभाग से लगातार पत्राचार किया गया है और अभी भी किया जा रहा है। सिर्फ भभेट विद्यालय में तार हटाने की प्रक्रिया की गई है।"
– **एनपी सिंह**, बीईओ, रामनगर

"विद्यालय से बिजली के तारों को हटाने की प्रकिया फिलहाल अभिलेखीय शुरू है। जल्द ही धरातल पर प्रगति लाई जाएगी।"
–**शिवम गुप्ता**, एसडीओ, मऊ

"शिक्षा विभाग से इस संबंध में पत्र आया है। मैं अभी हाल ही में आया हूं। जल्द ही स्टीमेट बनवाकर तारों को हटवाने की कवायद की जाएगी।"
–**मुकेश कुमार**, एक्सईएन, राजापुर

"**मेरे जानकारी में नहीं है। किसी भी विद्यालय में हाई वोल्टेज लाइन हो तो उसके बारे में मुझे व्यक्तिगत तौर पर बताएं प्राथमिकता के साथ हटाने की कवायद की जाएगी।**"
– **अरविंद कुमार**, एसडीओ, बोड़ी पोखरी

**एक नजर**

### अपहता को ढूंढकर परिजनों को सौंपा

**चित्रकूट, अमृत विचार :** ऑपरेशन मुस्कान के तहत चौकी प्रभारी सरैयां ने एक अपहता को सकुशल ढूंढ निकाला और आरोपी को गिरफ्तार किया। 20 जनवरी को एक महिला ने थाना मानिकपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि नाबालिग पुत्री को मोनू रैदास पुत्र श्रीकेशन रैदास ले गया है। पुलिस ने इसे ढूंढ निकाला। आरोपी को गिरफ्तार किया। नाबालिग को सीडब्लूसी के समक्ष परिजनों के सुपुर्द किया गया।

### गुमशुदा बच्चे को परिजनों को सौंपा

**चित्रकूट, अमृत विचार :** ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने चार घंटे के अंदर बच्चे के परिजनों को ढूंढकर सौंपा। बीते दिन महर्षि वाल्मीकि आश्रम/ असावर देवी माता मंदिर लालापुर में मेले के दौरान लगभग दो साल का बच्चा सूरज रैदास माता-पिता से बिछड़ गया था। बच्चा पुलिस को मेले में रोता हुआ मिला। पुलिसकर्मियों ने इसके पिता मनीष रैदास और मां रंजना निवासी कोपा को ढूंढकर सौंप दिया। पुलिस टीम में एसओ रैपुरा शैलेंद्र चंद्र पांडेय, एसआई रविकांत राय व दीक्षा यादव प्रथम शामिल रहीं।

### सब्जियों के बीज उपलब्ध

**चित्रकूट, अमृत विचार :** जिला उद्यान अधिकारी प्रतिभा पांडेय ने बताया है कि जायद के तहत उगाई जाने वाली सब्जियों के प्रमाणित बीज उपलब्ध हैं। जो किसान भिंडी, लोबिया, खरबूजा, लौकी, तरोई आदि लगाना चाहते हैं वे विभागीय दर पर इन्हें लेने के लिए कार्यालय में संपर्क करें।

**सार-संक्षेप**

### फिर हुई बेमौसमी बारिश, मायूस हो गए किसान

**राजापुर (चित्रकूट), अमृत विचार :** क्षेत्र में बेमौसमी बरसात से किसानों के चेहरों में मायूसी छा गई है। रबी की फसल बर्बाद होने की कगार पर है। चना, मसूर, अरहर और सरसों को ज्यादा नुकसान हुआ है। छीबो के किसान कौशल किशोर शुक्ला ने बताया कि असिंचित क्षेत्र की फसलों को काफी नुकसान है। फरवरी-मार्च में पौधे फूल देना शुरू करते हैं। बरसात से फूल गिर जाएंगे और फल कम लगेंगे। सारंगधर मिश्रा ने कहा कि गेहूं को मंगलवार को बारिश से भारी नुकसान हुआ है। मसूर में लासी लग गई है। आलू की फसल की पैदावार में 50 फीसदी का घाट किसानों को हो सकता है। बेमौसमी बरसात पर तिरहार क्षेत्र के गांव-मजरों के लोग चिंतित हैं। बताया कि मंगलवार को फिर बारिश होने से 60 फीसदी पैदावार पर असर पड़ेगा। खर्च की भी भरपाई नहीं हो पा रही।


कौशल किशोर


सारंगधर।

### सपना को जैवलिन थ्रो में मिला तीसरा स्थान

**चित्रकूट, अमृत विचार :** क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी विजय कुमार ने बताया कि लखनऊ में हुई यूपी स्टेट एनुअल जूनियर्स यू20 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में चित्रकूट की होनहार खिलाड़ी सपना देवी ने जैवलिंग थ्रो में प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया। सपना को सांसद आरके सिंह पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा सुधीर अग्रवाल, अवधेश प्रताप सिंह, फिरोज अंसारी, अख्तर हुसैन, श्यामसुंदर यादव, श्रीकेशन आदि ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



### 15 मार्च तक करें आवेदन

**चित्रकूट, अमृत विचार :** जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि विभाग द्वारा संचालित विद्यालयों में कक्षा छह से नौ तक में प्रवेश के लिए 15 मार्च तक आवेदन पत्र मांगे गए हैं। आवेदन पत्र बीएसए, डीआईओएस या बीडीओ के कार्यालयों के अलावा एनआईसी की वेबसाइट से अपलोड़ किए जा सकते हैं। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय सरधुवा, कल्चिहा तथा मानिकपुर में 27 मार्च को परीक्षा कराई जाएगी।

### शिक्षण संस्थान के निदेशक पर लगाए गंभीर आरोप

**चित्रकूट, अमृत विचार :** जिला मुख्यालय के एक प्रतिष्ठित निजी शिक्षण संस्थान के निदेशक पर दुर्व्यवहार और छेड़खानी के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। जानकारी के मुताबिक, इस पर संस्थान में कार्यरत रही एक शिक्षिका ने गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधिकारियों को शिकायती पत्र मेल किया है। बताया जाता है कि इसने पीड़ित और परेशान होकर नौकरी छोड़ दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# गोकशी-तस्करी के आरोप में 3 लोग बंदी

**कसा शिकंजा**

▸▸ **तीनों प्रयागराज के निवासी तमंचा-कारतूस व कार बरामद**

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार :** थाना बरगढ़ और एसओजी की संयुक्त टीम ने गोकशी और तस्करी के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। तीनों प्रयागराज जिले के निवासी हैं। इनसे दो तमंचा-कारतूस, छुरे, स्टील राड और बांका के साथ कूटरचित नंबर प्लेट लगी स्कार्पियो बरामद की गई है।

एसपी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि चार फरवरी को सूबेदार कोल निवासी बरगढ़ थानांतर्गत ग्राम महरजा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका और दादूलाल के दो गोवंश किसी ने ले जाकर महरजा जंगल में काटे और मांस ले गए। वहां कुछ अवशेष पड़े हैं। इस पर प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ व प्रभारी एसओजी को खुलासे की जिम्मेदारी दी गई थी। 27 फरवरी को मुखबिर से मिली सूचना पर कि घटना से सबंधित आरोपी फिर उसी ओर जाने वाले हैं, पुलिसकर्मियों ने चन्नाड की ओर जाने वाली कच्ची सड़क पर स्कार्पियो पर सवार तीन लोगों को घेराबंदी कर दबोचा। गिरफ्तार लोगों में मोहम्मद फैजान (29) पुत्र अब्दुल कय्यूम निवासी अहमदपुर असरौली थाना पूरामुफ्ती (प्रयागराज), 2. मोहम्मद नैस (25) पुत्र मोहम्मद इरफान निवासी खेद्रुवा थाना एयरपोर्ट (प्रयागराज) और सद्दाम (28) पुत्र मोहम्मद शकील निवासी मरियाडीह थाना पुरामुफ्ती (प्रयागराज) हैं। स्कार्पियो इब्राहिम पुत्र हारुन निवासी हटवा की बताई गई। कार में बाइक की नंबर प्लेट लगी थी। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने कुबूल किया कि 03/04 फरवरी को उन लोगों ने दो गोवंशों को काटा था पर एक व्यक्ति के आते हुए दिखने पर छोड़कर भाग गए थे।


आरोपियों के पास से बरामद हथियार।

## कुछ और पुलिसकर्मियों के तबादले

**चित्रकूट, अमृत विचारः** जिले में पुलिस विभाग में कुछ और तबादले किए गए हैं। जानकारी के अनुसार, हेड कांस्टेबिल शाकिर हुसेन को स्वाट टीम से पुलिस लाइन, शिवकरन को बरगढ़ से चौकी परिक्रमा मार्ग भेजा गया है। इसके अलावा कांस्टेबल राघवेंद्र सिंह को पुलिस लाइन से विशेष जांच प्रकोष्ठ, कुलदीप द्विवेदी को चौकी शिवरामपुर से मारकुंडी, प्रमोद पासवान को पुलिस लाइन से सीसीटीएनएस मानिकपुर और शशिकला को पुलिस लाइन से परिवहन शाखा से संबद्ध किया गया है। बताया जाता है कि ये पुलिसकर्मी एक ही जगह पर कई सालों से तैनात थे और इसी वजह से एसपी ने इनका तबादला किया है।

# प्रेमी के साथ मिलकर रची थी पति की हत्या की साजिश

**खुलासा**

▸▸ **पत्नी और प्रेमी के साथ दो अन्य आरोपी दबोचे गए**

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार :** अवैध संबंधों के चलते ही ग्रामीण की हत्या की गई थी। उसकी पत्नी ने अपने प्रेमी और उसके दो साथियों के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची थी। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

एसपी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि 18 फरवरी को भरतकूप अंतर्गत रसिन के मजरे फाटापुरवा निवासी रामशरण ने इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। ग्रामीण का बिस्तर से शव बरामद हुआ था और उसको गोली से मारा गया था। एसपी ने बताया कि विवेचना से इलियास खान निवासी टिकुरीपुरवा बदौसा (बांदा) का नाम सामने आया था। मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर इसे टिकुरी मोड़ से गिरफ्तार किया गया। कडाई से पूछतांछ में इसने बताया कि उसके मृतक की पत्नी से अवैध संबंध थे। कुछ महीने पहले दोनों की फोटो धोखे से फेसबुक पर पोस्ट हो गई थी। इसे फाटापुरवा के लोगों ने देखा था और महिला के पति से बता दिया था। इस पर ग्रामीण ने मारपीट की थी और पत्नी पर नजर रखने लगा था। इसका बदला लेने के लिए ही उसने दोस्तों फैजल पुत्र अमंता निवासी टिकुरी, ललित किशोर पुत्र फूलचंद्र पटेल निवासी महुराईअंश दोबरिया (बांदा) तथा अपने भाई बरकत अली के साथ उसकी हत्या की साजिश रची। इसमें विवाहिता भी शामिल थी। ललित किशोर ने देशी तमंचा और कारतूस दिए थे। 17 फरवरी को विवाहिता ने बताया था कि वह मायके में है और उसका पति घर पर अकेला है। इस पर वह फैजल के साथ फाटापुरवा पहुंचा और छत के रास्ते से अंदर घुसा। तख्त पर सो रहे ग्रामीण की कनपटी पर तमंचा रखकर फायर कर दिया और दोनों भाग गए। तमंचे को फैजल के खेत के पास झाडियों मे एक कपड़े मे लपेटकर जमीन में गाड़ दिया था। पुलिस ने ललित किशोर, बरकत के साथ विवाहिता को भी गिरफ्तार कर लिया। जब पुलिस ने इनसे पूछताछ की तो सभी ने अपना जुल्म कबूल कर लिया। आरोपियों की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह, आरक्षी सतीश यादव, शिखा उटगेरकर, एसओजी टीम के मुख्य आरक्षी जितेंद्र कुशवाहा, नितेश समाधिया, आरक्षी रोहित सिंह, ज्ञानेश मिश्रा और आशीष यादव शामिल रहे।



# सरकार की छवि को नुकसान पहुंचा रहा जेईः रुद्र प्रसाद

**चित्रकूट, अमृत विचार :** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रुद्र प्रसाद मिश्र एडवोकेट ने आरोप लगाया कि डूडा विभाग के कुछ अधिकारी और कर्मचारी सरकार की स्वच्छ छवि को नुकसान पहुंचा रहे हैं। बैठक में खास तौर पर जेई पर आरोप लगाए गए।

मंगलवार को गुलाबी गैंग की कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में उन्होंने विभाग के जेई पर जमकर निशाना साधा। कहा कि इसके खिलाफ सड़क से संसद तक लड़ाई लड़ी जाएगी। गुलाबी गैंग की अध्यक्ष संपत पाल ने कहा कि डूडा के अधिकारी-कर्मचारी अनियमितता करना बंद कर दें। अनामिका ने कहा कि जेई द्वारा नियमों को ताक पर रखकर रेवडियों की तरह अपात्रों को आवास योजना का लाभ दिया जा रहा है। जनवादी महिला समिति की संगीता वर्मा ने कहा कि इस मुद्दे को लेकर महिलाएं सड़कों पर उतरेंगी और सरकार की स्वच्छ छवि से खिलवाड़ करने वाले के खिलाफ लड़ाई लड़ेंगी। तय किया गया कि 15 दिन में अपात्रों के नाम सार्वजनिक किए जाएंगे और डीएम से इसकी शिकायत की जाएगी। डूडा के घेराव और सड़क मार्च की भी रणनीति बनाई गई। बैठक में कलावती, सोमवती, दमयंती, डोंडी, गिरजा, सुषमा, पारुल, रजनी, सोनम आदि रहे।

**बैठक** | जिला प्रभारी मंत्री ने की जिले के विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा, अफसरों को दिए निर्देश

# प्रदेश में अव्वल रहे जनपद, रैंकिंग सुधारने पर दें जोर : कश्यप

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार :** जिला प्रभारी और राज्य मंत्री पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग नरेंद्र कश्यप ने मंगलवार को जिले के विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में उनका जोर जिले की रैंकिंग सुधारने पर रहा। कहा कि सभी विभाग कोशिश करें, जिससे जिला प्रदेश की रैंकिंग में सबसे ऊपर रहे।

प्रभारी मंत्री ने इस बात पर संतोष जताया कि कई विभागों ने रैंकिंग में सुधार किया तो यह भी कहा कि कई विभागों में सुधार की गुंजाइश है। उन्होंने सेतु निगम, लोक निर्माण, जल निगम और पुलिस विभाग को केंद्र व प्रदेश सरकारों के निर्देशों के अनुपालन में अच्छा काम करने को कहा। उन्होंने कहा कि जिम्मेदारी को बखूबी निभाते हुए जनपद को विकास कार्यों में नंबर वन पर लाने का प्रयास करें। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने मंत्री को आश्वस्त किया कि वह चित्रकूट को नंबर वन पर लाने का प्रयास करेंगे। बैठक में सांसद आरके सिंह पटेल, जिपंअ अशोक जाटव, एसपी अरुण कुमार सिंह, सीडीओ अमृतपाल कौर, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, एडीएम वंदिता श्रीवास्तव, उमेश कुमार निगम, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीपीआरओ इंद्र नारायण सिंह, उप निदेशक कृषि राजकुमार, डीआईओएस एसके मिश्रा, बीएसए लव प्रकाश यादव, सीएमओ भूपेश द्विवेदी, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदोरिया, जिला पिछड़ा वर्ग अधिकारी सुनहरी लाल, एक्सईएन पीडब्लूडी प्रांतीय सत्येंद्र नाथ, प्रभागीय वनाधिकारी नरेंद्र सिंह, भाजपा जिला महामंत्री आलोक पांडेय, राजकुमार त्रिपाठी, सुरेश अनुरागी आदि अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



विकास कार्यों की समीक्षा करते प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप। अमृत विचार

### एडवांस में रखें सामग्री का स्टॉक

प्रभारी मंत्री ने बिजली आपूर्ति की जानकारी ली। अधीक्षण अभियंता विद्युत को गर्मी के मद्देनजर ट्रांसफार्मर व अन्य सामग्री एडवांस में रखने के निर्देश दिए जिससे लोगों को दिक्कत न हो।

### अभ्यर्थियों को दिए गए प्रमाण-पत्र

इस मौके पर कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना में सफल अभ्यर्थियों को को ओ लेवल ट्रिपल सी प्रमाण-पत्र भी दिए गए। इनमें वंदना सिंह, रिया देवी, अनूप कुमार, देवेंद्र कुमार, अरुण कुमार, दिलीप कुशवाहा आदि 20 छात्र-छात्राएं शामिल हैं।

## एक नजर

### पुलिस ने की अभद्रता, एसपी से शिकायत

**नरैनी :** कालिंजर कस्बा निवासी हरप्रसाद विश्वकर्मा पुत्र मइयादीन विश्वकर्मा ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि वह 43 वर्ष से एक समाचार पत्र से जुड़े हुए हैं। समाचार संकलन के लिए वे सोमवार की शाम करीब 5.30 बजे कालिंजर के रामनगर चौराहा स्थित निरीक्षण भवन के सामने कालिंजर-सतना मुख्य मार्ग पर भूसी से ओवरलोड ट्रक पलटने की फोटो लेने लगे तो कालिंजर पुलिस ने उनके और उनके नाती के साथ अभद्रता करते हुए गालीगलौज की। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई करने की मांग की है।

### अवैध तमंचा, कारतूस संग अभियुक्त गिरफ्तार

**बांदा :** थाना बिसंडा पुलिस ने एक शातिर अभियुक्त को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध शस्त्रों का संग्रहण, निर्माण व बिक्री करने वाले अभियुक्तों पर की जा रही कार्रवाई के क्रम में मंगलवार को थाना बिसंडा पुलिस ने ग्राम चौंसड़ पानी की टंकी के पास से एक शातिर अभियुक्त को अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के पास से अवैध तमंचा 315 बोर और जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया है।

# फिर आसमान से बरसी आफत किसानों के मंसूबों पर फिरा पानी

## नरैनी, जसपुरा क्षेत्र की हजारों बीघा खेती जलमग्न, ओले की मार से फसलें गिरीं

संवाददाता, नरैनी/पैलानी (बांदा)

**अमृत विचार:** बुंदेलखंड से इंद्रदेव एक बार फिर रूठ गए। मंगलवार को एक हफ्ते में दूसरी बार बरसी आफत की बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों के मंसूबों पर पानी फेर दिया। ओले की मार और बेमौसम बरसात से खेतों में खड़ी सरसों, मटर, चना और अरहर की फसल खेत पर ही पसर गई। हजारों बीघा खेती का नुकसान बताया जा रहा है। जिसे देखकर किसानों ने अपना माथा पीट लिया। किसानों की मांग है कि उनके भारी नुकसान को देखते हुए जनप्रतिनिधि और प्रशासन हल्का लेखपालों के माध्यम से सर्वे करवाए, ताकि किसानों को जल्द से जल्द उचित मुआवजा मिल सके।

बुंदेली किसानों को बीते कुछ वर्षों से लगातार नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। इस वर्ष भी जब किसान को खेतों में रबी की फसल के लिए सिंचाई की आवश्यकता थी तब पानी नहीं बरसा और अब जब खेतों में सरसों, मटर, चना और अरहर की फसल पककर तैयार होने को हैं तब कुदरत ने बारिश और ओलावृष्टि से किसानों की सारी मेहनत चौपट कर दी है। एक ही हफ्ते में लगातार दूसरी बारिश से किसानों को भारी नुकसान हुआ है।



जसपुरा क्षेत्र में गिरे ओले। अमृत विचार

- जल्द सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग
- बेमौसम बारिश और आले से किसान हुए परेशान

नरैनी क्षेत्र में मंगलवार सुबह तकरीबन 9 बजे से रुक-रुककर हो रही बारिश से सारे खेत जलमग्न हो गए। किसानों का कहना है कि यदि बारिश बंद भी हो जाए तो खेतों का पानी सूखने में ही काफी समय लग जाएगा।

तब तक सारी फसलें पानी भरे खेतों में सड़ जाएगी। उधर, जसपुरा ब्लॉक के नरौली, सोनामऊ, चंदवारा, गौरी खुर्द आदि गांवों में तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हुई, जिससे किसानों की खेत में खड़ी फसलें ओला की मार से खेतों में ही पसर गई। क्षेत्रीय किसानों की मांग है कि जनप्रतिनिधि व एसडीएम पैलानी नुकसान को संज्ञान में लेते हुए लेखपालों के जरिए सर्वे कराकर फसलों के नुकसान का उचित मुआवजा दिलवाएं।

### आकाशीय बिजली गिरी, चपेट में आए दो युवक झुलसे

नरैनी कोतवाली क्षेत्र के नसेनी गांव के मजरा गोरेपुरवा में रामऔतार (38) पुत्र मूरत निवासी गर्गनपुरवा अंश अतर्रा और आरिफ (22) पुत्र साबिर निवासी गोरेपुरवा ईंट-भट्टे में ईंट पाथने का काम करते हैं। मंगलवार को सुबह करीब साढ़े नौ बजे अचानक मौसम खराब हुआ। तेज गरज के साथ बारिश होने लगी। आरिफ और रामऔतार खेतों में बोर के पास बनी झोपड़ी में रुक गए। इसी बीच अचानक कुछ दूरी पर तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरी, जिससे आरिफ और रामऔतार बुरी तरह से झुलस गए। आसपास के खेतों पर ईंट पाथने काम कर रहे परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया।

## डंपर की टक्कर से ट्रक खलासी की मौत

**बांदा :** ओवरटेक करने के चक्कर में डंपर ने मोरम लदे ट्रक में टक्कर मार दी, जिससे ट्रक खलासी की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक चला रहा मृतक का बड़ा भाई घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बाराबंकी के लालपुर गांव निवासी हरिश्चंद्र (32) पुत्र रामकेश ट्रक चलाता है। उसका छोटा भाई राजकुमार (25) खलासी का काम करता था। सोमवार की रात वह रामपुर गिरवां से ट्रक में मोरम लादकर फतेहपुर जा रहे थे तभी पपरेंदा गांव के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने ओवरटेक करने के चक्कर में ट्रक में टक्कर मार दी। जिससे राजकुमार की मौके पर मौत हो गई। ट्रक चालक हरिश्चंद्र घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया। मौत की खबर मिलते ही घर वालों में कोहराम मच गया। मृतक आविवाहित था। वह तीन भाइयों में दूसरे नबंर का था। अचानक हुई इस घटना से मां रामादेवी समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

## सड़क हादसों में किसान समेत दो लोगों की मौत

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- फतेहगंज और कालू कुआ के पास हुई दुर्घटनाएं
- तिलक समारोह से लौट रहा था किसान, मचा कोहराम

**अमृत विचार:** दो बाइकों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इसमें एक बाइक सवार किसान की मौत हो गई और पीछे बैठा युवक घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक अन्य हादसे में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सतना जिले के चुआखेरवा गांव निवासी रामलखन पांडेय (70) पुत्र रामसनेही अपने पड़ोसी नंदकिशोर (35) के साथ बाइक में बैठकर राजाडांडी फतेहगंज साले सालिगराम के दो पुत्र संगम और अतुल के तिलक समारोह में शामिल होने गया था। सोमवार की रात कार्यक्रम निपटाने के बाद दोनों लोग बाइक से वापस गांव जा रहे थे। फतेहगंज के पास सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उनकी भिड़ंत हो गई। जिससे दो लोग घायल हो गए। उन्हें नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंच गए। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। इलाज के दौरान रामलखन पांडेय की मौत हो गई। मृतक किसानी करता था। उसके 12 बीघा जमीन है। मृतक अपने पीछे पत्नी कल्ली के अलावा तीन पुत्र दो पुत्री छोड़ गया है।

एक अन्य हादसे में गिरवां थाना क्षेत्र के बछेही गांव निवासी बबलू (28) पुत्र चंद्रभवन अतर्रा कस्बे में किराए के मकान में रहता था। वह सोमवार को अपनी मां रामदेवी व पत्नी रन्नो के साथ शहर के जवाहर नगर शादी में शामिल होने आया था। मां और पत्नी को छोड़ने के बाद बाइक से कालू कुआं जा रहा था। तभी सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजन शव लेकर गांव पहुंच गए।

घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के चाचा चंद्रपाल ने बताया कि बबलू दिल्ली में रहता था। वह एक सप्ताह पहले गांव आया था।

## पत्नी के हत्यारोपी को आजीवन कारावास की सजा, अर्थदण्ड भी

कार्यालय संवाददाता, बांदा



**अमृत विचार:** प्रभावी विवेचना एवं पैरवी के फलस्वरुप थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के महोखर में वर्ष 2019 में दहेज के लिए अपनी पत्नी को प्रताड़ित कर चाकू से गोदकर हत्या करने वाले अभियुक्त को न्यायालय से आजीवन कारावास व 83 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।

ऑपरेशन कन्विक्शन के क्रम में पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में विभिन्न अपराधों में अभियुक्तों को प्रभावी विवेचना एवं पैरवी के फलस्वरुप न्यायालय द्वारा कड़ी से कड़ी सजा दिलाए जाने के क्रम में मंगलवार को दहेज हत्या के अभियुक्त कमलेश अहिरवार पुत्र हरिदास निवासी कस्बा व थाना राजनगर जनपद छतरपुर को आजीवन कारावास की सजा से दण्डित कराया गया।

गौरतलब हो, कि अभियुक्त कमलेश अहिरवार पुत्र हरिदास निवासी कस्बा व थाना राजनगर जनपद छतरपुर अपनी पत्नी पूनम को 50 हजार रुपये व एक मोटरसाइकिल के दहेज की मांग करते हुए प्रताड़ित करता था और घटना के 6 माह पहले घर से निकाल दिया था।

अभियुक्त कमलेश 12 अक्टूबर 2019 को अपनी पत्नी के मायके महोखर थाना कोतवाली देहात आकर दहेज के लिये चाकू से गोदकर उसकी हत्या कर दी थी। इस संबंध में मृतका पूनम के पिता रामराज वर्मा निवासी महोखर थाना कोतवाली देहात की तहरीर पर थाना कोतवाली देहात पर धारा 98ए/304बी/302/34/342/506 आईपीसी व 4 डीपी एक्ट पंजीकृत किया गया था, जिसकी विवेचना तत्कालीन क्षेत्राधिकारी नगर आलोक मिश्र द्वारा करते हुए साक्ष्यों का प्रभावी संकलन कर न्यायालय में 25 नवंबर 2019 को आरोप पत्र दाखिल किया गया था। लोक अभियोजक शिवकुमार की प्रभावी पैरवी एवं कोर्ट मोहर्रिर कांस्टेबल योगेन्द्र सिंह व पैरोकार कांस्टेबल संदीप सिंह के अथक प्रयासों से अभियुक्त कमलेश अहिरवार को न्यायालय स्पेशल जज एससी/एसटी कोर्ट द्वारा आजीवन कारावास व 83 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।

## सवा दो किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बांदा:** लोकसभा चुनाव से पहले जनपद में चोरी-छिपे मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों पर पुलिस का शिकंजा कसता जा रहा है। इसीक्रम में मर्का थाना पुलिस ने तस्कर को गिरफ्तार करते हुए दो किलो से ज्यादा का गांजा बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर जनपद में अपराध और अपराधियों पर नियंत्रण लगाने तथा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध पुलिस का अभियान लगातार जारी है। इसी थाना क्षेत्र अंतर्गत जोगिनी माता चौकी प्रभारी अनुराग पांडेय और कांस्टेबिल अनिल पटेल व प्रवीण कुमार ने चरका गांव निवासी शिव सिंह पुत्र सदाशिव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार तस्कर के पास से 2.2 किलो गांजा बरामद किया।

## सूक्ष्म सिंचाई से बढ़ सकती फसलों की उपज

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय व भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग संस्थान कानपुर के संयुक्त तत्वावधान में 27 से 29 फरवरी तक तीन दिवसीय समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन (दलहन एवं तिलहन) फसल पर क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में किया जा रहा है। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के 75 जिलों के 89 कृषि विज्ञान केन्द्रों के वैज्ञानिकों को दलहन व तिलहन पर उपयोगी जानकारी व रणनीति तैयार करना है।

कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि ने वैज्ञानिकों से अनुरोध किया कि तकनीकी के गैप को कम करने के लिए कृषकों को जागरूक करना व प्रदर्शन के माध्यम से उनके अन्दर विश्वास




कार्यशाला को संबोधित करते कृषि वैज्ञानिक। अमृत विचार

पैदा करना आवश्यक है। वैज्ञानिक बीज बांटने तक ही सीमित न रहें। उत्पादकता एवं उन्नत प्रजातियों को कृषकों तक पहुंचाना हमारा प्रथम लक्ष्य होना चाहिए। भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित दलहन व तिलहन के प्रदर्शन को शत-प्रतिशत तकनीकी लाभ कृषकों तक पहुंच सके। इसके लिए प्रयास कृषि विज्ञान केन्द्र स्तर पर हो। उन्होंने कहा कि कृषि के दृष्टिकोण से यह प्रदेश महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसकी उपलब्ध जमीन का कुल 70 प्रतिशत कृषि योग्य व 87 प्रतिशत क्षेत्रफल सिंचित है। प्रदेश में देश की कुल जनसंख्या का लगभग 17 प्रतिशत लोगों को आसरा प्रदान करता है। विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार प्रो.एनके बाजपेयी ने कहा कि वैज्ञानिकों व कृषकों ने राज्य में दलहन व तिलहन पर कार्य करना अति आवश्यक है, क्योंकि

- दलहनी व तिलहनी फसलों की पैदावार को बढ़ाने पर मंथन

जैसे जैसे सिचाई का क्षेत्रफल व साधन बढ़ रहा है वैसे वैसे दलहन व तिलहन का क्षेत्रफल अनाज वाली फसलें ले रहीं हैं। ऐसे में दलहन में लघु सिचाई तकनीक का प्रयोग हमें आशातीत सफलता दे सकता है। कहा कि कभी बुन्देलखण्ड को नाम देने वाली प्रमुख फसलें मसूर व अलसी अपने अस्तित्व को खो रही हैं। स्थानीय स्तर की दशाओं अनुरूप प्रदर्शन पूर्व-दौरान व बाद में पूर्ण रूप से तकनीकियों का प्रदर्शन करें, अन्य कृषक देखकर विश्वास कर सकें। कार्यशाला के मुख्य अतिथि प्रधान वैज्ञानिक एवं पूर्व निदेशक अटारी जोधपुर डॉ.एसके सिंह विशिष्ट अतिथि प्रधान वैज्ञानिक अटारी कानपुर डॉ.राघवेन्द्र सिंह व निदेशक प्रसार चंद्रशेखर प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर डॉ.आरके यादव मौजूद थे।

## शिक्षक पर छात्राओं के साथ छेड़खानी करने का आरोप

संवाददाता, नरैनी (बांदा)

- आरोपी शिक्षक के खिलाफ पास्को समेत कई धाराओं में दर्ज किया गया मुकदमा

**अमृत विचार:** छात्राओं ने शिक्षक पर कॉपी जांचने और सवाल पूछने के बहाने बुलाकर उनके साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। उनके विरोध करने पर पिटाई करने की धमकी देता था। छात्राओं ने जब परिजनों से शिकायत की तो परिजनों ने महिला पुलिस थाना में शिक्षक के खिलाफ पास्को एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में मामला पंजीकृत करवा दिया।

मामला उत्तर प्रदेश सीमा से सटे मध्य प्रदेश के थाना धर्मपुर के एक गांव का है। महिला थाना पुलिस में परिजनों ने तहरीर देकर बताया है कि थाना क्षेत्र के एक स्कूल में दो छात्राएं कक्षा-3 में पढ़ती हैं। स्कूल में कार्यरत शिक्षक इन नाबालिक छात्राओं को कक्षा के अंदर कभी कॉपी जांचने के बहाने, तो कभी सवाल पूंछने के बहाने अपने पास बुलाकर छेड़छाड़ करता था।

## युवाओं से किया राष्ट्रहित में वोट करने का आह्वान

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन दोहराने के लिए अभी से पूरी ताकत झोंके हुए है। हाईकमान के निर्देश पर एक-एक कार्यकर्ता बांदा-चित्रकूट लोकसभा सीट में भाजपा प्रत्याशी को पांच लाख के अंतर जिताने के संकल्प पर काम कर रहा है। विभिन्न अभियानों व कार्यक्रमों के जरिए आम जनता को भाजपा के पक्ष में वोट करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मंगलवार को भाजपा बड़ोखर खुर्द के पचनेही गांव स्थित बिहारी नाथ जी मंदिर में युवा




युवा चौपाल में बोलते श्यामबाबू। अमृत विचार

चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल के मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष श्यामबाबू पाल ने युवाओं को राष्ट्र भक्ति का पाठ पढ़ाते हुए युवाओं को राष्ट्रहित में भाजपा को वोट करने का आह्वान किया। कहा कि भाजपा की मोदी-योगी सरकार लगातार युवाओं के हित में काम कर रही है और कौशल विकास के माध्यम से युवाओं को रोजगार से जोड़कर उनका जीवन स्तर सुधार रही है। उन्होंने सभी को 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार को कम से कम पांच लाख वोटों से जिता कर संसद में भेजने का संकल्प दिलाया। कहा कि डबल इंजन की सरकार हर तबके के हितों का पूरा ख्याल रख रही है और आगे भी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की नीति पर चलती रहेगी। चौपाल की अध्यक्षता भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष हिमांशु सिंह ने किया और सभी को भाजपा सरकारों की कल्याणकारी योजनाओं से रूबरू कराया।

## मंडलीय उद्योग बंधु बैठक

### आयुक्त बोले- उद्यमियों की समस्याओं को प्राथमिकता से लेकर करें काम, रोजगार योजनाओं पर भी दिए दिशा-निर्देश

# लंबित समस्याओं का जल्दी से निस्तारण करवाएं

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** आयुक्त ने सम्बन्धित अधिकारियों को निवेश मित्र पोर्टल में लम्बित यूपीएसआईडीसी एवं विद्युत संबंधी समस्याओं को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने लीड बैंक मैनेजर को मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना/प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं एक जनपद एक उत्पाद योजना की समीक्षा करते हुए योजनान्तर्गत मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में इंडियन बैंक एवं एसबीआई बैंक में लम्बित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिये। मण्डल स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि उद्यमियों की समस्याओं को प्राथमिकता पर गम्भीरता से लेते हुए निस्तारण कराएं साथ ही लाभार्थीपरक योजनाओं में लक्ष्य के



बैठक लेते आयुक्त साथ में जिलाधिकारी। अमृत विचार

अनुरूप योजनाओं का क्रियान्वयन बैंकों से समन्वय कर पूर्ण कराएं। आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय के सभागार में मण्डल स्तरीय उद्योग बन्धु की बैठक आयोजित हुई। उन्होंने क्षेत्रीय प्रबन्धक यूपीसीडा को औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ़ में रिक्त भूखण्डों के प्लाट आवंटन के सम्बन्ध में कार्यवाही कराये जाने के निर्देश दिये। आयुक्त ने भूरागढ़ में पानी की समस्या के निराकरण के लिए अधिशाषी अभियंता जलनिगम द्वारा तैयार किये गये आगणन 1.61 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को पुनः जिलाधिकारी के माध्यम से स्वीकृति के लिए पत्र प्रबन्ध निदेशक यूपी सीडा कानपुर को प्रेषित करने के निर्देश दिये। औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ़ में अराजक तत्वों पर नजर रखने के लिए क्षेत्राधिकारी पुलिस को गस्त बढ़ाने के निर्देश दिये। ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट-2023 में एमएसएमई के अन्तर्गत जीबीसी के लिए तैयार इकाइयों की जानकारी प्राप्त करते हुए शासन की प्राथमिकता के अनुसार इन इकाइयों को धरातल पर स्थापित कराये जाने के लिए उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण कर उद्योगों को मण्डल के जनपदों में शीघ्र स्थापित कराये जाने के लिए कार्यवाही करने के निर्देश दिये। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल विकास योजना के अन्तर्गत शिल्पकारों/कारीगरों की सहायता के लिए योजना संचालित है, जिसमें शिल्पकारों को पहले चरण में एक लाख रुपये तथा दूसरे चरण में दो लाख तक सहायता महज पांच फीसद ब्याज की दर का कोलरेट फ्री लोन दिया जाता है। उद्यमी रजिस्ट्रेशन कराकर लाभ प्राप्त कर सकते हैं, जिसमें उन्होंने डिजिटल लेन-देन के लिए प्रशिक्षण कराये जाने के निर्देश दिये। ग्रामीण आस्थान बांदा के उच्चीकरण के अन्तर्गत जिला औद्योगिक विकास संस्थान के उच्चीकरण्ण के लिए जिला औद्योगिक विकास समिति के मुख्य मार्ग में गेट व सौंदर्यीकरण के लिए उद्योग निदेशालय द्वारा आगणन 65.26 लाख रुपये के बजट की मांग किये जाने के निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने उद्यमियों को आश्वस्त किया कि शीघ्र ही उद्यमियों की विद्युत, पेयजल एवं अन्य समस्याओं का निस्तारण किया जायेगा। बैठक में संयुक्त आयुक्त उद्योग वीरेन्द्र कुमार, अधीक्षण अभियंता विद्युत, जीएमडीआईसी गुरुदेव मौजूद थे।

### सब स्टेशन को आज ही कराएं भूमि चयनः आयुक्त

- मंडलायुक्त ने भूरागढ़ में विद्युत सब स्टेशन की स्थापना के लिए भूमि चयन करने के लिए उद्यमियों एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों को आज ही मौके पर स्थलीय निरीक्षण कर भूमि चयन की कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को उद्यमियों से सम्बन्धित विद्युत विभाग की समस्याओं तथा 13 केवीए के स्थान पर 25 केवीए का लोड स्वीकृत किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने मे. ओम सांई इन्डस्ट्रीज एवं मे. कृष्णा एग्रो फूड्स की बैंक गारन्टी अवमुक्त किये जाने के सम्बन्ध सहायक महानिरीक्षक स्टाम्प को शीघ्र कार्रवाई किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने जीएसटी विभाग के अधिकारियों को व्यापार बन्धु की बैठक भी शीघ्र आयोजित कराये जाने को निर्देशित किया।

## सार-संक्षेप



परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते एडीएम व अपर एसपी। अमृत विचार

### एडीएम, एएसपी ने किया तीन परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

**बांदा ।** जनपद में चल रही उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए मंगलवार को अपर जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया। जनपद बांदा में चल रही 10वीं और 12वीं की परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिये की जा रही कार्यवाही के क्रम अपर जिलाधिकारी अमिताभ यादव व अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शहर क्षेत्र में आदर्श बजरंग इण्टर कॉलेज व खानकाह इण्टर कॉलेज तथा कोतवाली देहात के करबई में स्थित स्व.फरजंद अली इण्टर कॉलेज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम परीक्षा केन्द्रों पर स्ट्रांग रुम व सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया साथ ही लगाये गये पुलिस बल को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए उन्होंने केन्द्र व्यवस्थापकों से बातचीत की।

### किसान की कीटनाशक पीने से मौत, हत्या का आरोप

**बांदा :** खेत में स्थित ट्यूबवेल पर किसान ने कीटनाशक दवा पी ली, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। शव देखते ही घर वालों में कोहराम मच गया। मृतक के भाई ने जहरीला पदार्थ खिलाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मटौंध थाना क्षेत्र के त्रिवेणी गांव निवासी शिवनाथ (47) पुत्र सुक्खा किसानी करता था। वह ट्यूबवेल में मकान बनाकर रहता था। वहीं बकरी भी रखे था। सोमवार की रात पारिवारिक भतीजे शराब के नशे में झगड़ा कर रहे थे। इस पर शिवनाथ के भाई रिटायर्ड लेखपाल गफूरचंद्र ने समझा बुझाकर मामले को शांत कराया। इसके बाद गफूरचंद्र एक निमंत्रण में चला गया। भतीजे वहीं ट्यूबबेल में रुके रहे। रात को गफूर का पुत्र स्वतंत्र अपने बहनोई को स्टेशन छोड़ने के बाद ट्यूबबेल पहुंचा। देखा तो शिवनाथ चारपाई में मृत पड़ा हुआ था। जानकारी मिलते ही परिवार के अन्य लोग भी मौके पर पहुंच गए। सूचना पाकर वहां पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। भतीजों का कहना था कि मृतक शिवनाथ ने धोखे से कीटनाशक दवा पी ली, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई गफूरचंद्र का आरोप है कि शराब पीकर झगड़ा किया और शिवनाथ को जहरीला पदार्थ खिला दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता के नाम 16 बीघा जमीन है। तीन माह पहले बीमारी से पिता की भी मौत हो चुकी है। थानाध्यक्ष मटौंध रामदिनेश तिवारी ने बताया कि मृतक बकरी पाले था। उसे खांसी आ रही थी। कीट नाशक दवा और खांसी का सीरप अलग-बगल रखे थे। रात में धोखे से वह कीटनाशक पी गया। जिससे उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने भी जांच पड़ताल की।

# झमाझम बारिश ने मचाई तबाही, बर्बाद हुईं फसलें

## फाल्गुन महीने में आसाढ़ जैसी हो रही झमाझम बारिश, फसलों के गिरने से किसान हुए परेशान

कार्यालय संवाददाता महोबा


कटी पड़ी मटर की फसल में भरा पानी व


बारिश से गिरी पड़ी गेहूं की फसल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मंगलवार को झमाझम बारिश हुई। सुबह से शुरू हुई बारिश रुक- रुककर पूरे दिन होती रही। इससे खेतों में कटी फसल के सड़ने का डर किसानों को सताने लगा है। वहीं खेतों में खड़ी फसल भी काली पड़ने की संभवना बढ़ गई है। किसान एक बार फिर प्रकृति की मार से तबाह हो गया है। हालत यह है कि अब किसानों का खाद बीज और बुवाई जुताई का पैसा निकलना मुश्किल हो गया है। दिन भर बारिश होने से बर्बाद फसल को देखकर किसान माथा पीट रहे हैं। फसल बर्बाद हो जाने से अब किसानों के सामने रोजी- रोटी का संकट पैदा हो गया है।

इस साल जून जुलाई में समय से बारिश न होने के कारण खरीफ फसल की बुवाई नहीं हो सकी थी, जिससे किसानों को साल भर में मिलने वाली दो फसलों में एक फसल का नुकसान हो गया था। किसी तरह किसानों ने बैंकों और साहूकारों से कर्ज लेकर रबी फसल की बुवाई कर दी थी, लेकिन पहले ओलावृष्टि हो जाने से किसानों की 40 फीसदी से ज्यादा फसल बर्बाद हो गई। 60 फीसदी फसल घर आने की उम्मीद में किसान दिन रात मेहनत कर रहा था। कुछ किसानों ने बादल देखकर तीन दिन पहले से फसल की कटाई शुरू करा दी थी कि किसी तरह फसल घर आ जाए। मटर की 50 फीसदी कटाई हो चुकी थी, खेतों में कटी मटर पड़ी है। किसान जल्द जल्दी शेष फसल को काटने में जुटा था, लेकिन मंगलवार को सुबह से शुरू हुई बारिश देर शाम तक जारी रही। बीच में एक दो बार थोड़ी थोड़ी देर के लिए बारिश थमी और फिर शुरू हो गई, जिससे अब रबी फसल अतिवृष्टि की भेंट चढ़ गई।

बुंदेखलंड में किसान पूरी तरह से कृषि पर निर्भर है। वह साल भर तक खेतों में जी तोड़ मेहनत करके खरीफ और रबी फसल को तैयार करता है। इसी से अपने बच्चों की पढ़ाई और परवरिश करता है, लेकिन इस साल प्रकृति के रूठ जाने से किसानों के सामने आर्थिक संकट पैदा हो गया है। खरीफ के बाद रबी की फसल बेकार हो जाने से अब किसानों को कर्ज अदायगी की चिंता सता रही है। तमाम किसानों ने क्रेडिट कार्ड के जरिए बैंक से पैसा लेकर खेतों में जुताई बुवाई की थी।

### बारिश के बाद एक बार फिर बढ़ी सर्दी

इस साल एक तरफ जहां कड़ाके की सर्दी ने रिकार्ड तोड़ दिया था, वहीं दूरी तरफ इस साल सर्दी कई महीने तक रहने का नया रिकार्ड बनाने जा रही है। यही वजह है कि कुछ दिन पहले कम हुई सर्दी से गर्मी का एहसास होने लगा था, लेकिन अचानक सारा दिन हुई बारिश के बाद सर्दी ने फिर लौटकर आ गई है, जिससे अब मार्च के प्रथम सप्ताह तक सर्दी बने रहने की उम्मीद बढ़ गई है।

### किसानों के सामने आर्थिक संकट के हालात

बुंदेलखंड में आज भी किसानों की फसल आने के बाद ही ग्रामीण बेटियों की शादी करते हैं, तमाम किसानों ने इस साल भी अपनी पुत्रियों की शादी तय कर दी और फसल आने पर विवाह किए जाने के लिए तिथियां भी ले ली थी। प्रकृति से अब किसानों को अपनी बेटियों के हाथ पीले करने की चिंता सता रही है। कर्ज में पहले से डूबा किसान अब बेटियों की शादी के लिए कर्ज लेने के मूड में नहीं दिखाई दे रहा है। जिससे इस साल तमाम बेटियों के रिश्ते भी टूट सकते है। शादी की तिथियां भी बदलने के आसार दिखाई देने लगे हैं।

# जैतपुर में ओलावृष्टि से फसल गिरी

संवाददाता,जैतपुर/कुलपहाड़, महोबा


जमीन पर पड़े ओला। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बा कुलपहाड़ और जैतपुर में बारिश के साथ ओले गिरने से किसानों की फसल बर्बाद हो गई है। ओले की चपेट में आने से गेहूं की फसल भी जमीन में गिरकर बिछ गई है, जिससे उत्पादन क्षमता प्रभावित होगी, वहीं खेतों में कटी पड़ी फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई है। इससे एक बार फिर किसान कर्ज लेने के लिए मजबूर हो गया है

कस्बा जैतपुर निवासी बाबूलाल कुशवाहा, श्रीपत यादव, भारत कुशवाहा, चंद्रनारायण यादव, कल्लू कुशवाहा, हीरा अनुरागी, परमलाल कुशवाहा सहित तमाम किसानों ने बताया कि मंगलवार को सुबह से हो रही बारिश के साथ ओले गिरने से मटर, चना, मसूर और राई की फसल को भारी नुकसान हुआ है, जबकि गेहूं और जबा की फसल को 50 फीसदी नुकसान हुआ है, इससे किसान अब रोजी रोटी को मोहताज हो गया। खेतों में पानी भर जाने से कटी पड़ी फसल सड़ने लगी है। किसान के लाख जतन करने के बाद भी अब दलहनी और तिलहनी फसलों का बचना मुश्किल हो गया है। उधर कुलपहाड़ कस्बे में भी सुबह से ही तेज बारिश ने किसानों की मुश्किले बढ़ा दी हैं। हालत यह है कि किसान अब दाने दाने को मोहताज हो गया है। दूसरों को अन्न खिलाने वाला अन्नदाता इस साल खुद दाने दाने के लिए परेशान हैं। फसल की बर्बाद देख तमाम किसानों ने महानगरों की तरफ जाने का मन बना लिया है।

# पाइप लाइन सही कर दी गई, नहीं हटाई गई मिट्टी

कार्यालय संवाददाता महोबा

- ग्रामीणों ने हाईवे पर डाली गई मिट्टी को हटवाए जाने की विभाग से की मांग


हाईवे किनारे पड़ी मिट्टी।

**अमृत विचार।** उर्मिल बांध से महोबा शहर को पेयजल आपूर्ति की जाती है, जिसका शनिवार को कानपुर सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सूरा चौकी के समीप पाइप लाइन लीकेज हो गई थी, जिसको जल निगम ठेकेदार द्वारा गड्ढा खोदकर सही करा दिया गया, लेकिन खोदे गए गड्ढे से निकाली गई मिट्टी को हाईवे किनारे डाल दिया गया। मंगलवार की सुबह हुई तेज बारिश के चलते मिट्टी सड़क पर फैल गई, जिससे राहगीरों और दो पहिया वाहन चालकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही दुर्घटना का खतरा भी बना हुआ है। लोगों ने मिट्टी को अलग कराए जाने की विभाग से मांग की है।

उर्मिल बांध से श्रीनगर फिल्टर और वहां से महोबा नगरवासियों को पाइप लाइन द्वारा पेयजल आपूर्ति की जाती है। शनिवार की रात सूरा चौकी के पास पाइप लाइन फट जाने से त्योहार के दिन लोगों को पानी की सप्लाई नहीं हो सकी थी। जिससे उन्हें काफी परेशानी उठानी पड़ी और किसी तरह लोगों ने हैंडपंप, कुओं का सहारा लेकर पानी का बंदोबस्त कर लिया था। सूचना मिलने पर रविवार को जल निगम ठेकेदार द्वारा लीकेज पाइप लाइन की मरम्मत करने के लिए गड्ढा खोदा गया और पाइप सही करके पेयजल आपूर्ति बहाल कर सोमवार को महोबा शहरवासियों के नलों तक पानी पहुंचाने का काम किया गया, लेकिन ठेकेदार द्वारा खोदे गए गड्ढे से निकाली गई मिट्टी पर मंगवार की सुबह हुई तेज बारिश हुई और पानी के बहाव से मिट्टी हाईवे पर फैल गई। इससे वहां से गुजरने वाले राहगीरों और दो पहिया वाहन चालकों को संभल कर निकलना पड़ रहा है।

दिलीप कुमार, कपिल सोनी, अखिलेश वर्मा, पीयूष, पंकज कुमार सहित तमाम ग्रामीणों ने बताया कि विभाग द्वारा पाइप लाइन दुरुस्त कर पेयजल आपूर्ति को बहाल कर दिया गया, लेकिन मिट्टी पड़ी होने के कारण वहां से गुजरने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। बारिश की वजह से मिट्टी गीली हो गई है और लोग फिसल कर गिर रहे हैं।

# बटाईदारों से भी क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद

कार्यालय संवाददाता महोबा

- 2021 से बटाईदारों की खरीद पर लगा दी गई थी रोक



| विभाग का नाम | क्रय केंद्र |
|---|---|
| पीसीएफ | 34 |
| एफसीआई | 06 |
| खाद्य विभाग | 05 |

**अमृत विचार।** पहली दफा जिले में 1 मार्च से गेहूं खरीद की शुरूआत की जाएगी। हालांकि जिले में देर से गेहूं की फसल आती है, लेकिन शासन के निर्देश पर एक मार्च से जिले भर में 45 गेहूं क्रय केंद्र खोल दिए जाएंगे। गेहूं खरीद के लिए पंजीयन कार्य अभी से शुरू करा दिया गया है, अब तक 400 से ज्यादा किसानों का पंजीयन भी करा दिया गया है। इस दफा किसानों के साथ साथ बटाईदारों से भी गेहूं की खरीद की जाएगी।

15 मार्च के बाद ही गेहूं की फसल आती है, लेकिन क्रय केंद्र एक मार्च से खोल दिए जाएंगे। इसकी सारी तैयारियां विपरण विभाग ने पूरी कर ली हैं। 2021 में बटाईदारों से गेहूं खरीद बंद कर दी गई थी, सिर्फ किसानों से माल खरीदा जाता था। इस साल शासन के निर्देश पर पुनः बटाईदारों से भी गेहूं खरीद की जाएगी। इस निर्णय से साल भर तक दूसरो की खेती बटाई पर लेकर फसल उगाने वाले बटाईदार भी अब खुश हैं। गेहूं क्रय केंद्रों पर पानी छाया की व्यवस्था किए जाने के साथ साथ पशुओं के लिए भी छाया की व्यवस्था की जा रही है।

जिला खाद्य विपरण अधिकारी रामकिशन पांडेय ने बताया कि पूर्व में एक अप्रैल से गेहूं खरीद क्रय खोले जाते थे, लेकिन अब शासन ने एक मार्च से गेहूं खरीद क्रय खोले जाने के निर्देश जारी कर दिए गए है, जिसके तहत खाद्य विपरण विभाग क्रय केंद्र खोलने की तैयारी में जुटा हुआ है, जबकि पंजीयन का कार्य शुरु करा दिया गया है। पंजीयन कराने के लिए किसानों की अच्छी खासी भीड़ जुट रही है, अब तक 400 से ज्यादा किसानों का पंजीयन करा दिया गया है।

# महिला ने दबंग के खिलाफ दी तहरीर

**महोबा।** ग्राम नगाराघाट में एक महिला के घर पर दबंगों द्वारा आए दिन गाली गलौज और जानमाल की धमकी दिए जाऐ से परेशान पीड़िता ने पुलिस चौकी में शिकायती पत्र देकर दबंग के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है। थाना पनवाड़ी अंतर्गत ग्राम नगाराघाट निवासी पानकुवंर पत्नी वीरेंद्र ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि गांव के एक दबंग मेरे घर आया और गाली गलौज करने लगा, विरोध करने पर वह मारपीट पर आमादा हो गया, शोर शराबा सुन ग्रामीणों को पास आते देख दबंग जान से मारने की धमकी देकर भाग गए और आएदिन घर के बाहर आकर गाली गलौज कर धमकी देता रहता है। पीड़िता ने पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है।

# जन सुनवाई : पुलिस पर बढ़ता है पीड़ित का भरोसा

कार्यालय संवाददाता महोबा


फरियादी की शिकायत सुनती एसपी। अमृत विचार

- एसपी ने समस्याओं के समाधान दिए जांच के निर्देश

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा पुलिस कार्यालय में पीड़ितों की समस्याओं का निस्तारण कराए जाने को लेकर जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। जन सुनवाई के तहत एसपी के समक्ष आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुना जा रहा है और कुछ समस्याओं का संबन्धित थाना, कोतवाली प्रभारियों और अन्य अधिकारियों को न्यायोचित जांच कर निस्तारण के निर्देश दिए जा रहे हैं। जन सुनवाई कार्यक्रम से प्रति पुलिस की कार्यप्रणाली पर जिले वासियों का भरोसा और अधिक बढ़ता जा रहा है। पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया और उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में मौके पर जाकर शिकायतों का तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया साथ ही शिकायतकर्ता से समय- समय पर समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने के भी निर्देश दिये गये।

पुलिस अधीक्षक ने सभी थानों को सचेत किया कि जनसुनवाई, महिला हेल्पडेस्क, मुख्यमंत्री पोर्टल को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि शिकायतकर्ता को अनावश्यक रूप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो साथ ही सभी प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष को यह भी निर्देश दिये गये कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है।

उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। एसपी ने कहा कि कार्यालय में बैठकर जनता की शिकायतों को सुने और शिकायतों का निस्तारण करने के लिए मौके पर जाकर ही हकीकत के आधार पर निष्पक्ष जांच करके ही रिपोर्ट लगाकर निस्तारण करें न की फर्जी रिपोर्ट लगाकर शिकायत का निस्तारण दिखाया जाएं।

# मास्टर ऑफ आर्ट्स के छात्रों को मिले टैबलेट

संवाददाता,महोबा

**अमृत विचार।** सरकार द्वारा छात्र छात्राओं को निःशुल्क टैबलेट वितरण किए जा रहे हैं। जिसके तहत रोशन सिंह बदन सिंह गायत्री महाविद्यालय कबरई केक एमए फाइनल के छात्र छात्राओं को एक कार्यक्रम के तहत टेबलेट का वितरण किया गया। मुफ्त टैबलेट पाकर छात्र छात्राओं के चेहरे खुशी से खिले नजर आए। महाविद्यालय प्राचार्य डा. ज्ञान सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा छात्र- छात्राओं को टैबलेट दिए जा रहे है, जिसका वह उपयोग करते हुए पढ़ाई के बावत ज्ञान अर्जित करें, न की ऑनलाइन दुनिया में खोकर अपने लक्ष्य को भूल जाएं। टैबलेट विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन जानकारी पाने का एक सशक्त माध्यम है, इस माध्यम से वह अपने ज्ञान को और अधिक बढ़ाकर कामयाब बन सकते हैं। इस मौके पर प्रोफेसर आदित्य प्रकाश खरे, मीनाक्षी विश्वकर्मा, शबीना बानो, अनुराधा प्रजापति, पूनम सिंह, कार्यालय प्रमुख कल्याण सिंह, संदीप कुमार आदि रहे।

# बोर्ड परीक्षा: 561 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता महोबा


बोर्ड परीक्षा देकर केंद्र से बाहर आते परीक्षार्थी। अमृत विचार

- केंद्रों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कराई जा रही परीक्षा

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संचालित की जा रही है। मंगलवार को संपन्न हुई हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में 561 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा केंद्रों पर कड़े पहरे के बीच परीक्षा संपन्न कराई जा रही है, जिसके चलते तैयारी करके परीक्षा न देने वाले परीक्षार्थी डर के चलते परीक्षा से किनारा कर रहे हैं। नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने में जिला प्रशासन द्वारा कड़ी निगरानी की जा रही है। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा के मंगलवार की सुबह की पहली पाली में 8:30 बजे से 11:45 बजे परीक्षा चली। पहली पाली में हाईस्कूल का गणित का पेपर में पंजीकृत 8362 परीक्षार्थियों में 7899 ने परीक्षा दी, जबकि 463 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। पहली पाली में इंटरमीडिएट के खाद्य एवं फल संरक्षण विषय के पेपर में 312 पंजीकृत परीक्षार्थियों में 283 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 29 परीक्षार्थियों ने परीक्षा नहीं दी। दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2 बजे से 5 बजे समाप्त हुई। दूसरी पाली में हाईस्कूल का व्यवसायिक अध्ययन विषय से संबन्धित रहा, जिसमें पंजीकृत 40 में से 37 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 3 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। दूसरी पाली के इंटरमीडिएट के गृहविज्ञान विषय के 1772 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 1706 उपस्थित रहे, जबकि 66 परीक्षार्थियों परीक्षा में सम्मलित नहीं हुए। कुल 561 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।

मंगलवार को परीक्षा केंद्रों में परीक्षा संपन्न कराने से पहले परीक्षार्थियों की कक्ष निरीक्षकों ने गेट पर तलाशी लेने के बाद उन्हें परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया। बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी में लगे कक्ष निरीक्षकों की सख्ती के चलते कक्षों में कोई भी नकलची नकल करने का सहास नहीं जुटा सका, इतना ही नहीं उड़नदस्तों द्वारा एक के बाद एक परीक्षा केंद्र पर दस्तक देने से परीक्षार्थी नकल करने से सहमे रहे। इसके अलावा जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों द्वारा समय समय पर परीक्षा केंद्रों पर जाकर नकल विहीन और शांतिपूर्ण तरीके से चल रही परीक्षा का जायजा लिया गया। जिन केंद्रों में सीसी टीवी कैंमरों के बीच परीक्षा कराई जा रही है।

# डीएवी के पूर्व अध्यक्ष के निधन पर शोक

**महोबा।** डीएवी इंटर कालेज महोबा के पूर्व अध्यक्ष घनश्याम दत्त शुक्ला का बीमारी के चलते निधन हो गया। वह 98 वर्ष के थे, उनके निधन की खबर फैलते ही शहर में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन पर बजरंग चौक पर डीएबी इंटर कालेज के पूर्व प्रधानाचार्य शिवकुमार गोस्वामी ने शोकसभा कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उनके निधन पर दुख व्यक्त करते हुए सभी ने दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। रामलाल रिछारिया, रामकिशुन मिश्रा, पं. जगप्रसाद तिवारी, डा. रामकुमार सिंह रहे।

**अभियान** | विकसिक भारत संकल्प यात्रा के द्वितीय चरण में निकाय क्षेत्र में किया जा रहा प्रचार

# मोदी- योगी सरकार की उपलब्धियां बताईं

कार्यालय संवाददाता महोबा



भारत संकल्प यात्रा वैन के पास योजनाओं के बावत पोस्टर दिखाते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विकसिक भारत संकल्प यात्रा के द्वितीय चरण में सभी पांच निकायों में जिले के आठ स्थानों पर वैन के माध्यम से सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार किया। लाभार्थियों को लाभ पहुंचाने के लिए कैंप लगाए गए। कैंप में योजनाओं की जानकारी के लिए पत्रक, बुकलेट और कैलेंडर आदि का भी वितरण कराया गया, साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर पात्र लोगों के विभिन्न योजनाओं के फार्म भरवाए गए।

केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत प्रधानमंत्री अवास योजना, पीएम स्वनिधि योजना, आयुष्मान कार्ड योजना, उज्ज्वला योजना का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए जिला मुख्यालय में वैन के माध्यम प्रसारण कर योजनाओं के बारे मे उपस्थित जनसमूह को जानकारी दी गई। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष संतोष चौरसिया द्वारा लाभार्थियों को टीशर्ट और कैप आदि वितरित किए गए। शहर के बाल्मीकि चौराहा पर लगाए गए कैंप में पीएम उज्ज्वला योजना की लाभार्थी महिलाओं को गैस चूल्हा आदि वितरित किए गए। कैंप में विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए, जहां पहुंचने वाले पात्र लाभार्थियों के आदेवन पत्र भराए गए। आयुष्मान कार्ड योजना के लाभार्थियों के कार्ड निर्गत करने के लिए मौके पर आधारकार्ड के माध्यम से उनकी पात्रता के आधार पर बनाए गए। अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार ने बताया कि मुख्यालय में पालिका परिषद महोबा ने हवेली दरवाजा मैदान, फतेहपुर बजरिया, सुभाष चौक में यात्रा वैन के जरिए कैंप लगाए गए। स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के जिला कार्यक्रम प्रबंधक जन्मेजय सिंह ने बताया कि इसके अतिरिक्त विकसित भारत संकल्प यात्रा के कैंप नगर बस स्टैंड, नगर पंचायत कुलपहाड़ में गांधी वार्ड चौधरी तालाब के पास, नगर पंचायत कबरई में कलशाह बाबा धाम राजेंद्र नगर में तथा नगर पंचायत खरेला में शनिचरी बाजार वार्ड सदराय में कैंप लगवाए गए। भारी संख्या में पात्र लाभार्थियों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के फार्म भरवाए।

# बिजली गिरने से चार भैंसो की मौत

**महोबा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम विजयनगर में खेत में बने टपरे में बंधी चार भैंस भूसा खा रही थी दोपहर बाद करीब 3 बजे बिजली टपरे में गिरने से एक किसान की चार भैंसों की मौत हो गई।इस घटना से मृतक किसान के घर में गम का माहौल बना हुआ है। भैंसों की मौत हो जाने से अब किसान को अपने बच्चों के पालन पोषण और शिक्षा दिलाने की चिंता सता रही है।

ग्राम बिजयनगर निवासी कंधी पाल पुत्र कलियां पाल चार भैंस पाले हुए था। भैंसों का दूध बेचकर वह पशुओं के खान-पान के इंतजाम के साथ-साथ परिवार के लोगों का भरण पोषण करता था। इसी पैसे से बच्चों की पढ़ाई और शादी ब्याह का इंतजाम भी करता था किसान भैंसों की स्वयं सेवा करता था सुबह शाम दूध निकालने के बाद महोबा शहर में आकर दूध बेचता था जिससे उसका घर चल रहा था।

# 31 साल बाद घर भाई के लौटने पर परिजनों में जश्न का माहौल

संवाददाता,पनवाड़ी महोबा


पुलिस के साथ खड़े कमलेश व परिजन। अमृत विचार

- मुजफ्फरनगर के एक आश्रम में बिताई जवानी, बुढ़ापे में आई घर की याद

**अमृत विचार।** विकासखंड पनवाड़ी के ग्राम बैंदो से 31 साल पहले भागे कमलेश तिवारी की अचानक घर वापसी से दोनों बड़े भाई और गांव के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। उन्हे थाने लाया गया और पुलिस को जानकारी दी। थाना प्रभारी निरीक्षक एके मिश्रा व हल्का इंचार्ज एसआई केपी मिश्रा ने परिजनों के हवाले किया।

मालूम हो कि बैदो निवासी स्व. मोतीलाल तिवारी के तीन पुत्र हैं। सबसे बड़े पुत्र संतोष,अशोक व सबसे छोटे पुत्र कमलेश तिवारी है। दोनो बड़े पुत्र शादीशुदा है तथा सबसे छोटे अविवाहित थे। वर्ष 1992 में कमलेश घर से भाग गए थे। परिजनों ने खोजबीन की,पता न चलने पर थाना में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। उधर बेटे के गायब होने पर माता मान व पिता मोतीलाल चिंतित रहते थे और इसी सदमा में वर्ष 2008 में मां की मौत हो गई थी तथा पिता का वर्ष 2018 में स्वर्गवास गया था। इसके बाद भी कमलेश घर नहीं आया और न कोई जानकारी हुई। बुजुर्ग हालत में घर के दरवाजे पर कमलेश को देखकर दोनों भाई संतोष,अशोक पहचान नहीं पाए,आवाज सुनते ही दोनों भाई गले से लिपट गए और उसे थाना पनवाड़ी लाए और जानकारी दी। पुलिस ने अधिकृत रूप से परिजनों को सुपुर्द कर दिया। इस दौरान महेश नायक,मनोज तिवारी, मानिक, राजू,बबलू आदि ने स्वागत किया।

## एक नजर

### राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय में प्रवेश परीक्षा 23 को

**हमीरपुर।** जिला समाज कल्याण अधिकारी रामशंकर पटेल ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा सुमेरपुर विकास खंड के दरियापुर ग्राम स्थित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय में शैक्षिक वर्ष 2024-25 में कक्षा छह, सात, आठ नौ एवं कक्षा 11 (केवल जीव विज्ञान) में रिक्त स्थानों में प्रवेश के लिए आगामी 23 मार्च को प्रवेश परीक्षा संपन्न होगी। जिसमें जनपद के गरीबी रेखा से नीचे निवास करने वाले ऐसे अभिभावक जो छात्रों को उक्त संस्था में प्रवेश दिलाना चाहते है, तो किसी भी कार्य दिवस में विद्यालय एवं सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सम्पर्क स्थापित कर प्रवेश फार्म प्राप्त कर औपचारिकताएं पूर्ण कराकर 15 मार्च तक राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि विद्यालय में शिक्षा, आवास, भोजन, चिकित्सा आदि की व्यवस्था नि:शुल्क है।

### देव कुमार बने जेई

**हमीरपुर।** मौदहा क्षेत्र के गांव कुनेहटा के रामजीवन यादव के पुत्र देव कुमार का पिछले दिनों उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ से सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में अवर अभियंता (सिविल) पद पर चयन हो गया। उनकी नियुक्ति पर ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया। देव कुमार को सिंचाई खंड ललितपुर में नियुक्त किया गया है। उन्हें गत 25 फरवरी को माननीय जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने तेलीबाग स्थित परिकल्प भवन में नियुक्ति पत्र सौंपा था। गौरतलब हो कि देव कुमार अभी तक जनपद के पंचायती राज विभाग में कास्टिंग इंजीनियर के रूप में कार्यरत थे।

# मौसम ने ली करवट, किसानों की बढ़ी चिंता

## बारिश से पकी व कट के खेत या खलिहान में रखी फसल हो चुकी है बर्बाद, और बारिश हुई तो ज्यादा नुकसान

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** सोमवार को मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। मंगलवार को जिले के कई स्थानों पर बारिश ने दस्तक दे दी। बारिश होने से पकी व कटी पड़ी फसलों के बर्बाद होने से किसान परेशान हैं।

रबी अभियान में 1.39 लाख हेक्टेयर जमीन पर दलहनी व तिलहनी फसलें बोई गई हैं। पहली बारिश के बीच तमाम किसान दलहनी फसलों में स्प्रिंकलर सेट के जरिए सिंचाई कर चुके थे। इनके सिंचाई करते ही बारिश हो गई। जिससे फसलें पीली पड़ गई। तब किसी तरह किसानों ने फसल बचाने के लिए उर्वरक का सहारा लिया। वहीं मौसम साफ होने से फसलों को संजीवनी मिली। देखा जाए तो रबी सीजन में अभी तक चार बार बारिश हुई है। इधर पिछले 20 फरवरी को तेज तूफान के साथ



बारिश के चलते लेटी मटर की फसल। अमृत विचार

बारिश और ओलावृष्टि से प्रभावित हुई फसलों को बचाने के किसान जुगत लगा रहा है। खेतों में कटी पड़ी सरसों व मटर की फसलों को धूप निकलने पर पलटकर सुखाने में जुटे रहा, लेकिन मंगलवार को मौसम की पलटी ने एक बार फिर उन्हें बेचैन कर दिया है। सुबह बादलों की गड़गड़ाहट से अचानक बदले मौसम के बीच की स्थानों पर बूंदाबांदी व बारिश शुरू हो गई। पिछले 20 फरवरी को कुदरत के कहर से जिले के करीब 88 गांवों में तबाही मची थी। इसमें किसानों की ओलावृष्टि से 90 फीसदी से ज्यादा फसलें नष्ट हो चुकी हैं।

किसान इस तबाही से उबर नहीं पाया है। बादलों की गड़गड़ाहट से किसानों का दिल बैठता जा रहा है। उनके चेहरों की मुस्कान गायब है। वह किसी अनहोनी की आशंका से भयभीत नजर आ रहे हैं।

### बारिश के चलते किसानों ने बंद की मटर की कटाई



खेतों में पड़े मटर की फसल को समेटते किसान।

**कुरारा(हमीरपुर)।** क्षेत्र में मंगलवार को बे मौसम बरसात होने से किसानों के मटर की कटाई का कार्य बंद करना पड़ा। मंगलवार को बिगड़े मौसम के मिजाज के चलते बे मौसम बरसात होने पर किसानों मटर कटाई का कार्य बंद कर दिया। पारा गांव निवासी किसान सत्यम तिवारी ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व तेज तूफान के साथ बारिश, ओला गिरने से मटर की फसल प्रभावित हुई थी। जिससे किसानों ने मटर की कटाई का कार्य युद्ध स्तर से शुरू किया था। वही मंगलवार को बरसात होने से खेतों में कटा पड़ा मटर भीग जाने से काला होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। साथ ही कटाई कार्य बंद करना पड़ा। जिससे किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें आ गई हैं। हर सप्ताह मौसम की बदलते मिजाज से किसान खासे परेशान हो रहे हैं।

# सुमेरपुर क्षेत्र में बारिश के साथ गिरे ओले

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

- आधा दर्जन पंचायतों व मजरों में बारिश के साथ गिरे ओले

**अमृत विचार।** कुदरत की मार से किसान बेहाल हैं। मंगलवार को बारिश हुई और ओले गिरे। सुबह बारिश के साथ ओले गिरने से ब्लॉक क्षेत्र के पूर्वी दिशा की आधा दर्जन से ज्यादा पंचायतों एवं मजरों में किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। ब्लॉक क्षेत्र के सभी गांवों में बारिश से खेतों में कटी पड़ी मटर, मसूर, सरसों की फसलों में नुकसान होने का अंदेशा है। कुदरत के इस कहर से किसान चीत्कार कर उठा है।

20 फरवरी की शाम 5 बजे कुदरत ने जमकर कहर बरपाते हुए ब्लॉक क्षेत्र के 40 गांवों व मजरों में तबाही मचाई थी। किसान अभी इस तबाही से उबर भी नहीं पाया था कि इसी बीच इस मंगलवार को भी सुबह 9 बजे ब्लॉक में बारिश हुई। ब्लॉक के पूर्वी क्षेत्र के ग्राम मिहुना, बदनपुर, गौरी, अतरैया, अतरैया डेरा, मौहर, धुंधपुर, कैथी, जुजुवा डेरा आदि में बारिश के साथ ओले गिरने से फसलों को भारी नुकसान हुआ है। कुदरत का यह कहर देखकर किसान छाती पीटने को मजबूर हैं। किसानों ने कहा है कि बारिश से सभी फसलों में नुकसान होना तय है। सर्वाधिक असर खेतों में कटी पड़ी मटर, मसूर, सरसों की फसलों पर पड़ेगा। किसान इसी आशंका से परेशान हो उठा है।



सुमेरपुर क्षेत्र के गांवों में बारिश के साथ गिरे ओले। अमृत विचार

## सार-संक्षेप



बाबा की चादर में उमड़ा जनसैलाब। अमृत विचार

### उर्स में उमड़ा अकीदतमंदों का सैलाब

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बे के मोहल्ला हैदरिया बड़ा कसौड़ा स्थित हजरत ताजुद्दीन बाबा रह.के उर्स के दूसरे दिन अकीदतमंदों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। उर्स में सोमवार की रात मजार पर शानदार नातिया मुशायरे का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्रीय और बाहरी शायरों ने शानदार कलामों से महफिल में वाहवाही लूटी। वहीं मंगलवार की सुबह मजार पर कुरआन ख्वानी और दस बजे दिन से लंगर का आयोजन किया गया। इसमें हजारों की संख्या में लोगों ने लंगर का आनंद लिया। वहीं बाद नमाज असर चादरपोशी की गई। जो कस्बे की मुख्य सड़कों से कव्वालियों के साथ होती हुई मजार पर पहुंचीं, वहीं बाद नमाज इशा शानदार कव्वालियों के प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रसिद्ध कव्वाल असलम निजामी, मुईन निजामी सहित क्षेत्रीय कव्वालों की कव्वालियां होंगी। उर्स कमेटी में सददाम चौधरी, मजहर हुसैन, नूरुद्दीन मसूदी,दादू भाई,इनाम शाहीद सहित मोहल्ले की जूनियर कमेटी का भरपूर सहयोग रहा। वहीं बुधवार को कुल की फातिहा के साथ तीन दिवसीय उर्स का समापन होगा।

### 14 में 13 ग्राम पंचायतें हुई क्षय रोग मुक्त: सीएमओ

**हमीरपुर।** देश को क्षय रोग की बीमारी से मुक्त करने के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन 2025 के लक्ष्य में 14 चयनित ग्राम पंचायतों में से 13 ग्राम पंचायतों ने क्षय रोग मुक्त दावे को हासिल किया है। केन्द्र सरकार की योजना अन्तर्गत जनपद पर नामित सत्यापन समिति द्वारा भौतिक सत्यापन कर इन पंचायतों को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत घोषित कर दिया है। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन के मामले में सामने आयी पहली कामयाबी का खुलासा सीएमओ डॉ.गीतम सिंह एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ.बीपी सिंह ने किया। उन्होंने बताया कि जिसमें ब्लॉक कुरारा में टोडरपुर, सुमेरपुर में चन्दौखी, मौदहा में सिजनौडा, और भैसता, मुस्करा में भुगैचा और भुजपुर, राठ में बरदा और सिकरौधा, सरीला में बधौली और तुरना एवं गोहांड में जमखरी, लींगा और बीरा ग्राम पंचायते टीबी मुक्त ग्राम पंचायत घोषित हुई। क्षय रोग को खत्म करने के प्रयास सफल होने पर जिले की 13 ग्राम पंचायतो को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत रखने का ब्यौरा शासन को जिलाधिकारी के माध्यम से भेज दिया है।

# चार्जशीट लगाने में तत्परता दिखाएं

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम की अध्यक्षता में किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 107 के अन्तर्गत गठित विशेष किशोर पुलिस इकाई की मासिक समीक्षा बैठक रिजर्व पुलिस लाइन सभागार कक्ष में की। बैठक में मुख्य बिन्दु बाल श्रम, भिक्षावृत्ति की रोकथाम, बाल विवाह रोकथाम व पॉक्सो एक्ट के मामलों में आरोप पत्र प्रेषित करते समय फार्म ए तथा बी को भरने के दिशा निर्देशों का पालन करने पर बल दिया गया। साथ ही जनपद में चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेस 4 के संबंध में चर्चा तथा गुमशुदा बच्चों के पंजीकृत व लंबित मामलों व पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत पंजीकृत अभियोगों



किशोर पुलिस इकाई की समीक्षा बैठक लेते एएसपी। अमृत विचार

पर चर्चा व जेजे एक्ट से संबंधित आदेश निर्देश एवं जागरुकता के अभियान चलाने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में एएचटीयू व एसजेपीयू, महिला सेल में नियुक्त अधिकारी /कर्मचारी, समस्त थानो में नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारी/ सहायक बाल कल्याण पुलिस अधिकारी, सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, वन स्टॉप सेंटर तथा जन साहस केंद्र (एनजीओ) के सदस्य उपस्थित रहे।

# नर्वदेश्वर आश्रम की भूमि पर कब्जा, रोका

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

- अदालत के आदेश तक कायम रखें यथास्थिति

**अमृत विचार।** कस्बे के स्टेशन मार्ग स्थित नर्वदेश्वर आश्रम की जमीन पर निर्माण सामग्री पहुंचकर निर्माण की जुगत में लगे एक पक्ष को पुलिस ने शिकायत के बाद अदालत के आदेश आने तक निर्माण न कराने की सख्त हिदायत दी है। विपक्षी के निर्माण कराने के मंसूबों पर पानी फिर गया है।

कस्बे के चांद थोक निवासी विजय गुप्ता ने पुलिस को दी गई तहरीर में अवगत कराया है कि स्टेशन मार्ग के समीप उनकी पैतृक भूमि है। गाटा संख्या 1268 में शिव मंदिर व बगीचा है। यह स्थान नर्वदेश्वर आश्रम के नाम से जाना जाता है। आश्रम के एक किनारे सड़क की तरफ वर्षों पूर्व राजेंद्र तिवारी ने एक गुमटी रख ली थी और चाय पान की दुकान खोल रखी थी। अब इसी स्थान पर वह पक्की दुकान बनाने की जुगत में है। उसने नगर पंचायत से साठ गांठ बनाकर फर्जी ढंग से हाउस टैक्स लगा रखा है। जबकि उक्त गाटा संख्या का मुकदमा उच्च न्यायालय इलाहाबाद में विचाराधीन है। कस्बा इंचार्ज प्रमोद त्रिपाठी ने विपक्षी को निर्माण न करने की सख्त हिदायत दी।

# पूरे बुंदेलखंड में आज हड़ताल की अपील

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन व प्रोग्रेसिव एवं प्रैक्टिसिंग डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन का परिवार न्यायालय की पीठासीन अधिकारी के खिलाफ पिछले 20 फरवरी से हड़ताल व धरना प्रदर्शन जारी है। बुधवार को संपूर्ण बुंदेलखंड में हड़ताल का आवाह्न किया है। अधिवक्ताओं व वादकारियों के प्रति क्रूरतापूर्ण दुर्व्यवहार व एफआईआर दर्ज कर जेल भिजवाने की धमकी देने तथा बगैर सुनवाई बड़ी संख्या में मुकदमा खारिज करने व नए दायरे स्वीकार न करने से परेशान हैं। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन व प्रोग्रेसिव एंड प्रैक्टिसिंग डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के समस्त



जिला जजी गेट पर हड़ताल व धरना प्रदर्शन करते अधिवक्ता। अमृत विचार

अधिवक्ता 20 फरवरी से लगातार अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। संघ ने 28 फरवरी को संपूर्ण बुंदेलखंड में हड़ताल की अपील की है। मंगलवार के धरने को मुख्य रूप से संजय अवस्थी, शैलेंद्र सक्सेना, जगत प्रसाद मिश्रा, शिव बहादुर यादव, सरफराज, गुलाब यादव, अश्विनी द्विवेदी, भगवत शरण पांडेय, हेमंत मिश्रा, संदीप प्रजापति ने संबोधित किया। इनके अलावा श्री वीरेंद्र यादव, अजय पाण्डेय, गोविंद राम द्विवेदी, जयपाल राजपूत, रामसिंह राजपूत, अवनेश सिंह, ओमप्रकाश द्विवेदी, राजेश यादव आदि तमाम अधिवक्तागण उपस्थित रहे तथा सभा को संबोधित भी किया।

# हत्या के मामले में तीन दोषियों को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता हमीरपुर

- पुरानी रंजिश के चलते खलिहान में लेटे सौतेले भाई व भतीजों पर किया था हमला

**अमृत विचार।** थाना मौदहा के अरतरा गांव में करीब आठ साल पूर्व धारदार हथियार से खलिहान में लेटे चचेरे भाई व भतीजों पर हमलाकर किया था। जिसमें एक की मौत हो गई थी। इस मामले में अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या एक चंद्रभान सिंह की अदालत ने पिता व दो पुत्रों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक दोषी पर 10 हजार का अर्थदंड लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रामबाबू अवस्थी व विशंभर पाल ने बताया कि मौदहा थाना क्षेत्र के अरतरा गांव निवासी पीड़ित मइयादीन पाल ने पुलिस को तहरीर दी थी। जिसमें बताया था कि 30 जून 2015 की रात करीब आठ बजे वह खाना खाकर अपने लड़के राम सिंह, मलखान व नाती सुरेंद्र के साथ खलिहान में निर्माणाधीन मकान के पास सोने के लिए गए थे।

तभी रात करीब 12 बजे पुरानी रंजिश को लेकर उसका सौतेला भाई भुइयादीन अपने लड़के फूल सिंह, अमर सिंह, बलवंत सिंह के साथ कुल्हाड़ी व लाठी लिए आए। उनके साथ दो लोग अज्ञात थे। सभी उसके पुत्रों व नाती को मारने पीटने लगे।

# सड़क निर्माण नहीं, काली पट्टी बांध धरना

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- अनशन के दूसरे दिन भी नहीं पहुंचा कोई जिम्मेदार अधिकारी

**अमृत विचार।** क्षेत्र के रमना किशनपुर में जर्जर सड़क निर्माण को लेकर शुरू अनशन के दूसरे दिन अनशनकारियों ने काली पट्टी बांध नारेबाजी की। बुधवार को जल सत्याग्रह करेंगे। मंगलवार को चले धरना प्रदर्शन व क्रमिक अनशन के बीच कोई जिम्मेदार नहीं पहुंचा।

क्षेत्र के रमना किशनपुर को मौदहा बसवारी मार्ग से जोड़ने वाली सड़क बीते एक दशक से मरम्मत के अभाव में लगभग समाप्त हो गई है। इसमें आना- जाना भी मुश्किल हो गया है। वहीं सड़क किनारे बिना भीट का तालाब होने से आए दिन बाइक और साइकिल सवार गिरकर घायल होते रहते हैं। इसको लेकर ग्रामीणों ने पिछले विधानसभा उपचुनाव में मतदान न करने का




सड़क की मांग को लेकर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

फैसला किया था, लेकिन उसी दौरान अधिकारियों ने गांव जाकर ग्रामीणों के साथ मान मनौव्वल और चुनाव बाद सड़क़ निर्माण के आश्वासन दिया था तब ग्रामीणों ने वोट डाले थे। लेकिन चुनाव के बाद रात गई बात गई वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए अधिकारी अपने आश्वासन भूल गए और स्थिति जस की तस बनी रही। ग्रामीणों ने फिर से अधिकारियों की टेबल पर कागज दौड़ाने शुरू कर दिए। समस्या का समाधान नहीं होने पर बुंदेलखंड नवनिर्माण सेना के जिलाध्यक्ष देव यादव के नेतृत्व में ग्रामीणों ने एसडीएम को पत्र देकर अनशन की घोषणा कर दी। मंगलवार को दूसरे दिन खराब मौसम और हल्की बूंदाबांदी के बीच भी अनशनकारियों के हौसले पस्त नहीं हुए, लेकिन अनशन के दूसरे दिन किसी जिम्मेदार अधिकारियों ने अनशनकारियों की सुध नहीं ली। जिसके चलते अनशनकारियों ने बुधवार को पास के तालाब में जल सत्याग्रह करने की घोषणा की है। इस दौरान दिनेश अनुरागी, प्यारेलाल, राजकुमार सविता, राहुल अनुरागी, श्री ओम पाल, रामविलास वर्मा, बबलू यादव, राम अवतार वर्मा, चंद्रभान सहित एक दर्जन से अधिक ग्रामीण उपस्थिति थे।

# शादी की निर्धारित तिथि के एक दिन पहले पहुंची बारात

**कुरारा(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के सिकरोड़ी गांव में विवाह से एक दिन पहले बारात आने से वधू पक्ष के लोगों ने बारातियों का आनन फानन खाने पीने की व्यवस्था की। शाम तक आधे से ज्यादा बाराती वापस लौट गए। खास रिश्तेदारों को ही रोका गया और शादी की रस्मे संपन्न हुई।

सिकरोड़ी गांव निवासी रामफूल अनुरागी ने अपनी पुत्री रेखा की शादी पारा ओझी गांव में तय की थी। 27 फरवरी को विवाह की तारीख निकली थी। ग्राम प्रधान हनुमान निषाद ने बताया कि तारीख में धोखा पड़ जाने पर पारा ओझी से बारात 26 को ही आ गई।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद–राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 1739/न0पा0प0–राठ/म्यु0सू0/2023–24/ दिनांक 23.02.2024

**सूचना प्रकाशन**

**(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक /आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण/नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण/ नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री जितेन्द्र सिंह व पवन कुमार पुत्रगण सुरेन्द्र सिंह | श्रीमती शान्ति देवी पत्नी स्व0 प्रीतम सिंह व रूद्रप्रताप सिंह | पठानपुरा–3 | 07 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद राठ–हमीरपुर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद–राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 1740/न0पा0प0–राठ/म्यु0सू0/2023–24/ दिनांक 23.02.2024

**सूचना प्रकाशन**

**(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक /आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण/नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण/ नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री जितेन्द्र सिंह व पवन कुमार पुत्रगण सुरेन्द्र सिंह | श्रीमती खेमवती पुत्री स्व0 श्री सिद्धा पत्नी श्रीमहिपाल सिंह | पठानपुरा–3 | 07 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद राठ–हमीरपुर

**मनमानी** — फसल में उत्पादन प्रभावित होने को लेकर भटक रहे किसान

# फसल को चाहिए पानी, शुरू कर दी नहरों की मरम्मत

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** दो सप्ताह से बंद पड़ी छानी लिफ्ट कैनाल की सिसोलर नहर अब किसानों के लिए मुसीबत बन रही है। विभागीय लापरवाही से गेहूं की फसल सींच के अभाव में बर्बाद हो रही है। हालत यह है कि किसान पंप कैनाल के चक्कर लगा रहे हैं लेकिन कोई जिम्मेदार वहां मिलता ही नहीं है फोन मिलाने पर आज कल पानी छोड़ने के आश्वासन देकर 15 दिन का समय निकाल दिया है। अब यदि नहर नहीं छोड़ी जाती तो किसान इसके लिए कोई बड़ा कदम उठाने के लिए मजबूर होंगे।



सूखी पड़ी सिसोलर की नहर। अमृत विचार

सिसोलर गांव के किसान अजय कुमार ने बताया कि उसने गेहूं की फसल इस उम्मीद से बोई थी कि समय रहते उसे सिंचाई के लिए कम से कम तीन बार पानी मिल जाएगा और उसकी फसल अच्छी होगी। लेकिन पानी के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। शुरुआत में लंबे प्रयास पर पलेवा का पानी मिला। इसके बाद से मात्र एक ही पानी मिल पाया है। जबकि दूसरा पानी लग जाना चाहिए तो सुनने वाला कोई नहीं है। छानी लिफ्ट कैनाल में पांच के स्थान में सिर्फ दो व ऊपर एक ही पंप चल रहा है। सिसोलर नहर में फाटक ही बंद कर दिए हैं। यहां सिंचाई के समय निर्माण कार्य के धन को मिटाने में विभाग लगा है। इसी गांव के गंगा चरण, सरवन, भोजराज आदि किसानों ने बताया कि वह लगातार कई दिन से इस पंप कैनाल में छानी स्थित कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। उनके मौदहा कार्यालय भी आए, लेकिन यहां भी ताला बंद मिला। फोन से बात हुई सिर्फ यहां के अवर अभियंता ने इतना बताया कि कुछ काम हो रहा है और पंप खराब है। वह ठीक होते ही पानी आ जाएगा, लेकिन आया नहीं। इस मामले में प्रधान विजय शंकर ने बताया कि सींच के समय नहर में पानी की मांग के बावजूद नहीं दिया जा रहा है। नहरों की मरम्मत के धन को मार्च से पहले ठिकाने लगाने में विभाग लगा है। जबकि अभी गेहूं में पानी की आवश्यकता है। लिफ्ट कैनाल के अवर अभियंता अवनेश कुमार ने बताया कि नहर में निर्माण कार्य हो रहा है और मोटर भी खराब थी जिससे देरी हुई। वह आज ही नहर में पानी छोड़ देंगे।

# कोर्ट ने सुनाई सजा

**हमीरपुर।** थाना जलालपुर क्षेत्र के कुपरा गांव निवासी एक आरोपी को अवैध गांजा के आरोप में अलग- अलग दो मामलों में आठ माह व 11 माह की सजा अदालत ने सुनाई है। वहीं पांच- पांच हजार रुपये जुर्माना लगाया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता प्रवीण सिंह भदौरिया ने बताया कि पांच नवंबर 2021 को थाना जलालपुर पुलिस ने कुपरा गांव के अभियुक्त संजय सिंह पुत्र महेंद्र सिंह को एक किलो 300 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया था। इसी तरह आठ अप्रैल 2023 को पुलिस ने एक किलो 500 ग्राम गांजा के साथ पकड़ा था। न्यायालय एफटीसी द्वितीय/गैंगस्टर एक्ट कोर्ट पीके जयंत की अदालत में दोनों मामले दोषसिद्ध पाए जाने पर अभियुक्त संजय सिंह को एक मामले में आठ माह का कारावास व 5,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। वहीं दूसरे मामले में 11 माह का कारावास व 5,000 रुपये के अर्थदंड की सजा दी।

## एक नजर

### अवैध तमंचा और कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

राठ (हमीरपुर)। क्षेत्र के जरिया थाना अंतर्गत रिगवारा गांव के पास जरिया थाना पुलिस की टीम ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक को अवैध तमंचे व एक कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। जरिया थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि जलालपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बिलगांव का निवासी शिवाकांत को जरिया थाना पुलिस की टीम ने रिगवारा गांव के पास से एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति के विरुद्ध शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है।

### मामूली बात पर बालक का डंडा मारकर हाथ तोड़ा

मौदहा (हमीरपुर)। कोतवाली क्षेत्र के पढ़ोरी गांव जहां से लापता मासूम बेटी का रहस्य आज भी उजागर नहीं हो सका। वहीं ताबड़तोड़ कई चोरियों के मामलों से यह गांव सुर्खियों में रहा है। वहीं गांव निवासी एक युवक चर्चा में रहने वाला शंकर निषाद ने नई दिल्ली डेरा निवासी सुराजवली के 5 वर्षीय बालक अजीत को मामूली सी बात पर डंडा मार दिया। जिससे उसका हाथ टूट गया। पुलिस ने घटना की सूचना दर्ज कर ली है और शंकर को भी पुलिस ने पकड़ लिया है। चर्चा इस बात की भी है कि शंकर कई मामलों में संदिग्ध हो सकता है और इससे कई राज भी पुलिस को मिल सकते हैं।

### पंकज उधास को दी श्रद्धांजलि

महोबा। सुप्रसिद्ध गजल गायक पंकज उधास के निधन पर जिले के प्रेमियों और कलाकारों द्वारा दुख प्रकट करते हुए शोकसभा कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। सुरीली और मनमोहक आवाज से महोबा महोत्सव के दौरान लाखो लोगों को मंत्रमुग्ध करने वाले गजल और गीत गायक की आवाज आज भी उनके प्रेमियों के कानो में गूंज रही है। आल्हा महोत्सव समिति के पूर्व मंत्री बीके तिवारी, संगीताचार्य पं. जगप्रसाद तिवारी और आकाशवाणी छतरपुर के कलाकार प्रो. लालचंद्र अनुरागी, संतोष पटैरिया सहित तमाम लोगों उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### करंट से युवक की मौत

अतर्रा : थाना क्षेत्र के इटरा खुर्द उसरी पुरवा निवासी शिवपूजन (35) पुत्र रामसजीवन सोमवार की शाम घर की बिजली ठीक कर रहा था। तभी उसका हाथ कटे हुए तार में छू गया। जिससे करंट की चपेट में आकर वह चिपक गया। मौके पर पहुंचे घर वालों ने देखा तो उसे करंट से मुक्त कराया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। डॉक्टरो ने परिजनों को पोस्टमार्टम कराए जाने की सलाह दी। न मृतक की पत्नी रोमा ने पीएम से मना कर दिया।

# बार काउंसिल ने एक माह में चुनाव कराने को कहा

## 173 सदस्यों वाली मतदाता सूची से चार नाम हटाए गए, आदेश का अनुपालन न होने पर कार्रवाई की चेतावनी

संवाददाता, अतर्रा (बांदा)



● दो गुटों में बंटा हुआ है अधिवक्ता संघ

अमृत विचार: 38 अधिवक्ताओं को अप्रवासी के नाम पर मतदाता सूची से हटाये जाने के मामले को लेकर अधिवक्ताओं के दो गुटों में बंटने के बाद उत्तर प्रदेश बार काउंसिल ने मामले को संज्ञान लेकर सीओपी कार्डधारकों की जांच कर 173 सदस्यों वाली मतदाता सूची में चार नाम हटाकर 169 अधिवक्ताओं की वैध सीओपी करार दिया और बार काउंसिल ने निर्वाचन अधिकारी का चयन कर एक माह में चुनाव कराने के निर्देश दिए। आदेश का अनुपालन न होने पर कार्रवाई की भी चेतावनी दी।

बताते चलें, कि जनवरी माह में अधिवक्ताओं की आमसभा में निर्वाचन अधिकारी पुरुषोत्तम पांडेय के तय होने के बाद पूर्व महासचिव नरेंद्र शुक्ला की जांच समिति का हवाला देकर अचानक 38 अधिवक्ताओं को मतदाता सूची से अप्रवासी के नाम पर हटा दिया गया, जबकि महासचिव बृजमोहन सिंह राठौड़ ने 173 मतदाताओं की सूची निर्वाचन अधिकारी को सौंपी, लेकिन इस सूची को मान्यता न मिलने से अधिवक्ताओं में आक्रोश फैल गया। नामांकन प्रक्रिया के दौरान पूर्व अध्यक्ष अमर सिंह राठौड़ बार काउंसिल के सदस्य सचिव अकज मिश्रा द्वारा एक आदेश लाया गया, जिसमें सभी सीओपी कार्डधारकों को सम्मिलित करते हुए चुनाव संपन्न कराने की निर्देश दिए गए, लेकिन निर्वाचन अधिकारी पुरुषोत्तम पांडेय ने आदेश का अनुपालन नहीं किया। इस पर बार काउंसिल में पूर्व महासचिव मनोज द्विवेदी ने शिकायत दर्ज कराई। उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के अध्यक्ष शिवकिशोर गौड़ ने बार काउंसिल के सदस्य सचिव व पूर्व उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह की एक सदस्य जांच समिति गठित कर दी। जांच समिति ने निर्वाचन अधिकारी समेत इल्डर कमेटी अध्यक्ष विनोद तिवारी पूर्व महासचिव नरेंद्र शुक्ला को 23 फरवरी को बार काउंसिल में तलब कर मामले की सुनवाई के निर्देश दिए। जिस पर उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के समक्ष 23 फरवरी को सुनवाई हुई।

बार काउंसिल के सदस्य सचिव प्रदीप कुमार सिंह ने मामले को समझते हुए अतर्रा अधिवक्ता संघ के 173 अधिवक्ताओं की बृजमोहन सिंह राठौड़ द्वारा दी गई। मतदाता सूची को अवैध मानते हुए चुनाव के लिए सभी को उत्तर प्रदेश बार काउंसिल द्वारा जारी सीओपी कार्डधारकों की जांच कर जल्द से जल्द मामले के निस्तारण का आश्वासन दिया गया। इस पर मंगलवार को बार काउंसिल से आदेश जारी हो गया, जिसमें 169 अधिवक्ताओं को वैध मानते हुए बार कौंसिल अध्यक्ष शिवकिशोर गौड़ का आदेश आया कि उत्तर प्रदेश बार काउंसिल की जांच के बाद जारी मतदाता सूची के आधार पर हुआ मॉडल बायलाज के नियमों व उपनियमों के अंतर्गत एक माह में चुनाव संपन्न कराने के साथ ही वरिष्ठ अधिवक्ताओं द्वारा निर्वाचन अधिकारी का भी चयन करें। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के सदस्य सचिव प्रदीप कुमार सिंह ने निर्वाचन अधिकारी का भी वरिष्ठ सदस्यों से चयन कर एक माह में चुनाव कराने का निर्देश जारी किया। आदेश का अनुपालन न होने पर अधिवक्ता अधिनियम 1961 की धारा 35 के अंतर्गत कार्रवाई संपादित की जाने का भी आदेश दर्ज है। बार काउंसिल द्वारा आए आदेश में इल्डर कमेटी के अध्यक्ष विनोद तिवारी अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष शिवनंदन यादव व महासचिव बृजमोहन सिंह राठौड़ को निर्देशित किया गया है कि वरिष्ठ अधिवक्ताओं के बीच निर्वाचन अधिकारी का चयन कर बार के अंदर चुनाव कराया जाए। उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के आदेश आने के बाद अधिवक्ताओं में खुशी का माहौल है। अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष अमर सिंह राठौड़, मनोज श्रीवास्तव, सूरज बाजपेई, मनोज द्विवेदी सुशील गुप्ता, विनय मिश्रा, संजय श्रीवास्तव, राजेंद्र गुप्ता, श्यामबाबू गुप्ता, लवकुश गुप्ता, विश्वनाथ, राजेश सिंह लखन मिश्रा आदि ने खुशी जाहिर की है।

### मतदाता सूची में खामियां ही खामियां

अतर्रा : उत्तर प्रदेश बार काउंसिल द्वारा अधिवक्ताओं की सीओपी कार्डधारकों की जांच के बाद जो वैध 169 मतदाताओं की सूची आदेश के साथ संलग्न होकर आई है, उसमें तमाम सारी त्रुटियां देखने को मिली हैं। लगभग आधा सैकड़ा अधिवक्ता जो नियमित व्यवसाय करते हैं उनका नाम सूची में दर्ज नहीं था। साथ ही कई अधिवक्ताओं का नाम सूची में तीन-तीन बार दर्ज था। कुछ ऐसे भी अधिवक्ताओं के नाम शामिल थे, जिनका निधन हो चुका है। इसको लेकर अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष अमर सिंह राठौड़, मनोज द्विवेदी व सूरज बाजपेई ने उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के सदस्य सचिव प्रदीप कुमार सिंह से फोन पर वार्ता कर शिकायत दर्ज कराई है। जिस पर उन्होंने जल्द ही सूची का अवलोकन कर कर शुद्ध कराये जाने का आश्वासन दिया है। उत्तर प्रदेश बार काउंसिल से आई सूची में पूर्व अध्यक्ष अमर सिंह राठौड़ का भी नाम दर्ज नहीं है। जिससे इस समर्थकों में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। हालांकि इस सूची को अधिवक्ता बार काउंसिल द्वारा टंकण की त्रुटि मान रहे हैं।

# रोडवेज बस में हुआ बच्ची का जन्म

कार्यालय संवाददाता, बांदा

● नो इंट्री तोड़ चालक-परिचालक बस लेकर पहुंचे अस्पताल

● जच्चा-बच्चा को सुरक्षित महिला डॉक्टर के हवाले किया

अमृत विचार: जिले से एक ऐसी घटना सामने आई है, जिसे सुनकर आपके दिल को भी जरूर सुकून आएगा। रोडवेज बस में सवार एक गर्भवती महिला को पेट में दर्द उठा और फर्राटा भर रही बस में ही महिला ने बच्ची को जन्म दिया। बांदा डिपो की रोडवेज बस के चालक व परिचालक ने मानवता को सर्वोपरि मानकर तमाम सारे नियमों को तोड़कर एक नई मिसाल पेश की। नो इंट्री में पुलिस कर्मचारियायें ने रोका भी और चालान की धमकी दी। इस सबकी की परवाह न करते हुए रोडवेजकर्मी सवारियों से भरी बस लेकर अस्पताल पहुंच गए और बस में बैठे जच्चा-बच्चा को जिला महिला अस्पताल सुरक्षित पहुंचाकर के डॉक्टर के हवाले कर दिया।

चित्रकूट जनपद के भरतपुर थाना अंतर्गत भरसौंदा गांव के रहने वाले मजदूर परिवार कटाई के काम से मटौंध थाना क्षेत्र अंतर्गत इचौली गांव आए थे। जो वापस अपने गांव जाने के लिए मटौंध से बांदा डिपो की रोडवेज बस में बैठे थे। तभी अचानक प्रसूता के पेट में दर्द उठने लगा। जिसकी जानकारी पहले बस के परिचालक को हुई। परिचालक ने चालक से कहा कि बिना कहीं रोके और देरी किए बस को सीधा जिला महिला अस्पताल पहुंचाओ। परिचालक ने इसकी जानकारी जिला अस्पताल के डॉक्टर को फोन पर पहले ही दे दी।

प्रसूता ने चलती बस में ही खैराडा के पास एक बच्ची को जन्म दिया। बस में बैठी सवारियों ने उस प्रसव पीड़ित महिला की मदद की। इसके बाद इसके बाद चालक व परिचालक बस को लेकर सीधे जिला अस्पताल के लिए मुड़े, लेकिन जनपद न्यायालय मोड़ पर पुलिस ने बस को रोक लिया। कहा कि नो एंट्री में नहीं जाने देंगे। यदि बस निकाली तो चालान कर दिया जाएगा। चालक व परिचालक ने इस बात की परवाह न करते हुए जच्चा-बच्चा को सुरक्षित जिला महिला अस्पताल पहुंचाया।



प्रसव पीड़ित महिला को रोडवेज बस से उतारते लोग। अमृत विचार

# बहू और बेटे ने वृद्ध मां- बाप को मारपीट कर घर से निकाला

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

● रोडवेज बस स्टैंड़ पर सर्दी में ठिठुरते हुए गुजारी रात

अमृत विचार। कस्बे के लुधियातपुरा मोहल्ले में घरेलू और मकान नाम करने को लेकर हुए विवाद के चलते दबंग बहू-बेटे ने अपने वृद्ध माता- पिता को बेरहमी से मारापीटा। इतना ही नहीं बहू-बेटे ने मिलकर अपने मां बाप को धक्के मार घर से बाहर निकाल दिया। घर से निकल जाने के बाद बेसहारों की तरह दर- दर भटक रहे वृद्ध दंपति ने रोडवेज बस स्टैंड में पूरी रात सर्दी से ठिठुरते हुए किसी तरह से गुजारी। दंपत्ति ने कोतवाली में बहू - बेटे के विरुद्ध तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

लुधियातपुरा मोहल्ला निवासी कौशल व उनकी पत्नी दयावती ने तहरीर देकर बताया कि मकान नाम करने को लेकर उनका पुत्र उमेश और बहू मीरा उन्हें आए दिन परेशान कर उनके साथ मारपीट करते हैं।

कौशल ने बताया कि बताया कि सोमवार की रात उसका पुत्र उमेश और बहू मीरा पुनः बेवजह उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। बताया कि जब उसके साथ मारपीट होती देख कर उसकी बुजुर्ग पत्नी दयावती उसे बचाने के लिए दौड़ी तो बहू बेटे ने उसकी पत्नी दयावती के साथ भी जमकर मारपीट कर दी तथा रात के समय ही धक्के मार कर उन्हें घर पर बाहर निकाल दिया। बताया कि वह और उसकी पत्नी रोते बिलखते और दर-दर भटकते हुए किसी तरीके से रोडवेज बस स्टैंड में पहुंचे और वहां पर सर्दी में ठिठुरते हुए रात बिताई। कोतवाली इंस्पेक्टर उमेश कुमार का कहना है कि प्रकरण की जांच कराकर कार्रवाई की जा रही है।

# सीएचसी अधीक्षक ने मारा पैथोलॉजी सेंटरों में छापा

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

● कागजात न दिखाने वाले पांच संचालकों को अल्टीमेटम

अमृत विचार। कस्बे मे चल रहे पैथोलॉजी सेंटरों का सीएचसी अधीक्षक ने निरीक्षण कर संचालकों से रजिस्ट्रेशन व अन्य अभिलेख मांगे गए। जिनमें पांच संचालक कागजात नहीं दिखा सके। जिन्हें तीन दिन का अल्टीमेटम दिया गया है।

कस्बा में आधा दर्जन से अधिक पैथोलॉजी सेंटर संचालित है। जिलाधिकारी के निर्देश पर सीएचसी अधीक्षक सुनील कुमार जायसवाल ने मंगलवार को टीम के साथ कालपी हमीरपुर हाईवे किनारे, बेरी रोड, भोली रोड, मुख्य बाजार में संचालित पैथोलॉजी सेंटरों का निरीक्षण किया। सीएचसी अधीक्षक ने बताया की आधा दर्जन से अधिक पैथोलॉजी सेंटरों का निरीक्षण किया गया है। जिसमें से दो लोग ही केवल रजिस्ट्रेशन व अन्य अभिलेख दिखा पाए। कागजात न दिखाने वाले पांच लोगों को नोटिस देकर तीन दिनों के अंदर अभिलेख प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। बताया कि कृष्णा पैथोलॉजी में देखा गया की यह जांच के साथ मरीजों का उपचार भी करते मिले। बताया की अगर संचालक कागजात नहीं प्रस्तुत करते हैं तो उन पर कार्यवाही की जाएगी।

# बच्चों का वजन और लंबाई का मापन जरूर करें

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला ने मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु पर शत प्रतिशत ऑडिट करने तथा शिशु मृत्यु पर शत प्रतिशत रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि विभिन्न योजना के लाभार्थियों के बैंक खाते पोर्टल पर सही ढंग से फीड किया जाए तथा यह भी सुनिश्चित किया जाए कि फीड किया जाने वाला बैंक खाता आधार से लिंक हो। कहा कि बच्चों की लंबाई एवं वजन मापने एवं बच्चों से संबंधित अन्य कार्यों में आईसीडीएस विभाग द्वारा अच्छे ढंग से कार्य किया जाए, इसमें लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने ऐसे अल्ट्रासाउंड सेंटर जो क्यूआर कोड उपलब्ध कराने पर लाभार्थियों को समय से निशुल्क अल्ट्रासाउंड सुविधा नहीं देते, उन अल्ट्रासाउंड सेंटरों को चेतावनी जारी करने के निर्देश संबंधित को निर्देशित किया। बैठक में जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, प्रेग्नेंट महिलाओं की पोर्टल पर फीडिंग, चाइल्ड रजिस्ट्रेशन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत पोर्टल पर बेनिफिशियरी अपलोड करने, फैमिली प्लानिंग आदि की समीक्षा करते हुए संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने फैमिली प्लानिंग के कार्यों में तेजी लाने तथा इसके लिए लोगों की काउंसिलिंग करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.गीतम, एसीएमओ, सीएमएस पुरूष व महिला अस्पताल, समस्त एमओआईसी, डीपीआरओ तथा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक लेते सीडीओ। अमृत विचार

दिए निर्देश | डीएम ने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ली

# कार्यशैली में सुधार लाएं सचिव : डीएम

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा की। विकास के विभिन्न पैरामीटर में खराब चल रहे सचिवों को कार्यशैली में सुधार लाने की चेतावनी दी।

डीएम ने कहा कि विकास की गति प्रदान करने में सचिव एक धुरी की भूमिका अदा करता है। आपके कार्यों के द्वारा ही जनपद की छवि बनती व बिगड़ती है। उन्होंने कहा कि विकास के विभिन्न पैरामीटर में खराब चल रहे सचिव अपनी कार्यशैली में सुधार करें। आप लोगों की कार्यशैली की वजह से प्रदेश में जनपद की छवि खराब हो रही है। उन्होंने कहा कि जो भी पंचायत सहायक काम नहीं कर रहे हैं। उनको प्रस्ताव पास करके सेवा समाप्त करें। काम में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बैठक में चार्ज न देने वाले निलंबित सचिवों की सूची बनाकर संबंधित सचिवों को चार्ज देने का एक अवसर प्रदान करने के बाद चार्ज न देने वाले सचिवों के विरूद्ध विधिक कार्यवाही किये जाने के निर्देश संबंधित को दिए।

जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों को अपने स्तर से सचिवों की साप्ताहिक समीक्षा करने के निर्देश दिए। विकास के विभिन्न पैरामीटर में खराब प्रगति वाले सचिवों के साथ अगले 15 दिन में सुधार नहीं होने पर संबंधित सचिवों के साथ-साथ पर्यवेक्षणीय अधिकारियों का दायित्व निर्धारित किया जायेगा। उन्होंने सभी पंचायत सचिवों, एडीओ पंचायत, खंड विकास अधिकारियों को आवास पंचायती राज के पैरामीटर में खरा उतरकर जिले की छवि सुधारने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ला, एडीएम न्यायिक नागेन्द्र नाथ यादव, पीडी साधना दीक्षित, जिला विकास अधिकारी अजीत श्रीवास्तव, जिला पंचायत राज अधिकारी जितेन्द्र कुमार मिश्रा, जिला प्रोबेशन अधिकारी राजीव कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



सचिवों की बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी राहुल पांडेय। अमृत विचार

# डंपर की बॉडी केबिन के ऊपर गिरी, चालक की मौत

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

● राठ जलालपुर मार्ग पर बहपुर गांव के पास मौरंग उतारने के दौरान हुआ हादसा

अमृत विचार। राठ जलालपुर मार्ग पर बहपुर गांव के पास डंफर में लदी मौरंग को उतारने के दौरान ट्राला की बॉडी पलट कर केबिन पर जा गिरी। जिससे स्टेरिंग पर बैठे डंफर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। ट्राला की बाडी गिरने से ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कस्बे के कांशीराम कालौनी निवासी देवी सिंह 35 पुत्र पन्ना लाल डंफर चालक है। मंगलवार की शाम करीब 4 बजे देवी सिंह डंफर में मौरंग लादकर राठ जलालपुर मार्ग स्थित बहपुर गांव के पास मौरंग उतारने के लिए गया था। बताया जाता है कि डंफर में लोड मौरंग को उतारने के लिए चालक ने डंफर की बॉडी का जैक उठाया अचानक डंफर का संतुलन बिगड़ गया और बॉडी सीधे केबिल के ऊपर जा गिरी। जिससे सीट पर बैठा चालक दब गया और मौके पर ही मौत हो गई।



सड़क पर पलटी डंपर की बॉडी से जाम सड़क। अमृत विचार

## सार-संक्षेप



स्टाल का निरीक्षण करते ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल। अमृत विचार

### जलजीवन मिशन: ब्लाक प्रमुख ने प्रचार वाहन किए रवाना

कुरारा (हमीरपुर)। मंगलवार को जल जीवन मिशन के तहत राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के सहयोग से इन्फोटेक सॉल्यूशन द्वारा जन जागरुकता अभियान के प्रचार प्रसार वाहनों को ब्लॉक प्रमुख आशीष कुमार पालीवाल ने हरी झंडी दिखाकर गांवों के लिए रवाना किया। सर्वप्रथम ब्लाक में आईसी, जल गुणवत्ता जांच, सोशल मैपिंग, जल जनित बीमारियों से बचाव और एलईडी वीडियो प्रोजेक्टर से प्रचार आदि पांच तरह की प्रदर्शनी लगाई गई। इन प्रदर्शनी के स्टालों का ब्लाक प्रमुख ने अवलोकन कर उनके बारे पूछा। इन स्टालों में यूनोप्स के जिला सलाहकार सिद्ध गोपाल त्रिवेदी ने उपस्थित सभी लोगों को उपयोग की जानकारी दी। ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल ने हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहनों को रवाना किया। ये वाहन ब्लाक के सभी राजस्व गांवों में जाकर सामाजिक मानचित्रण, पानी की गुणवत्ता की जांच को जागरूक करेंगे। कार्यक्रम में जल निगम ग्रामीण से शंकु कुमार, पीएमसी से संतोष कुमार, विवेक त्यागी, बुसरा खान, आदिल, इन्फोटेक सॉलुसन से अमन सिंह रहे।



मंडी परिषद की सड़कों का निरीक्षण करते सहायक अभियंता। अमृत विचार

### लोकसभा चुनाव के पहले बनेंगी गल्ला मंडी की ध्वस्त सड़कें

सुमेरपुर (हमीरपुर)। मंडी परिषद निर्माण समिति के सहायक अभियंता ने नवीन गल्ला मंडी का दौरा किया और क्षतिग्रस्त सड़कों का निरीक्षण किया। कहा कि सभी सड़के लोकसभा चुनाव के पूर्व ठीक होंगी। इसके अलावा सुमेरपुर, कुरारा, मौदहा ब्लाक क्षेत्र में बनी मंडी परिषद की सड़कों को भी दुरस्त करा कर आवागमन लायक बनाया जाएगा। मंगलवार को मंडी परिषद निर्माण समिति बांदा के सहायक अभियंता एसएस यादव ने नवीन गल्ला मंडी में क्षतिग्रस्त सड़कों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि मंडी समिति से लोकसभा चुनाव संपन्न कराया जाता है लिहाजा गल्ला मंडी की सभी ध्वस्त सड़कों को वह लोकसभा चुनाव के पूर्व ही ठीक कराएंगे। उन्होंने कहा कि दो दिन के अंदर स्टीमेट तैयार कर लखनऊ भेजा जाएगा। सहायक अभियंता ने बताया कि सुमेरपुर, मौदहा, कुरारा ब्लाक क्षेत्र की मंडी परिषद की ओर से बनाई गई सड़कों का भी स्टीमेट तैयार कराया जा रहा है।




समर्थ फाउंडेशन के देवेंद्र गांधी को सम्मानित करते राज्यसभा सदस्य बाबूराम।

### शक्ति वंदन एनजीओ सम्मेलन कार्यक्रम हुआ संपन्न

हमीरपुर। स्वयं सहायता समूहों के सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन के लिए शक्ति वंदन कार्यक्रम हुआ। उत्कृष्ट कार्य करने वाली सक्रिय समूह की महिलाओं को शक्ति किट का वितरण राज्यसभा सदस्य बाबूराम निषाद ने किया। शक्ति वंदन कार्यक्रम में ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में गठित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा उद्योगों के माध्यम से जुड़कर आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी होने में तनुजा सिंह ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में 100 से अधिक दीदियों ने भाग लिया। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक ने स्वयं सहायता समूह के माध्यम से स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाए जाने के संबंध में विस्तार से बताया। मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य बाबूराम निषाद ने गरीब कल्याण के लिए शौचालय, आवास, आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि आदि से लोग लाभान्वित होकर अपने आप को सुखी महसूस कर रहे हैं ऐसी सोच के साथ आप लोग भी आने वाले चुनाव में मोदी का साथ देने की बात कही। कार्यक्रम में अरिमर्दन सिंह, मोहन कुशवाहा, सुमन, गीता देवी, कलावती सिंह, सोनल, सीतादेवी, चक्रवर्ती शुक्ला, लाल सिंह यादव, रेनू सिंह, नीतू द्विवेदी, अभिनव तिवारी सह जिला मीडिया प्रभारी भाजपा, राखी शिवहरे, देवेंद्र गांधी, मुनीर खान, एसके चक्रवर्ती, रामरतन सिंह, रेखा चंदेल, कांति, लाल सिंह यादव आदि समूह की महिलाएं रहीं।



विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ दिलाते नगर पंचायत अध्यक्ष।

### लाभार्थियों को बांटे प्रमाण पत्र

सरीला (हमीरपुर)। नगर के नेशले मार्केट में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने लोगों को विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा काउंटर लगाकर लाभार्थियों को जागरूक किया गया और प्रमाण पत्र दिए गए हैं। द्वितीय चरण में विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर मंगलवार को नगर के नेशले मार्केट में आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम सुरेंद्र कुमार यादव व नगर पंचायत अध्यक्ष पवन कुमार अनुरागी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नगर पंचायत अध्यक्ष पवन कुमार अनुरागी ने लोगों को विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ दिलाई तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के पात्र व्यक्तियों को प्रमाण पत्र दिये। एलईडी वैन के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा से संबंधित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश देखा व सुना गया। कार्यक्रम में पोषण मिशन, स्वयं सहायता समूह, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, वृद्धावस्था एवं निराश्रित पेंशन योजना, स्वयं सहायता समूह, आयुष्मान कार्ड एवं जल जीवन मिशन के काउंटर लगाकर लाभार्थियों को योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही लाभार्थियों को प्रमाण पत्र दिये और उनके जीवन में बदलाव के अनुभव साझा किए गये। कार्यक्रम का संचालन कुलदीप गुप्ता ने किया है। इस मौके पर नायब तहसीलदार राममोहन कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष अरुण कुमार राजपूत सहित नगर पंचायत कर्मी व नगर व क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

### लोनिवि एवं परिवहन मंत्री ने जिलाधिकारी को किया सम्मानित

हमीरपुर। जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठकों के नियमित आयोजन एवं सड़क सुरक्षा के संबंध में कराए गए कार्यों के फल स्वरुप वर्ष 2023 में विगत वर्ष के सापेक्ष सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु की संख्या में कमी आई है। जिसके लिए लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद एवं परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय को प्रशस्ति देकर सम्मानित किया गया।

### एंटी रोमियों टीम ने चलाया गया मिशन शक्ति अभियान

महोबा। महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन, सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन के आदेश पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपद महोबा के समस्त थानों की एण्टी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले स्कूल, कॉलेजों, गांवों,कस्बों, बाजारों, सार्वजनिक स्थानों, धार्मिक स्थलों आदि के आस-पास मिशन शक्ति एवं शक्ति दीदी अभियान के अन्तर्गत महिलाओं, बच्चियों को जागरुक किया। जनपद के समस्त थानों पर नियुक्त एण्टी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन कर उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं के लिए समर्पित विभिन्न सेवाओं, हेल्पलाईन नंबरों ट्वीटर सेवा, डॉयल-112, हेल्प लाइन-181, वुमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्प लाइन-1098, सी0एम0 हेल्पलाइन-1076, वन स्टॉप सेन्टर-181 के बारे में बताया।

# भ्रष्टाचार से आजिज पीआरडी जवानों ने जताया आक्रोश

## 22 दिवसीय प्रशिक्षित जवानों को ड्यूटी न देने का लगाया आरोप

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)



अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को शिकायती पत्र देते पी आर डी जवान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग जनपद जालौन मंम अधिकारियों द्वारा फर्जी पीआरडी भर्ती कर ड्यूटी पर रखा जाने तथा 22 दिवसीय प्रशिक्षित जवानों को ड्यूटी न देने के मामले को लेकर पीआरडी जवानों ने जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा।

भारतीय चमार महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोज अहिरवार के नेतृत्व में पीआरडी जवानों राजेश कुमार, शिवशंकर सिंह, सोबरन पाल, सीताराम, राजबाबू, अशोक कुमार, सुरेन्द्र कुमार, सुरेश कुमार, लाखन सिंह, कैलाश बाबू आदि ने ज्ञापन देते हुए बताया कि

पीआरडी जवानों का विभागीय उच्चाधिकारीयों के शोषण के शिकार के चलते हम लोगों को जीविकोपार्जन हेतु ड्यूटी उचित एवं पर्याप्त नहीं दी जा रही है। ड्यूटी मांगने पर सुविधा शुल्क की मांग की जाती है। हम लोग ऐसे विभाग से सम्बन्धित है जहां अपराध एवं भ्रष्टाचार की रोकथाम की जाती है। तथा पीआरडी जवान अपने अधिकारों की बात करते हैं। यह भी बताया कि विभाग द्वारा कहा जाता है कि महानिदेशालय लखनऊ में आप लोगों का ऑनलाइन डाटा पोर्टल पर फीड नहीं है यह कहकर टरका दिया जाता है। ऐसी स्थिति में जो लोग भर्ती किये गये उन लोगों को नियमित तौर पर ड्यूटी दी जा रही है। जो पीआरडी जवान करीब 20 वर्षों से सेवा कर रहे है उन्हें ड्यूटी से वंचित रखा जा रहा है। पीआरडी जवानों ने ज्ञापन के माध्यम से समस्या को हल किये जाने की मांग उठाई है।



पैदल मार्च करती पुलिस। अमृत विचार

# पुलिस ने पैदल गश्त कर दिलाया सुरक्षा का एहसास

संवाददाता माधौगढ़, जालौन

**अमृत विचार।** जनता को सुरक्षा का एहसास दिलाने के उद्देश्य से सोमवार को थाना प्रभारी भीमसेन पौनिया के नेतृत्व में एसएसआई सोनू श्रीवास्तव ने टीम के साथ कस्बे का पैदल गश्त किया और पुलिस स्टाफ द्वारा दुकानदारों व नगरवासियों से सीधे संवाद कर किसी भी समस्या की तुरंत पुलिस को सूचना देने की अपील की। सड़क के किनारे खड़े बेतरतीब वाहनों को ढंग से खड़ा करने की नसीहत भी दी।

वरिष्ठ उपनिरीक्षक सोनू श्रीवास्तव ने बताया कि नगर व क्षेत्र में स्टाफ द्वारा भ्रमण किया जा रहा है एवं अराजक तत्वों को चिह्नित किया गया है। जेल से छूटे अपराधियों पर भी पुलिस की नजर बनी हुई है। उन्होंने लोगों से अराजक तत्वों के बारे में जानकारी पुलिस को देने का आह्वान किया। आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने वालों की जानकारी यूपी 100 व पुलिस अधिकारियों को देने के साथ, सीधे उनके मोबाइल पर देने की बात कही।

पैदल गस्त में वरिष्ठ उपनिरीक्षक सोनू श्रीवास्तव, उपनिरीक्षक उपेंद्र शुक्ला, उपनिरीक्षक शिवश्याम पांडे सहित थाने का महिला व पुरुष स्टाफ मौजूद रहा।

# न्यायाधीश ने कारागार का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता जालौन



जेल का निरीक्षण करते जिला जज व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार अध्यक्ष एवं जनपद न्यायाधीश लल्लू सिंह ने आज जिला कारागार उरई का भ्रमण किया। उन्होंने विभिन्न बैरकों का भ्रमण किया और वहां निरुद्ध बन्दियों से पूछताछ करते हुये उनकी समस्यों को जाना समझा तथा जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस मौके पर सचिव/अपर जिला जज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेन्द्र कुमार एवं जेल प्रशासन के अधिकारीगण मौजूद रहे।

निरीक्षण में जिला जज ने बन्दियों के मुकदमों की पैरवी, उनको दी जाने वाली विधिक सहायता/सलाह और महिला बन्दी व उनके साथ रह रहे बच्चों की चिकित्सा व खान-पान इत्यादि के बारे में जांच पड़ताल की। उन्होंने कई बन्दियों से अलग-अलग जानकारी ली एवं जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि कोई भी ऐसा बन्दी जिसका निजी अधिवक्ता न हो अथवा विधिवत ढंग से न्यायालयों में पैरवी न हो पा रही हो, को विधिक सहायता दिलाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। यदि किसी विचाराधीन बन्दी को पैरवी हेतु सरकारी खर्चे पर अधिवक्ता की आवश्यकता हो तो सम्बन्धित न्यायालय में बन्दी की ओर से प्रार्थनापत्र दिलवाया जाना सुनिश्चित करें ताकि लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम की सुविधा उपलब्ध हो सके। इसी प्रकार जो बन्दी दोषसिद्ध हो चुके हैं, की अपील न हो पाने की स्थिति में नियमानुसार जेल अपील करायी जाये। इसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से आवश्यक समन्वय बनाकर ऐसे प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में निस्तारण किया जाये ताकि अपील की मियाद समाप्त न होने पाये। जेल अपील कराये जाने में यदि कोई विधिक समस्या आ रही है तो उसको सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संज्ञान में लाते हुये द्वारा उचित माध्यम माननीय उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति से यथा आवश्यक पत्राचार किया जाये। इस अवसर पर जेल अधीक्षक नीरज देव, कारागार चिकित्साधिकारी डॉ. राहुल बर्मन, उप कारापाल तारकेश्वर सिंह, अमर सिंह उपस्थित रहे।

● बैरकों का जायजा लेकर बंदियों का जाना हाल चाल

# पौधरोपण में लापरवाही पर होगी कार्यवाही : डीएम

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)




मातहतों को दिशा निर्देश देते जिलाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला पौधरोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति व जिला गंगा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

जिला पौधरोपण समिति की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि जिन विभागों की अनुपालन आख्या अप्राप्त है, वह जल्द ही अनुपालन आख्या प्रभागीय वनाधिकारी को उपलब्ध कराएं, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि पौधरोपण हेतु वन भूमि, सामुदायिक भूमि व अन्य राजकीय भूमि की सीमित उपलब्धता के दृष्टिगत कृषि एवं अन्य निजी भूमि पर भी कृषि वानिकी मॉडल तथा कृषकों की इच्छा अनुसार सम्बन्धित विभागों द्वारा प्रजाति के पौधों का रोपण कराया जाये। उन्होंने कहा कि जनपद में नदियों के साथ-साथ अन्य मुख्य नदियों एवं पोषक जल धाराओं के पुरूद्धार हेतु उनके किनारे पौधरोपण तथा अन्य भूमि संरक्षक कार्य कराया जाये। नदियों के पुनुरूद्धार हेतु पोषक वेटलैण्ड के किनारे भी पौधरोपण कार्य कराया जाये। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ग्राम सभा की चारागाह भूमि एवं जनपद में स्थापित गौवंश शेल्टर में उपलब्ध रिक्त भूमि पर चारा प्रजाति का रोपण प्राथमिकता के आधार पर किया जाये इसमें किसी भी प्रकार शिथिलता एवं लापरवाही बरतने पर सम्बन्धित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि अधिशाषी अभियंता बेतवा नहर प्रखंड प्रथम, द्वितीय एवं अधिशाषी अभियंता जल निगम व नगर पालिका कालपी, जालौन, उरई व कोंच सीवेज अपशिष्ट के निस्तारण हेतु एस०टी०पी०(स्वेग ट्रीटमेंट प्लांट) प्रस्तावित कर डी०पी०आर० तैयार कर राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन भेजना सुनिश्चित करे। उन्होंने निर्देशित किया कि जनपद में कुल कितने ठोस अपशिष्ट उत्पन्न होता है और उसका निस्तारण किस प्रकार किया जा रहा है इसकी रिपोर्ट अतिशीघ्र ही प्रभागीय वनाधिकारी को उपलब्ध कराए। पर्यावरण समिति की समीक्षा के दौरान उन्होने निर्देशित किया कि जनपद से प्रवाहित होने वाली गंगा की सहायक नदी यमुना व बेतवा को प्रदूषित करने वाले समस्त कारकों को चिह्नित कर उनको दूर करने के उपाय एवं नियमित जल परीक्षण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनपद में समस्त सरकारी अस्पताल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में बायो मेडिकल वेस्ट का नियमानुसार सुव्यवस्थित रूप से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला खान अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में कुल कितने लाइसेंस युक्त खनन चल रहे है कुल कितने क्षेत्रफल में खनन गतिविधियां चल रही है, वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल कितने अवैध खनन मामले दृष्टिगत हुए है इसकी रिपोर्ट उपलब्ध कराए। उन्होंने सीएमओ से जनपद में 50 बेड से अधिक क्षमता वाले स्वास्थ्य केंद्र जैसे जिला अस्पताल व मेडिकल कॉलेज में ई०टी०पी० स्थापित होने की अद्यतन स्थिति के बारे में जानकारी की।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 एन0डी0 शर्मा, परियोजना निदेशक शिवाकांत द्विवेदी, श्रम उपायुक्त अवधेश दीक्षित आदि मौजूद रहे।

# चोरी की योजना बनाते सात को किया गिरफ्तार



पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गये आरोपी। अमृत विचार

संवाददाता माधौगढ़ जालौन

**अमृत विचार।** माधौगढ़ कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रजनेश कुमार चौहान रात लगभग 12:00 बजे एमपी के बॉर्डर महाराजपुरा पर गस्त कर रहे थे इसी दौरान पांच व्यक्ति संदिग्ध हालत में दिखाई दिए। पुलिस ने सतर्कता दिखाते हुए अभियुक्तों को पकड़ लिया जिसमें मोहन पुत्र गजेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह पुत्र गजेंद्र सिंह निवासी जमरेही अव्वल, थाना माधोगढ़, सुंदर सिंह पुत्र वीर बहादुर सिंह निवासी गणेश नगर, कस्बा माधोगढ़, व मध्यप्रदेश के संतोष शर्मा पुत्र लालता प्रसाद निवासी रायपुर मडेया थाना भिंड, सिद्धांत प्रसाद पुत्र कमल किशोर निवासी मैथिली शरण कस्बा माधौगढ़, भूरे पुत्र दशरथ निवासी जमरेही अव्वल, को गिरफ्तार करके लौट ही रहे थे कि माधौगढ़ कस्बा मैथिली शरण में दो संदिग्ध दिखाई दिए उनको भी गिरफ्तार कर लिया।

कोतवाल रजनीश कुमार के साथ कस्बा इंचार्ज शैलेंद्र सिंह, उप निरीक्षक अजब सिंह उप निरीक्षक संतोष कुमार, उप निरीक्षक अर्जुन सिंह, कांस्टेबल निखिल सिंह, दीवान शरमन आदि ने गिरफ्तार किया गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की गई ।

## सार-संक्षेप

### हार जीत की बाजी लगाते छह जुआरी गिरफ्तार

**उरई (जालौन)।** जालौन हार जीत की बाजी लगाते हुए 6 जुआरियों को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सार्वजनिक स्थान से पकड़ लिया। जिनकी तलाशी तथा फड़ से लगभग 2400 रुपये भी बरामद किए गए। कोतवाली पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि ग्रामीण क्षेत्र के गायर में सार्वजनिक स्थान पर जुआं खेला जा रहा है मुखबिर की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने उक्त स्थान की घेराबंदी कर दी। पुलिस को आता देख जुआरी भगाने का प्रयास करने लगे, लेकिन पुलिस की सख्त घेराबंदी से जुआं खेल रहे जुआरी भाग नहीं पाए, पुलिस ने जुआं खेल रहे सोनू, संत कुमार, आनंद, राजू, राजकुमार, जुम्मन को मौके पर जुआं खेलते हुए पकड़ लिया जिनकी तलाशी लेने पर उनके पास 910 रुपये तथा फड़ से 1610 रुपये भी बरामद हुए।

### प्रभु प्रेम तथा भाव के भूखे हैं : आचार्य



आचार्य। अमृत विचार

**जालौन।** प्रेम तथा भाव से प्रभू की प्रार्थना करने वालों को ईश्वर की प्राप्ति अवश्य होती है, अपराधी भी अगर पूरी निष्ठा के साथ सब अपराध छोड़कर प्रभू की शरण में पहुंच जाए तो ईश्वर उसके अपराधों को एक बार अवश्य माफ करते हैं। यह प्रसंग नौ दिवसीय श्री राम कथा के आठवें दिन आचार्य तेजस ने पंडाल में मौजूद श्रोताओं के समक्ष कही। ग्राम कुठौंदा बुजुर्ग में देवी मन्दिर पर श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है आयोजन के आठवें दिन आचार्य तेजस ने पंडाल में बैठे श्रोताओं को जयंत तथा शबरी की कथा को श्रवण कराया, उन्होंने कहा की जयंत को भगवान पर परमात्मा होने का संदेह हुआ और उसने राम सीता तथा लक्ष्मण के वन जाने के दौरान माता सीता के पैर में कौवा बनकर चोंच मार दी, पैर में चोट लगने से उसमें रक्त निकला जिसे देख राम को कौआ पर क्रोध आ गया और उन्होंने उसे सबक सिखाने के लिए बिना फन का बाण मार दिया। जयंत उस बाण से बचने के लिए तीनों लोकों में मदद के लिए गया लेकिन किसी ने भी उसकी मदद नहीं की अंत में निराश और हताश होकर वह नारद जी का उपदेश मानकर सब अपराधों की क्षमा मांगते हुए भगवान राम जी के शरण में आ गया। भगवान ने उसके सारे अपराधों को माफ कर दिया। भगवान प्रेम तथा भाव के भूखे होते हैं अंत में परीक्षित अन्नू सेंगर और उनकी पत्नी रानी सेंगर ने पूजा अर्चना किया इसके बाद श्रोताओं को प्रसाद वितरण किया गया।

### भुला दिये गये क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद



शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा।

**जालौन।** आज चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर नगर में मौजूद उनकी प्रतिमा पर किसी भीप्रशासनिक अधिकारी या राजनैतिक व्यक्ति ने पहुंचने की जहमत नहीं उठाई। आज के दिन देश पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि थी नगर में चौकी परिसर के पास बना चंद्रशेखर पार्क में शहीद चंद्रशेखर की प्रतिमा स्थापित है मगर किसी राजनैतिक दल के नेता व अधिकारी और सामाजिक संगठन को प्रतिमा पर दो फूल तक चढ़ाने की सुध नहीं आयी, जो कि अत्यंत निंदनीय व असोभनीय है।

### क्षेत्र के तीन पुरातन धर्म स्थलों के बहुरेंगे दिन

**जालौन।** पर्यटन विभाग ने मांगे अभिलेख, मालूम हो कि कालपी नगर व क्षेत्र में पुरातन, धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों की कमी नहीं है लेकिन पर्यटन के मानचित्र पर न होने से इनकी कोई पहचान नहीं हो पा रही है, जिससे यहां के पौराणिक स्थल सामाजिक एवं भौतिक स्तर पर वजूद खोते जा रहे हैं। लेकिन गत दिनों क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी ने शासन के सामने क्षेत्र के धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों को पर्यटन के मानचित्र पर लाने का आग्रह किया था जिसे शायद शासन ने स्वीकार कर लिया है। जिसकी वजह से नगर सीमा स्थित व्यास मंदिर क्षेत्र तथा ऐतिहासिक किलाघाट के विकास के लिए धन मंजूर कर उसे पर्यटन मानचित्र पर लाने की कवायद शुरू कर दी है। और अब शासन ने राजस्व विभाग से सूर्य मंदिर मदरालालपुर, पातालेश्वर मंदिर सन्दी तथा परासन गांव स्थित ऋषि पराशर मंदिर के अभिलेख मांगे है। तहसीलदार अभिनव तिवारी एवं नायब तहसीलदार हरदीप के अनुसार शासन की पुरातन धार्मिक स्थलों के विकास योजना में तीनो धार्मिक स्थलों का चयन हुआ है।

# महिला से सामूहिक दुष्कर्म का आरोप

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

● इलाज के दौरान महिला की हुई मौत

**अमृत विचार।** कोटरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले एक गांव के बाहर खेत पर काम करने गयी महिला के साथ गांव के ही लोगो ने दुष्कर्म किया, यह आरोप मृतक महिला के परिजनों ने लगाया है, परिजनों ने बताया कि 35 वर्षीय महिला खेतो में काम करने गई थी, तभी अज्ञात लोगों ने घटना को अंजाम दिया और सामूहिक दुष्कर्म से महिला बेहोश हो गई तो दुष्कर्मी उसे खेत पर ही छोड़ कर भाग गये।

जब महिला खेत से काफी देर तक घर नहीं पहुंची तो परिजन खेत की ओर जा रहे थे तभी रास्ते में महिला उन्हें अचेत अवस्था में पड़ी मिली जिसे परिजनों ने लाकर जिला अस्पताल में भर्ती करवाया, जिसकी चिंता जनक हालत देख जिला अस्पताल के डाक्टरों ने मेडिकल कालेज रिफर कर दिया जहां पर पीड़ित महिला की उपचार के दौरान मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल अभी तक मृतका के परिजनों ने थाना पुलिस को तहरीर नहीं दी है। इस सम्बंध में जानकारी देते हुए पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद ग्राम प्रधान शिशुपाल सिंह राजपूत के अलावा जमुनादास ने बताया ने बताया कि उसकी पत्नी खेत पर काम करने के लिए गयी थी तभी घर वापस लौटते समय गांव से कुछ दूरी पर कुछ लोग महिला को पकड़कर खेत में ले गए, जहा मारपीट कर दुष्कर्म किया, दुष्कर्म व मारपीट के बाद अज्ञात आरोपी लाही के खेत में महिला को फेंक कर फरार हो गए, घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और पीड़ित महिला को लाकर जिला अस्पताल में भर्ती करवाया जिसकी चिंता जनक हालत देख डाक्टरों ने मेडीकल कालेज उरई के लिये रिफर कर दिया जहां पर पीड़ित महिला की उपचार के दौरान मौत हो गयी। मौके पर पहुंची पुलिस मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

कोटरा थाना क्षेत्र में हुई दुष्कर्म की घटना के संबंध में क्षेत्राधिकारी गिरजा शंकर त्रिपाठी ने कहा कि प्रथम दृष्ट्या महिला की मृत्यु बीमारी से हुई है। फिर भी सही जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही होगी। अगर महिला के साथ कुछ गलत हुआ होगा तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाही की जायेगी किसी को बख्शा नहीं जायेगा।

# 14 सीसी कैमरों की नजर में है मेला प्रांगण की सुरक्षा

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** श्री बाराही देवी मेला एवं विकास प्रदर्शनी में नगर तथा ग्रामीण क्षेत्र से उमड़ने लगी है भीड़, बच्चों के मनोरंजन तथा विज्ञान की जानकारी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हो रहे हैं आयोजित । मेले में किसी भी प्रकार की अराजकता न फैल सके इसके लिए पूरे प्रांगण में लगाए गए 14 सीसी कैमरे।

श्री बाराही देवी मेला एवं विकास प्रदर्शनी नगर तथा ग्रामीण क्षेत्र का प्राचीन मेला है जो हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक होने से पूरे जनपद में प्रसिद्ध है । इस मेले की सबसे बड़ी विशेषता है कि इसमें बुंदेली परंपराओं को जीवित रखने के लिए तमाम बुंदेलखंडी कार्यक्रम आयोजित कराए जाते हैं इसके अलावा यह मेला विकास तथा विज्ञान की भी जानकारियां देता है । मेला अध्यक्ष देवेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार मेले में सीसी कैमरे से निगरानी रखी जा रही है जिससे कोई भी अराजक तत्व मेले में अराजकता न फैल सके उनके लिए पूरे परिसर में 14 सीसी कैमरे लगाए गए हैं बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले, ज्ञानवर्धक सर्कस, लगाए गए। घर गृहस्थी के सामानों के अलावा मेला में मिष्ठान, चाट, आइसक्रीम के स्टाल भी लगाये गये हैं । मेले के शुरू होने से तथा शाम तक समाप्त होने तक कुछ कर्मचारी मेले में घूम कर अराजक तत्वों को भी निगरानी कर रहे हैं।

# हर पीड़ित को मिले न्याय : एसडीएम

**जालौन।** सरकार की मंशा के अनुरूप सरकार की योजनाओं का लाभ हर लाभार्थी तक पहुंचे तथा पीड़ित को उचित न्याय मिल सके यह प्राथमिकता के तौर पर किया जाए, उक्त बात पत्रकारों से रूबरू होते हुए एसडीएम अतुल कुमार ने कही।

एसडीएम अतुल कुमार ने जालौन का पदभार संभालते ही हर क्षेत्र में तेजी ला दी है, उन्होंने स्टाफ को बुलाकर कहा कि पूरी ईमानदारी के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें उन्होंने पत्रकारों से कहा कि हमारी प्राथमिकता रहेगी कि हर पीड़ित को न्याय मिल सके इसके लिए प्रयास रहेगा । सरकार की मंशा के अनुरूप योजना का लाभ भी हर लाभार्थी तक पहुंचे। गोशालाओं का निरीक्षण किया जाएगा अभी हाल में ही ओलावृष्टि से फसल के नुकसान का आकलन कराया जा रहा है।

प्रदर्शन | आक्रोशित सपाइयों ने जुलूस निकाल कर सपा विधायक के खिलाफ की नारेबाजी

# सपाइयों ने अपने ही विधायक का फूंका पुतला

कार्यालय संवाददाता उरई



स पा विधायक विनोद चतुर्वेदी का पुतला फूंकते सपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** दलबलने में महारथ हासिल करने वाले सपा के कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी ने आज राज्यसभा के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कर सपा से अलविदा कर भाजपा का कमल खिलाने में जुट गये।

इस मामले की खबर लगते ही जनपद के सपाइयों में कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी के प्रति आक्रोश पैदा हो गया और उन्होंने शहर के मुख्य मार्गों पर विनोद चतुर्वेदी के विरोध में नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाला बाद में शहर के आंबेडकर चौराहा पर पहुंच कर अपने सपा विधायक विनोद चतुर्वेदी का पुतला दहन कर विरोध जताया। इस मौके पर प्रमुख रूप से सपा के धीरेंद्र सिंह यादव उर्फ सनी, शांतनु कोच, संजय वर्मा, सिद्धार्थ यादव, छोटू टाइगर, फरहत अल्लाह, शैलेंद्र श्रीवास, सुनील यादव, सुनील प्रदुम चौहान, हिमांशु खरकैया, हेमंत, मिलन चिल्ली, अफसर, सिराज खान, आसिफ, दिनेश सहित दर्जनों की संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सवारी भरे ट्रैक्टर का काटा चालान

**जालौन।** ट्रैक्टर की ट्राली में मजदूर लेकर जा रहे चालक को एआरटीओ ने पकड़ लिया और उसका चालान काट दिया। तो वहीं बगैर प्रपत्र के भूसा लादकर जा रहे लोडर का भी पड़कर चालान किया गया।

ट्रैक्टर की ट्राली में किसान कुछ मजदूरों को लेकर अपने खेतों में जा रहा था तभी एआरटीओ विभाग ने उन्हें देवनगर चौराहे पर रोक कर उसका चालान कर दिया। बताते चलें कि कासगंज में ट्रैक्टर की ट्राली में बैठे लगभग दो दर्जन लोगों की ट्राली पलटने से मृत्यु हो गई थी इस दौरान एक आदेश पारित किया गया था की ट्राली सिर्फ कृषि कार्य के लिए ही प्रयोग की जाए उसमें सवारी न बैठाई जाए लेकिन उसका असर कम रहा ।

# ओलावृष्टि प्रभावित गावों में, क्रॉप सर्वे जारी

संवाददाता, कालपी(जालौन)



नायब तहसीलदार तथा विभागीय कर्मचारी ई-सर्वे करते हुए। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद के निर्देशन के अनुरूप राजस्व कर्मचारियों के द्वारा चलाए जा रहे डिजिटल क्रॉप सर्वे की पड़ताल का कार्य 238 ग्रामों में गतिशीलता से चलाया जा रहा है।

नायब तहसीलदार नीलमणि सिंह ने बताया कि तहसीलदार अभिनव तिवारी के निर्देश के अनुरूप क्राफ्ट सर्वे का ऑनलाइन काम 28 फरवरी को पूरा कर लिया जायेगा। कालपी तहसील में पड़ताल का कार्य उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदारों की मॉनीटिरिंग में चलाया जा रहा है। प्रतिदिन अधिकारियों के द्वारा कार्य की मॉनिटरिंग भी की जाती हैं। सर्वेयर के तौर पर क्षेत्रीय लेखपालों के द्वारा गांव-गांव जाकर खेतों की फसल का जिंस वार सर्वे किया गया है। नायब तहसीलदारों हरदीप सिंह तथा नीलमणि सिंह के द्वारा सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। जब कि कानूनगो सुपरवाइजर की जिम्मेदारी सौंप गई है। उन्होंने बताया कि खेतों की पकी फसलों गेंहू, लाही, ज्वार, मटर तथा तिली आदि की पड़ताल का कार्य कदौरा विकास खंड तथा महेवा विकास खंड के गांवों में चल रहा है। राजस्व विभाग के कार्यों की जानकारी देते हुए नायब तहसीलदार ने अवगत कराया कि राजस्व विभाग के कार्यों को निपटाने के लिए तहसीलदार अभिनव तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित मीटिंग में विभागीय कार्यो की समीक्षा की गई।

# आसमान से फसलों पर फिर बरसी आफत

## मंगलवार को बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि, इसी महीने में दो बार हो चुकी है भारी ओलावृष्टि

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** जिले में मंगलवार को एक बार फिर से मौसम ने करवट बदली। शहरी क्षेत्र के अलावा ग्रामीणांचलों में भी बारिश हुई। जिले के कुछ क्षेत्रों में ओला भी गिरे। जिससे फसलों को काफी नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। इसी माह दो बार ओलावृष्टि से फसलों में हुए नुकसान से किसानों में मायूसी छा गई है।

दूसरी ओर बारिश के कारण ठिठुरन बढ़ गई और लोगों को सर्दी से बचने के लिए गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा। एक पखवाड़े पूर्व बारिश के साथ ओले गिरने से गेहूं, सरसों, चना समेत अन्य दलहन एवं तिलहन फसल को काफी नुकसान पहुंचा था। इसके बाद सोमवार की शाम फिर से मौसम ने करवट बदली और मंगलवार की सुबह बारिश के साथ ओले गिरे।

**फसलों को हो रहा भारी नुकसान:** मंगलवार को बारिश के साथ हुसेनगंज समेत अन्य कई ग्रामीण क्षेत्रों में ओले बरसने से गेहूं, चना सरसों की फसल में भारी नुकसान हुआ। किसानों ने बताया कि बारिश के साथ ओले गिरे। इससे किसानों को काफी नुकसान का सामना करना पड़ा है। इनदिनों गेहूं को छोड़ कर अन्य फसलें पक कर तैयार हो रही हैं। किसानों की मेहनत पर कहर बरप रहा है।


बारिश के साथ गिरे ओले। अमृत विचार


बारिश और ओलावृष्टि से गिरी फसले। अमृत विचार

### हवाओं ने कराया सर्दी का एहसास

बारिश के साथ शीतलहर चलने से सर्दी का एहसास हुआ। बेमौसम बारिश से आम जनजीवन प्रभावित रहा। वहीं खेती में नुकसान की चिंता बढ़ने से किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें देखने को मिलीं। वहीं फाल्गुनी मौसम में दिन में गर्मी की दस्तक देने से ज्यादातर लोगों ने गर्म कपड़ों से तौबा कर लिया, लेकिन मंगलवार को बारिश के कारण शीतलहर के दौर में फिर से गर्म ऊनी वस्त्रों का लोगों को सहारा लेना पड़ा। मंगलवार को सूर्यदेव के दर्शनमात्र ही हो पाए।

### गिरने लगा तापमान

फरवरी के चौथे सप्ताह में मौसम का मिजाज और बेढ़ब हो गया है। मंगलवार को बारिश और ओलावृष्टि होन से तापमान में भी बदलाव आया है। वहीं पूरब-पश्चिम, उत्तर दिशाओं से चल रही सर्दीली हवाएं तीर सी चुभीं। जिससे तीखी सर्दी महसूस हुई। मंगलवार को अधिकतम तापमान 27 तो न्यूनतम 15 डिग्री दर्ज किया गया।

### आने वाले दिनों में मौसम का पूर्वानुमान

| दिन | अधिकतम | न्यूनतम | मौसम |
|---|---|---|---|
| बुधवार | 27 | 13 | आकाश साफ |
| गुरुवार | 28 | 16 | आकाश साफ |
| शुक्रवार | 31 | 19 | धूप-हल्के बादल |
| शनिवार | 32 | 18 | हल्के-मध्यम बादल |
| रविवार | 27 | 12 | हल्के-घने बादल |
| सोमवार | 26 | 12 | आकाश साफ |

(नोट- तापमान डिग्री सेल्सियस में)

# सर्द हवाएं फिर ले आईं सर्दी, बढ़े मरीज

संवाददाता फतेहपुर

- बारिश के बाद मरीजों की लगातार बढ़ रही है संख्या
- खांसी, जुकाम, बुखार के घर-घर में हो रहे मरीज

**अमृत विचार।** उत्तर-पश्चिमी तेज हवाओं ने फिर गर्मी को रोक दिया है। इससे अभी भी सर्द मौसम बना हुआ था। मंगलवार सुबह तेज बारिश के बाद सर्दी में इजाफा हुआ है। बदलते मौसम और बारिश के बीच मरीजों की संख्या बढ़ रही है। इससे लोगों को जुकाम बुखार के शिकार हो रहे हैं।

तापमान का यह उतार-चढ़ाव केवल फरवरी में नहीं बल्कि मार्च में भी चलता रहेगा। ऐसे में सर्दी बढ़ने से घर-घर मरीज दिखाई दे रहे हैं। बदलते मौसम में लापरवाही लोगों को बीमार कर रही है। सरकारी से लेकर निजी अस्पतालों में खांसी-जुकाम बुखार के मरीजों की इलाज को भीड़ उमड़ रही है। मौसम की आंखमिचौली ने एक बार फिर लोगों की मुसीबतें बढ़ा दी हैं। सर्दी कम होने पर जहां लोगों ने गर्म कपड़ों को पैक करना शुरू कर दिया था तो एक बार फिर सर्द हवाओं ने फिर लोगों को गर्म कपड़े पहनने पर मजबूर कर दिया है। बदलते मौसम की चपेट में आकर लोग बीमार होकर एक बार फिर अस्पतालों में पहुंच रहे हैं। अस्पताल आने वाले मरीजों में सबसे ज्यादा खांसी जुकाम और मौसमी बीमारियों के मरीजों की अच्छी खासी संख्या दिखाई दे रही है। जिला अस्पताल की ओपीडी में मंगलवार को पर्चा काउंटर पर 1050 मरीजों ने रजिस्ट्रेशन कराया। ओपीडी में चिकित्सकों ने मरीजों की जांच करने के बाद इलाज किया।


जिला अस्पताल में मरीजों की कतार।

"अभी सर्दी खत्म नहीं हुई है। रोज मौसम में हो रहे बदलाव से शरीर के प्रति लापरवाही से स्वास्थ्य गड़बड़ हो रहा है। खांसी जुकाम बुखार की किसी भी समस्या पर नजदीकी सरकारी अस्पताल में चिकित्सक को दिखाकर इलाज कराएं।

-डा. एनके सक्सेना, फिजीशियन

### सर्दी लगने के यह होते हैं लक्षण

मरीज को सर्दी लगना, शरीर का कांपना, जुकाम के कारण सिर दर्द होना, गले में खराश होना, पूरे शरीर का टूटना आदि लक्षण हैं।

### इस तरह से करें बचाव

- सुबह शाम घर से बाहर निकले तो गर्म कपड़ों से अपने को ढक कर रखें
- ठंडे पेय पदार्थ व आइसक्रीम से पूरी तरह परहेज करें
- ऑयली स्पाइसी भोजन का सेवन कम करें
- सर्दी कम नहीं हुई है रात में पंखे का प्रयोग न करें

### इन बातों पर रखें ध्यान

- बुखार आने पर पैरासिटामॉल टेबलेट खाएं
- गुनगुना पानी पिएं, ठंडे पानी से परहेज रखें
- मास्क लगाएं, धूल आदि से बचाव करें
- अधिक परेशानी होने पर डॉक्टर से सलाह लें

# गेहूं खरीद को कराएं पंजीयन एक मार्च से होगी खरीद

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- धान खरीद होने के बाद अब गेहूं खरीद की शुरू हुई कवायद
- विपणन विभाग क्रय केन्द्र बनाकर तैयारियों में जुटा

**अमृत विचार।** धान खरीद के बाद अब गेहूं की खरीद इस बार एक मार्च से ही शुरू हो जाएगी। इसको लेकर अधिकारी लगातार तैयारी में जुटे हुए हैं। सभी केंद्र प्रभारियों को प्रतिदिन कम से कम 15 किसानों के पंजीयन करने के निर्देश दिए गए हैं। जिससे मौके पर किसानों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

प्रति वर्ष गेहूं की सरकारी खरीद अप्रैल से शुरू की जाती थी लेकिन इस बार सरकार ने लक्ष्य को पूरा करने के लिए एक मार्च से ही शुरू करने के लिए निर्देश दिए हैं। इसको लेकर जिले में पहले ही 35 खरीद केंद्र फाइनल किया जा चुके थे और अब हाल ही में पीसीएफ समेत अन्य एजेंसियों ने और केंद्रों के प्रस्ताव दिए हैं। कुल मिलाकर जिले में खरीद केंद्र गेहूं की खरीद के लिए तैयार हैं। इनमें बोरा से लेकर सभी उपकरण रखवाए जा रहे हैं। गेहूं की खरीद के लिए भी किसानों का पंजीयन अनिवार्य किया गया है। इसको देखते हुए सभी किसानों से शीघ्र पंजीयन कराने की अपील की गई है जिससे बाद में किसानों को भटकना न पड़े। इसको देखते हुए सभी मार्केटिंग विभाग के कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि प्रतिदिन कम से कम 15 किसानों के पंजीयन किए जाएं। एक मार्च से जिले में विधिवत गेहूं की खरीद शुरू हो जाएगी। अभी गेहूं खरीद के लिए केंद्र और बढ़ने की उम्मीद है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने सभी को तहसील स्थित केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रतिदिन कम से कम 15 किसानों को बुलाकर उनके पंजीयन हर हाल में किए जाएं। किसान सुविधा केंद्र के माध्यम से भी पंजीकरण करा सकते हैं।

# तालाब में गैस बन जाने से 8 क्विंटल मछलियां मरीं

**औंग।** तालाब में गैस बनने से बड़ी संख्या में मछिलयों की मौत हो गई। मंगलवार सुबह हुई जानकारी के बाद मत्स्य पालक में हड़कंप मच गया। बाद में मछलियों को बाहर निकालकर उन्हें दफना दिया गया।

औंग कस्बा स्थित पोखरी तालाब में बड़ी संख्या में मछलियां मर गईं। मंगलवार सुबह तालाब में मरी मछलियां उतराती देख हड़कंप मच गया। मत्स्य पालक छोटे मुन्ना उर्फ अब्दुल सत्तार व सुनील गोड़िया ने बताया है कि मौसम के उतार चढ़ाव के कारण तालाब में गैस बन जाने के कारण करीब आठ क्विंटल मछलियां मर गई हैं। जिससे करीब सवा लाख रुपए का नुकसान हुआ है। मरी हुई मछलियां पानी में उतरा रही थीं, जिन्हें मत्स्य पालक तालाब से निकालकर उन्हें दफना दिया। बताया कि इससे पहले तालाब में गैस खत्म करने के लिए दवा का घोल बनाकर डाला गया था। ग्रामीण यह समझ नहीं पा रहे कि तालाब में गैस कैसे बनी।

# परदेश से लौट रहा युवक जहरखुरानी का शिकार, सामान व रुपये लूट लिया

संवाददाता फतेहपुर

- हैदराबाद से लौट रहा था युवक, नशीला पदार्थ खिलाकर सामान लूटा
- थरियांव थाना क्षेत्र के बड़ा पुल के पास अचेत मिला युवक

**अमृत विचार।** एक युवक हाइवे किनारे सड़क पर बेहोशी हालत में पड़ा था स्थानीय लोगों की नजर जब पड़ी तो मौके पर भीड़ लग गई। युवक के परिजन भी खोजते हुए जब मौके पर पहुचे तो उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिजनों ने बताया कि बेटा हैदराबाद से कमाकर घर आ रहा था।

थरियांव थाना क्षेत्र के हस्वा चौकी क्षेत्र के बड़े पुल के पास सड़क किनारे एक युवक बेहोश पड़ा था। सुबह जब लोगों की नजर पड़ी तो भीड़ लग गई। इसी बीच युवक के परिजन बेटे को खोजते हुए मौके पर पहुचे तो पिता उदय ने बताया कि बेटे जगजीत निवासी उदय सराय हैदराबाद में रहकर एक फैक्ट्री में प्राइवेट काम करता है। परिवार में शादी में शामिल होने बीती दिन सोमवार को हैदराबाद से घर के लिए चला था। रात में जब फतेहपुर पहुंच गया तो फोन पर जानकारी दी। उसके कुछ घंटे बाद जब फोन पर सम्पर्क किया तो फोन बंद था। जब बेटा रात में घर नही पहुचा तो सुबह तलाश शुरू कर दिया। जब यहां पर पहुंचे तो बेहोशी की हालत में पड़ा था। बेटे को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसका सारा सामान गायब है बेटे ने बताया था कि सभी के लिए कपड़ा और कमाई का पैसा लेकर आ रहा है। इस मामले में थाना प्रभारी रणजीत बहादुर सिंह ने बताया कि मामला उनकी जानकारी में नही है अगर परिजन तहरीर देते है तो जांच कर मुकदमा दर्ज किया जायेगा।


मौके पर जुटी लोगों की भीड़। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### मौसेरे भाई ने बहन की भेजी अश्लील फोटो, मंगेतर ने तोड़ी शादी

**फतेहपुर।** रिश्ते के मौसेरे भाई ने युवती के मंगेतर के पास उसकी अश्लील तस्वीर भेज दी। इससे युवती की शादी टूट गई। सोमवार को बारात आनी थी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। राधानगर थाना क्षेत्र निवासी एक युवती ने बताया कि 26 फरवरी को उसकी शादी तय थी। वरीक्षा और गोदभराई की रस्म पहले हो चुकी थी। थरियांव थाना क्षेत्र निवासी रिश्ते में मौसेरे भाई ने छेड़छाड़ करके उसकी अश्लील फोटो बनाई और मंगेतर को 17 नवंबर और 31 दिसंबर को फेसबुक के जरिए भेज दी। इस वजह से वर पक्ष ने शादी तोड़ दी। शादी से पहले उसके घर वालों के तीन लाख रुपये भी खर्च हो गए। प्रभारी थानाध्यक्ष संदीप कुमार सिंह ने बताया कि मामले की विवेचना की जा रही है। ग्रामीणों से भी पूछताछ की जाएगी। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### एंटी रोमियो टीम ने अभियान चला दी चेतावनी

**फतेहपुर।** महिलाओं की सुरक्षा और स्कूल कॉलेज के आसपास बिना वजह घूम रहे युवकों के खिलाफ एंटी रोमियो टीम ने अभियान चलाया। अभियान के तहत ग्राम स्तर पर महिलाओं को पम्पलेट के माध्यम से हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देश पर सुबह से एंटी रोमियो की टीम ने शहर के सभी स्कूलों के आसपास बिना वजह घूम रहे मनचले युवकों को पकड़कर चेतावनी देते हुए छोड़ दिया। इसके साथ ही स्कूलों में जाकर छात्रों को खुद की सुरक्षा को लेकर हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी। इसी के साथ एंटी रोमियो की टीम ने ग्राम स्तर पर पहुंचकर महिलाओं को पम्पलेट देकर खुद की सुरक्षा के लिए जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने बताया कि मिशन शक्ति और ऑपरेशन जागृति के तहत पूरे जिले में एंटी रोमियो की टीम ने अभियान चलाया है। अभियान के तहत महिलाओं और स्कूल के छात्रों को सरकार द्वारा जारी किए गए हेल्पलाइन नम्बर, वीमेन पॉवर लाइन, महिला हेल्प लाइन, एम्बुलेंस सेवा, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, पुलिस आपातकालीन सेवा, चाइल्ड लाइन, स्वास्थ्य सेवा तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में जानकारी दी। इसके साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओं के सम्बन्ध में भी जानकारी देते हुए जागरूकता पंपलेट वितरित किए गए। इसी के साथ विभिन्न थानों की एन्टी रोमियो टीम द्वारा प्रमुख चौराहों, पार्कों एवं भीड-भाड़ वाले स्थानों के आसपास चेकिंग कर मनचलों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत अभियान चलाया गया।

# रोडलाइट लेकर चल रहा था, करंट से मौत

संवाददाता फतेहपुर

- हुसेनगंज से राधानगर थाना क्षेत्र में आई थी बारात

**अमृत विचार।** रोड लाइट लेकर बारात में चल रहा युवक की करंट की चपेट में आकर झुलस गया। जब तक कोई कुछ समझ पाता तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी पर पहुंचे परिजनों में शव देख कोहराम मच गया। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

हुसैनगंज थाना क्षेत्र के लालीपुर गांव निवासी मोहन मजदूरी कर परिवार चलाता था। परिजनों ने बताया कि मोहन शादी बारातों में रोडलाइट लेकर चलने का भी काम करता था। सोमवार रात बलुवापुर गांव से बारात लेकर रोड लाइट के साथ वह राधानगर क्षेत्र के गांव मदरियापुर गांव आया था। बारात के साथ रोड लाइट लेकर चल रहा मोहन करंट की चपेट में आ गया। जिससे वह बुरी तरह से झुलस गया। जिससे उसकी मौत हो गई।

# दुष्कर्म का फरार आरोपी गिरफ्तार

**फतेहपुर।** बिन्दकी कोतवाली पुलिस ने मेउना गांव निवासी अमित उर्फ राजू पुत्र छोटेलाल के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया था। इसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश किया है।

**डीएम साहब ! ध्यान दीजिए** — लोगों की जान से खिलवाड़ करते हैं मानकविहीन अस्पताल, आए दिन मरीजों की हो रही मौत

# तीन दिन में दो की मौत, नहीं हुई कार्यवाही

अमृत विचार फालोअप

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** जिले में छोलाछाप डाक्टर मरीज माफिया बन गए हैं। वह शहर और कस्बों में निजी अस्पताल, नर्सिंग होम व क्लीनिक खोलकर बीमारों का इलाज करते हैं। कभी-कभी इलाज कराने आये मरीज की जान पर बन आती है। ऐसा ही एक मामला बकेवर कस्बे का सामने आया है। सोमवार को झोलाछाप डाक्टर के गलत इंजेक्शन लगाने से मरीज इंद्रजीत की मौत हो गई। तीन दिनों पहले इसी डाक्टर के उपचार से एक महिला ने दम तोड़ दिया था। बताया जाता इस हास्पिटल का उद्घाटन पन्द्रह दिनों पहले पुलिस के एक अधिकारी ने किया था।

स्वास्थ्य विभाग की आंखों में धूल झोककर बड़ी संख्या में अवैध निजी अस्पताल, नर्सिंग होम व क्लीनिक चलाये जा रहे हैं। जिनके पास न तो प्रशिक्षित डाक्टर हैं और न ही फार्मासिस्ट। इन्हे अस्पताल चलाने का विभाग से लाइसेंस भी प्राप्त नहीं हुआ फिर भी बिना किसी रोक टोक के संचालित हो रहे। बता दें कि इनके गलत इलाज से कमोवेश हर महीने किसी न किसी मरीज की मौत हो जाती है। खास बात तो यह है कि इन पर कार्यवाही भी हुई तो खानापूर्ति के समान तथा कुछ दिनों में राजनैतिक प्रभावशाली लोगों या अफसरों के निष्क्रिय होने पर कुछ दिनों बाद पुनः अस्पताल संचालित हो जाते और विभागीय जांच में ठंडे बस्ते में पड़ जाती है। दोषियों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही न होने से अवैध ढंग से संचालित हास्पिटल पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। ये आय दिन किसी न किसी को मौत की दावत बांटते रहते हैं। कहने भर को तो जिले में 70 निजी अस्पताल व नर्सिंग होम ने रजिस्ट्रेशन करवाये हैं। लेकिन जिले में इनकी संख्या 200 से अधिक हैं।

### गम्भीर नहीं दिखते नोडल अधिकारी

निजी अस्पताल व नर्सिंग होम की जांच के लिए जिले के सीएचसी व पीएचसी प्रभारियों को नोडल अधिकारी क्षेत्रीय स्तर पर नामित किया गया है। अवैध ढंग से संचालित होने वाले निजी अस्पताल व नर्सिंग होम एवं क्लीनिक की जांच कर सीएमओ को अपनी रिपोर्ट प्रेषित करेंगे। जांच में कौन मानक पूरी नहीं करते है बिन्दुवार प्रभारी चिकित्साधिकारी को रिपोर्ट देनी है। विभाग ने कईयों के खिलाफ नोटिस भेजकर करके स्पष्टीकरण भी मांगा है।

### घटना के बाद लटक रहा ताला

सूत्र बताते हैं कि जिस हास्पिटल में इंद्रजीत इलाज दौरान दम तोड़ा। उसका उद्घाटन पन्द्रह दिनों पहले पुलिस के अधिकारी ने फीता काटकर किया था। मौत के बाद से हास्पिटल बंद है। इससे पता चलता है कि अस्पताल संचालक लोगों के बीच अपना प्रभाव दिखाने के लिए तरह-तरह के जतन करते हैं, जिसकी नजीर की बानगी भर है।

### आखिर क्यों नहीं होती कार्यवाही

गलत उपचार से इंद्रजीत की हुई मौत के मामले में बकेवर पुलिस ने तहरीर लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लेकिन आरोपी डाक्टर के खिलाफ दूसरे दिन भी रिपोर्ट दर्ज नहीं किया। जांच के नाम पर खाकी पीड़ित को टरका रही है। इससे परिजन काफी आहत हैं। क्षेत्रीय लोग भी तरह-तरह की चर्चायें कर रहे हैं।

### एक के बाद एक मौत

बकेवर थाना क्षेत्र के जवाहरपुर गांव निवासी इंद्रजीत की बकेवर स्थित कृष्णा हास्पिटल में डाक्टर के गलत उपचार से सोमवार को मौत हो गई थी। परिवारीजनों का आरोप है कि इंद्रजीत को बुखार आया डाक्टर के पास लेकर आये। डाक्टर द्वारा गलत इंजेक्शन लगा देने से मौत हो गई। मौत के बाद आक्रोशित हुए लोगों ने हंगामा काटना शुरू कर दिया और बकेवर पुलिस मौके पर बुला लिया। पुलिस के हस्तक्षेप पर मामला शांत हुआ। उक्त अस्पताल बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रहा था। इसी झोलाछाप डाक्टर ने तीन दिनों पहले खजुहा के निवासी जो कुछ सालों से बकेवर में मकान बनाकर रहते हैं। उसके परिजन महिला को उपचार के लिए हास्पिटल लेकर गलत उपचार से महिला ने दम तोड़ दिया था। मौत होने पर झोलाछाप डाक्टर ने मरीज के परिजनों को समझा बुझा कर शांत करा दिया।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, महोबा

पत्रांक :-1039/ न0पा0प0 महोबा/2023-24

दिनांक 27.02.2024

### नीलामी सूचना

एतद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद महोबा के निम्नलिखित ठेकों की नीलामी वित्तीय वर्ष 2024-25 (01.04.2024 से 31.03.2025) के लिए दिनांक-06.03.2024 को निर्धारित समय अपराह्न 01:00 बजे कार्यालय नगर पालिका परिषद महोबा के सभा कक्ष में की जाएगी। इच्छुक पात्र व्यक्ति उपरोक्त तिथि व समय पर नीलामी में भाग ले सकते है। नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्गत नवीनतम मान्य चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र व अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका द्वारा अदेयता प्रमाण पत्र तथा सम्बन्धित ठेके के सम्मुख अंकित जमानत धनराशि नगद जमा करनी होगी। 2. बोली स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

3. ठेका विज्ञापन किराया के सर्वोच्च बोलीदाता को बोली स्वीकृत होने के पश्चात ठेके की सम्पूर्ण धनराशितीन समान किश्तों में जमा करनी होगी। प्रथम किश्त ठेका स्वीकृत होने के बाद सम्पूर्ण धनराशि का 1/3 भाग ठेकेदार को तुरन्त जमा करना होगी। तत्काल न जमा किए जाने पर जमानत धनराशि जब्त करते हुए बोली निरस्त कर पुनः नीलामी करायी जायेगी।

4. ठेके से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में पालिका के कर अनुभाग में देखी व पढ़ी जा सकती है।

5. यदि ठेका की नीलामी उक्त तिथि को नहीं हो सकेगी उनकी नीलामी पुनः निर्धारित की गयी तिथि पर कार्यालय नगर पालिका परिषद, महोबा के सभाकक्ष में की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति नीलामी में भाग ले सकते हैं।

| क्र0 सं0 | नीलामी ठेके का नाम | धरोहर धनराशि | हैसियत प्रमाण पत्र की धनराशि | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन किराया | 10000.00 | 100000.00 | 02:00 बजे अपराह्न से |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद महोबा

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद महोबा

न हृष्यत्यात्मसम्माने नावमानेन तप्यते।
गंगो ह्रद इवाक्षोभ्यो य : स पंडित उच्यते।।

जो अपना आदर-सम्मान होने पर खुशी से फूल नहीं उठता और अनादर होने पर क्रोधित नहीं होता तथा गंगाजी के कुंड के समान जिसका मन अशांत नहीं होता, वह ज्ञानी कहलाता है।

## संपादकीय

# निष्प्रभावी यूएनएससी

यूक्रेन की स्थिति को लेकर भारत लगातार चिंतित है। भारत ने महत्वपूर्ण सवाल उठाया है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद दो साल से जारी रूस-यूक्रेन संघर्ष को सुलझाने में पूर्णतयाः निष्प्रभावी क्यों रही? जबकि सुरक्षा परिषद पर अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने का जिम्मा है। शनिवार को संयुक्त राष्ट्र में भारत के प्रतिनिधि ने कहा कि शत्रुता और हिंसा का बढ़ना किसी के हित में नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सितंबर 2022 में समरकंद में शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के मौके पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ मुलाकात के दौरान कहा था कि युद्ध का युग नहीं है। भारत की ओर से हमेशा कहा गया है कि कोई भी समाधान मानव जीवन की कीमत पर कभी नहीं निकल सकता। इसलिए शत्रुता को शीघ्र समाप्त करने और बातचीत एवं कूटनीति के रास्ते पर तत्काल वापसी के लिए सभी प्रयास किए जाने चाहिए। वास्तव में यूक्रेन संघर्ष के प्रति भारत का दृष्टिकोण जन-केंद्रित रहेगा। जरूरी है कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को विकास संबंधी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए साझा उद्देश्यों और इन उद्देश्यों को हासिल करने के लिए आवश्यक साझेदारी एवं सहयोग पर ध्यान केंद्रित रखना चाहिए।

युद्ध मानवता के लिए अभिशाप बनता जा रहा है। भारत ने इस बात पर खेद जताया कि युद्ध के कारण भोजन, ईंधन और उर्वरकों की कीमत बढ़ रही है,व्यापक पैमाने पर दुनिया प्रभावित हो रही है और खासकर 'ग्लोबल साउथ' के देशों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। मतभेदों एवं विवादों का एकमात्र समाधान वार्ता ही है,भले ही इस समय यह काम कितना भी दुष्कर क्यों न लगे। शांति के मार्ग के लिए हमें कूटनीति के सभी माध्यम खुले रखने होंगे। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र प्रणाली में सुधार को लेकर इसके स्थायी सदस्यों में बीते काफी समय से उत्साह की कमी देखी गई, लेकिन वे सभी इस बात पर सहमत हुए हैं कि सुरक्षा परिषद में बदलाव लाना आवश्यक है। परिषद में स्थायी सदस्य अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, रूस, चीन और अन्य देशों के बीच शक्ति असंतुलन को तत्काल दूर करने की आवश्यकता है ताकि परिषद को अधिक लोकतांत्रिक बनाया जा सके और अंतर्राष्ट्रीय शांति, सुरक्षा एवं व्यवस्था को नियंत्रित करने में इसकी वैधता बढ़ाई जा सके। वर्तमान गैर-स्थायी सदस्य के रूप में भारत सुरक्षा परिषद में सुधार के प्रस्तावों के व्यापक सेट वाले एक संकल्प का मसौदा तैयार कर सकता है। सुरक्षा परिषद बहुपक्षवाद को प्रभावी बनाने के लिए पुरानी एवं पुरातन संरचनाओं में सुधार और उनके पुनर्निर्माण की आवश्यकता है,अन्यथा उनकी विश्वसनीयता हमेशा कम होती रहेगी। इसीलिए इसके विस्तार की जरूरत है।

# कहानियों से प्रेरणा और कैरियर चुनने का ताना-बाना



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

कौन बच्चा विकसित होकर अपने लिए कैसा काम और कैरियर चुनता है यह 'प्रिडिक्टिव' नहीं होता। जरूरी नहीं आईएएस का बेटा आईएएस ही बने और किसान का किसान ही। उम्र के बढ़ने के साथ जब संसेस काम करना शुरू करती है तब हर एक मनुष्य अपने लिए एक अलग तरह ही अल्गोरिथम्स की रचना करता है।

क्या एक वैज्ञानिक की कहानी पढ़कर इसे पढ़ने वाले बच्चे वैज्ञानिक बनते हैं? मेरा ख्याल है एक कहानी जिसमें संक्षिप्त में एक व्यक्तित्व या घटना का जिक्र होता है, दस बच्चे पढ़ेंगे तो दसों ही अलग तरह से मोटिवेट होंगे। इनमें से एक टीचर बनेगा और दूसरा स्पेस साइंटिस्ट। ऐसा क्यों? जरूरत यह जानने की है कि कहानी पढ़ने से इन बच्चों के मन-मस्तिष्क में किस तरह का परिवेश जन्म लेता है और यह किस फॉर्म में विकसित होता रहा, आकार लेता रहा और इनके लिए आगे के जीवन में परिस्थितयां कैसे रूपाकार लेती रहीं, बनती-बिगड़ती रहीं।

'प्रेरणा' एक बहुत ही जटिल घटना है जिसके बारे में न्यूरोबायोलॉजिस्ट द्वारा कई स्तरों पर जांच की गई है और उनके विचार और सिद्धांत प्रकाशित रूप में उपलब्ध हैं। 'प्रेरणा' की जांच करने के लिए दार्शनिक डोमेन में तल्लीन होकर इसे 'अनुभूति' और 'सीखने' के साथ सह-संबंधित करने और फिर प्रेरणादायक कहानियों को पढ़ने या सुनकर व्यवहार को संशोधित करने के अलावा, इसे और अधिक गहराई से जानने के लिए तैयार किए गए प्रश्न अभी भी अनुत्तरित हैं। मनुष्य व्यवहार के संकेतों का क्या 'नुमेरिकल वैल्यूज' देकर और एक ज्ञात स्टेटिस्टिकल मॉडल के आधार पर इनका विश्लेषण करके हम वास्तव में कुछ जान पाएंगे। मेरे हिसाब से इस मामले में मचीन लैंग्वेज विकसित करने वाले जैसे ही आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस पर जो लोग काम कर चुके हैं, वे ही अधिक स्पष्टता से टिप्पणी कर पाएंगे।

क्या एक वैज्ञानिक की कहानी पढ़कर इसे पढ़ने वाले बच्चे वैज्ञानिक बनते हैं? मेरा ख्याल है एक कहानी, जिसमें संक्षिप्त में एक व्यक्तित्व या घटना का जिक्र होता है, दस बच्चे पढ़ेंगे तो दसों ही अलग तरह से मोटिवेट होंगे। इनमें से एक टीचर बनेगा और दूसरा स्पेस साइंटिस्ट। ऐसा क्यों? जरूरत यह जानने की है कि कहानी पढ़ने से इन बच्चों के मन-मस्तिष्क में किस तरह का परिवेश जन्म लेता है और यह किस फॉर्म में विकसित होता रहा, आकार लेता रहा और इनके लिए आगे के जीवन में परिस्थितयां कैसे रूपाकार लेती रहीं, बनती-बिगड़ती रहीं। परिवेशी फैक्टर्स और मोटिवेशनल वैल्यूज में -जो कहानी पढ़ने के बाद पैदा हुई, किस तरह का सामंजस्य पैदा होता है, यह न्यूरो-बायोलॉजिकल मेथड्स से भी ठीक से मालूम नहीं पड़ता।

मोटिवेशनल सिग्नल्स के पैटर्न्स को इन्टरप्रेट करना ही एक चुनौती है। मान लीजिए इस समस्या को हम 'चैट-जीपीटी' को सौंप देते हैं जो कि एक आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस टूल है। यह टूल नहीं बता सकता कि एक कहानी पढ़ने के बाद बच्चा और व्यस्क किस तरह से प्रभावित होकर क्या करेगा। 'बिहेवियर प्रीडिक्शन' एक मुश्किल काम है। इंदौर के संजय वर्मा ने 'क्या कहानियां प्रेरणा देती हैं' (अमृत विचार-24 फरवरी 2024) के माध्यम से जो कहना चाहा है उसे निष्कर्ष तो मान ही नहीं सकते,बल्कि एक इंडिकेटर जरूर है अर्थात बड़े पैमाने पर एक्जामिन करने के लिए समस्या की ओर यह एक इशारा मात्र है। निर्भर करता है कि ऐसे किसी एक या इससे समस्या के वैज्ञानिक अध्ययन की डिजाइनिंग कितनी कुशलता से की गई है जिससे बिहेवियरल निष्कर्ष निकाला जा सके जोकि सोशयली रिलेवेंट हो। अफसोस है कि भारत के सोश्यो-साइकोलोजिस्ट इस तरह के एक्सपेरिमेंट सेट-अप नहीं करते और न ही देश के न्यूरो-बायोलॉजिस्ट से इस मामले में प्रयोग करने के लिए कोआर्डिनेट करते हैं। यह मामला बेसिक साइंसेज में रिसर्च का है जिसे डिस्करेज किया जाता है। बेसिक रिसर्च के बिना 'कौशल' विकास भी असंभव होता है। इस बारे में उपलब्ध शोध-साहित्य से भी कोई निश्चित निष्कर्ष प्राप्त नहीं किए सकते। मेरा खुद का मानना है कि ऐसे प्रश्नों का उत्तर ढूंढने के लिए जो साइंटिफिक रूट हम अपनाना चाहते हैं वह शायद इस काम के लिए अभी उतना विकसित नहीं हुआ है जितना कि सोशल टूल्स या खुद वह मनुष्य जो यह बताए कि फलानी कहानी पढ़ने से उसे यह प्रेरणा मिली और वह वैसा ही करने या बनने के लिए खुद को तैयार करता रहा और किया या बना। मुझे नहीं लगता कि ऐसा कोई उदाहरण हमें दुनिया में मिल सकता है। यह मामला थ्योरेटिकल से आगे प्रैक्टिकल तक या व्यवहार तक पहुंचाने जाने और नतीजे रिपीट होने, देखने में अभी और वक्त लग सकता है। इसीलिए दुनिया में 'डाइवर्सिटी' का बोलबाला है। अपने भीतर अगर हम खुद झांक कर देखें तो पाएंगे कि प्रेरणा के स्रोत तो मौजूद रहे लेकिन पंचतंत्र जैसा कथा साहित्य पढ़कर किसी को पत्रकार या वैज्ञानिक बनने की प्रेरणा मिली हो, ऐसा मैं नहीं मानता। यह सब परोक्ष प्रभाव से होता है और कहानियों से हम एक वैल्यू-सिस्टम से अवगत हो सकते हैं, कैरियर डेवलपमेंट के लिए नहीं। एनालिस्ट तो यह कहते हैं कि फोकलोर की कहानियों में कोई 'मोरल' कभी नहीं दिया जाता, सिर्फ घटना का जिक्र होता है। वैल्यूज ओर मोरल श्रोता को खुद निकालना होता है।

कहानियां पढने वाले बच्चों और युवाओं में कहानियों से प्रेरणा लेकर किस तरह का 'ब्रेन-मॉडयूल' विकसित होता है, यह जानना एक कौतुक से कम नहीं। इस बारे में भी शोध हुआ है। इसके अलावा 'ह्यूमन-मोटिवेशन' की एक एल्व्युशनरी थ्योरी पर भी काम हुआ है जिसका जिक्र सन 2006 में प्रकाशित 'जेनेटिक, सोशल एंड जनरल साइकोलॉजी' नाम से एक मोनोग्राफ में हुआ है। अकसर पेरेंट्स ही बच्चों को कहानियों की किताबें या बाल-उपन्यास लाकर देते हैं। मुझे नहीं लगता कि किसी भी माता-पिता को पेरेंटिंग के एल्व्युशन पर किताब पढ़ने की जरूरत महसूस होती है। कुछ तो यह 'नेचुरल' है और बाकी की अपनने परिवेश से मिले 'स्टिमुलाई' पर निर्भर करती है।

कहानी से प्रेरणा लेकर एक किशोर या युवा अगर यह चाहे कि मैं यह बनूंगा, वैसा बनूंगा और उसे वही परिवेश नहीं मिलता जिसमें उसके 'प्रेरणा स्रोत' व्यक्ति का विकास हुआ था और यह बच्चा या किशोर अगर प्रयास करता रहे और वैसा नहीं बने तो उसे निराशा घेर लेगी। निराशा एक रोग है। अनेक पेरेंट्स और खुद युवा भी अपने लिए एक रास्ता कर लेते हैं लेकिन उसके अंतिम छोर, अर्थात लक्ष्य, को नहीं छू पाते और रास्ता नहीं बदलते तो इसके दुष्परिणाम सामने आते हैं। वे कुछ और बन कर अर्थात जीवन के लिए दूसरा कार्य निर्धारित हो जाने के बाद यह टीस लेकर जीते हैं जो चाहते थे वह तो नहीं बन पाए लेकिन अब यही कर लेते हैं जो सामने है। तब इसका उनके व्यक्तित्व और फॅमिली पर क्या असर पड़ता होगा? मेरे जानकारों में एक पेरेंट्स कॉलेज टीचर्स हैं। उनकी बड़ी बेटी ने एमएससी (फिजिक्स) में करने के बाद आईएएस बनने का इरादा किया। तीन साल से परीक्षा दे रही है, लेकिन प्रीलिमिनरी ही क्लियर नहीं कर पा रही। शादी के लायक हो गई है। इतने समय में, इतने ही परिश्रम से पीएचडी कर लेती। दूसरी जगह कहीं कोशिश भी नहीं की है। जिद बांध रखी है कि आईएएस ही करूंगी। मैं ऐसे बहुत से उदाहरण जानता हूं जिन्होंनें आईएएस के लिए कोशिश एकाधिक बार की लेकिन शीघ्र ही संभल गए। आईएएस के लिए की गई तैयारी के आधार पर पर वे कहीं और कामयाब हुए और उसे एक कैरियर के तौर से लेकर खुशी-खुशी रिटायर भी हो गए हैं। मानता हूं कि एक खास काम के लिए खास लेवल तक पहुंचने के लिए समझ का उत्तरोत्तर विकास होता है, लेकिन जब तक समझ बढ़ती है तब तक अवसर निकल चुके होते हैं।

कौन बच्चा विकसित होकर अपने लिए कैसा काम और कैरियर चुनता है यह 'प्रिडिक्टिव' नहीं होता। जरूरी नहीं आईएएस का बेटा आईएएस ही बने और किसान का किसान ही। उम्र के बढ़ने के साथ जब संसेस काम करना शुरू करती है तब हरेक मनुष्य अपने लिए एक अलग तरह ही अल्गोरिथम्स की रचना करता है। इनका फंक्शन शायद इनवोलंटरी अधिक होता है। खुद की कमांड से ये कितना काम करेंगी, मुझे मालूम नहीं। यह तो प्रत्येक मनुष्य अपने भीतर झांक कर देख सकता है। विविधता का आलम इतना विशाल और जटिल प्रतीत होता है कि कहानियों से प्राप्त प्रेरणा की पृष्ठभूमि कहीं दूर गहराई में विलीन होने का अहसास बना रहता है।

## प्रसंगवश

# जीवन में मिथक का सत्य

वास्तव में मिथकों का अध्ययन लोकजीवन के सांस्कृतिक स्रोतों का ही अध्ययन है। उनकी अनदेखी करना अपने को ही वंचित करना होगा।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

मिथक राष्ट्रीयता की शक्ति है। राष्ट्र की शक्ति है। सामूहिक मानस की शक्ति है। अवचेतन मन की ऊर्जा है। जिस के पास मिथकीयता नहीं,वह मानसिक रूप से विकलांग है। उसके पास अभिव्यक्ति की वह शक्ति कदापि नहीं हो सकती कि वह लोकमानस को संबोधित कर सके। मिथक भले ही इतिहास का सच नहीं होता,किंतु लोगों की जिंदगी में उसकी जो भूमिका होती है,वह इतिहास के सच से भी अधिक प्रभावशाली होती है। मिथक लोकचेतना का सच होता है। लोकजीवन मिथकों के साथ जीता है। मिथकों की भाषा में सोचता है, मिथकीय भाषा में अपने को अभिव्यक्त करता है, मिथक को लोकजीवन से विच्छिन्न करके नहीं सोचा जा सकता। मिथक वाचिक परंपरा है। पुराण लिखित परंपरा है।

मिथक-कथाओं की युगानुकूल व्याख्या जरूरी है अन्यथा जिहाद भी मिथक ही तो है। इस विषय पर एक जर्मन लोकवार्ता-शास्त्री कई साल से रिसर्च कर रहे हैं। मिथक समष्टिचेतना का अंश होते हैं,उनकी सत्ता विद्यमान है,किसी महापुरुष के आंख बंद कर लेने से उसकी उपस्थिति में अंतर नहीं आता। यह ऊर्जा है,चिंगारी से दीपक भी जलाया जा सकता है और झोंपड़ी भी। विश्व के लोकवार्ता शास्त्री आज मिथकों के अध्ययन की ओर प्रवृत्त हुए हैं, लिन्क्ड-इन पर जाकर आप माइथोलॉजी-ग्रुप का डिस्कशन देखें, अरबी, इस्लामिक, रोमन, ग्रीक, मेसोपोटामिया, जापानी-चीनी मिथक शास्त्र पर विमर्श चल रहा है। एमीलियोवैली, लौरी होंको आदि ने मानवीकरण, प्रतीकवाद आनुष्ठानिक सिद्धांतों का प्रतिपादन किया है।

वास्तव में मिथकों का अध्ययन लोकजीवन के सांस्कृतिक स्रोतों का ही अध्ययन है। उनकी अनदेखी करना अपने को ही वंचित करना होगा। मिथक मिथ्या नहीं होता है, वह हमारी चेतना का एक सूत्र है,सत्य है। इतिहास का सत्य आपकी किताबों में है,मिथक का सत्य हमारे जीवन में है।

# बढ़ती अर्थव्यवस्था और आर्थिक सुधार



प्रो.एच.सी.पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

भारत में एक नया मध्य वर्ग उभरा है। यह नौकरी के बढ़ते अवसरों और आईटी तथा आउटसोर्सिंग जैसे क्षेत्रों के विस्तार के कारण है।

भारत की व्यापार करने में आसानी सूचकांक यानि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंक 63 है और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता सूचकांक 40 है। 476 मिलियन श्रमिकों के साथ भारतीय श्रम शक्ति दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी शक्ति है,जनसंख्या की दृष्टि से पहले स्थान है। भारत में दुनिया के सबसे अधिक अरबपतियों की संख्या और अत्यधिक आय असमानता भी है।

भारत की अर्थव्यवस्था मिश्रित, नियोजित अर्थव्यवस्था से रणनीतिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय सार्वजनिक क्षेत्र के साथ मिश्रित मध्यम आय वाली विकासशील सामाजिक बाजार अर्थव्यवस्था में परिवर्तित हो गई है। यह नाम मात्र जीडीपी के हिसाब से दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और क्रय शक्ति समता (पीपीपी) के हिसाब से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। प्रति व्यक्ति आय के आधार पर,भारत सकल घरेलू उत्पाद (नाममात्र) द्वारा 139 वें और सकल घरेलू उत्पाद (पीपीपी) द्वारा 127 वें स्थान पर है।

1947 में स्वतंत्रता के दौर से लेकर 1991 तक की आर्थिक नीति को राज्य हस्तक्षेप, प्राकृतिक संसाधन, नौकरशाह संचालित उद्यमों और आर्थिक विनियमन के साथ संरक्षणवादी आर्थिक नीतियों को बढ़ावा दिए जाने वाला रहा है। इस संरक्षणवादी आर्थिक नीति के कारण देश की विकास दर लगभग 3-4 प्रतिशत तक रही और 4 प्रतिशत से आगे नहीं बढ़ पाई। इसलिए इस व्यवस्था को लाइसेंस राज की आर्थिक अनुशासनहीनता के रूप में ही याद किया जाता है। भारत में 1991 में गंभीर आर्थिक संकट के कारण व्यापक स्तर पर आर्थिक उदारीकरण की नीति को अपनाया। इन आर्थिक सुधारों के जनक तत्कालीन प्रधनमंत्री पीवी नरसिंहा राव रहे,उन्होंने उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण की प्रक्रिया शुरू की। इन सुधारों को अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने 'सेकेंड जेनरेशन रिफॉर्म' के रूप में आगे बढ़ाया, उसका परिणाम है कि 21 वीं सदी की शुरुआत से ही वार्षिक औसत सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि 6 प्रतिशत से 7 प्रतिशत रही है और लगातार बढ़ती जा रही है।

भारत की जीडीपी का लगभग 70 प्रतिशत घरेलू उपभोग से प्रेरित है, निजी खपत के अलावा जीडीपी में सरकारी खर्च, निवेश और निर्यात से भी संचालित होती है। इसलिए विकास की गति बढ़ाने के लिए विनिर्माण उद्योग,ऊर्जा,तकनीकी,रक्षा,परिवहन आदि बुनियादी सुविधाओं की गुणवत्ता में आमूलचूल बदलाव की जरूरत थी और इन क्षेत्रों में पिछले एक दशक के दौरान तेजी से सुधार हुआ है। इन्हीं बदलावों में एक महत्वपूर्ण निर्णय जनधन खातों को खोलने का रहा इसने समाज में और गवर्नेंस में पारदर्शिता के रूप में एक नई क्रांति को जन्म दिया। कोविड-19 की वैश्विक महामारी की भीषण त्रासदी के बावजूद आज अर्थव्यवस्था विश्व के अन्य देशों के मुकाबले सबसे तेज गति से बढ़ रही है। इन आर्थिक सुधारों ने भारतीय अर्थव्यवस्था को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए खोलने में मदद की जिससे विदेशी निवेश और व्यापार में वृद्धि हुई। आज देश का रिजर्व लगातार बढ़कर कर 600 बिलियन डॉलर को पार कर गया है, शेयर बाजार का आकार भी विश्व में चौथे स्थान पर पहुंच गया और लगातार बढ़ रहा है। भारत में एक नया मध्य वर्ग उभरा है। यह नौकरी के बढ़ते अवसरों और आईटी तथा आउटसोर्सिंग जैसे क्षेत्रों के विस्तार के कारण है। भारत आज तेज गति से बढ़ रहा है और शीघ्र तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। इसकी सबसे बड़ी वजह युवा जनसंख्या का होना है।

विकास की गति जारी रखने के लिए आवश्यक है कि बुनियादी ढांचे में सुधार के साथ-साथ ऊर्जा,रक्षा,तकनीकी व फार्मा क्षेत्र में शोध तथा नवाचार को बढ़ावा देना होगा। साथ ही शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार भी बढ़ती जनसंख्या के अनुपात में करने से मानव विकास सूचकांक में सुधार होगा। पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सतत विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों पर शोध व अध्ययन को व्यापक स्तर पर प्रोत्साहित करना होगा। न्यूक्लियर एनर्जी, इलेक्ट्रॉनिक वाहनों का प्रयोग, सौर ऊर्जा तथा एथोनोल जैसे जैविक ईंधन पर भी और तेज गति से कार्य करने की आवश्यकता है जिससे पर्यावरण सुरक्षा व विकसित भारत का लक्ष्य पूरा होगा।

## सोशल फोरम

# नवउदारवादी आर्थिकी की परिणति



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

एक आर्थिक विशेषज्ञ बता रहे थे कि पिछले दस साल में कार्पोरेट घरानों द्वारा लिए गए तेरह लाख करोड़ रुपयों के बैंक लोन 'बैड लोन' घोषित हो गए और उन्हें माफ कर दिया गया। महज दस साल में महज कुछ घरानों ने तेरह लाख करोड़ रुपयों को खा पचा लिया। उसके पहले का हिसाब अलग होगा।

दूसरे विशेषज्ञ बता रहे थे कि पिछले एक साल में एक सौ पच्चीस अरबपतियों ने भारतीय बैंकों से लोन लेकर भारत छोड़ दिया। इनमें जिनका लोन सबसे कम था वह एक सौ करोड़ रुपयों का था। नौकरी करने वाले और इनकम टैक्स देने वाले पढ़े लिखे लोग जानते हैं कि पिछले दस वर्षों में आय कर की दरें आनुपातिक रूप से उच्चतम स्तरों पर जा पहुंची हैं।

टैक्स वसूल करने में आयकर विभाग की सख्ती भी पिछले दशक के मुकाबले इस दशक में बढ़ी है। यानी लाखों करोड़ रुपये डकार जाने वाले शक्तिशाली कार्पोरेट से वसूली में सरकार का दम फूल जाता है और वे पब्लिक मनी की लूट मचाकर सुरक्षित निकल जा रहे हैं,लेकिन मध्य वर्ग और निम्न मध्य वर्ग के लोगों के लोन की किस्तें वसूलने में बैंकों की तत्परता देखते ही बनती है। होम लोन या किसी तरह के कंज्यूमर लोन या फिर पर्सनल लोन लेने के बाद कोई आम आदमी एक पैसे की भी हेराफेरी नहीं कर सकता। उन्हें लोन देने वाले बैंक मूल और ब्याज के एक एक पाई का हिसाब रखते हैं। बिना किसी नियमित आय वाले निम्न आर्थिक वर्ग के लोगों को तो बैंक लोन देते ही नहीं।

हम जो अक्सर पढ़ते सुनते हैं कि भारतीय बैंकों की माली हालत अच्छी नहीं है,उसके पीछे के मूल कारण हम नहीं, हमारे दौर के बड़े लोग हैं। ऐसे बड़े लोग जिनके हाथों में सत्ता की डोर होती है और बड़े नौकरशाह जिनके प्यादे बन कर खुद को धन्य महसूस करते हैं। वे हमारे सार्वजनिक संसाधनों पर लगातार कब्जा करते जा रहे हैं। यह तो अलग और बेहद विस्तृत अध्याय है। इसे ही कहते हैं कार्पोरेट राज,जो नवउदारवादी आर्थिकी की स्वाभाविक परिणति है। **-फेसबुक वॉल से**

# गोवा को देश की आध्यात्मिक राजधानी बनाने की तैयारी



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

गोवा में स्थित मंदिरों में मूलत: देश के अधिकांश हिंदू मंदिरों की तरह ही एक देवता की पूजा की जाती है। ऐतिहासिक कारणों से राज्य के मंदिरों की वास्तुकला थोड़ी अलग जरूर है।

कितने भारतीयों को पता है कि पुर्तगाली राज, खूबसूरत समुद्री तटों, नाइट लाइफ और प्राकृतिक सुंदरता से इतर गोवा का सनातन संस्कृति और ऐतिहासिक मंदिरों का समृद्ध इतिहास रहा है? गोवा अपने इसी गौरवशाली अतीत को एक बार फिर से स्थापित करने की ओर बढ़ रहा है। पुर्तगाली शासकों ने अपने 450 वर्षों से अधिक के शासनकाल के दौरान राज्य में मंदिरों को नुकसान पहुंचाया। 1961 तक देश के इस सबसे छोटे राज्य पर शासन के दौरान पुर्तगाली शासकों ने मुस्लिम शासकों की तरह ही हिंदू मंदिरों को नष्ट किया था। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत का दावा है कि पुर्तगालियों ने अपने शासनकाल के दौरान मंदिरों को नष्ट करना शुरू कर दिया था। मराठा राजाओं की चेतावनी और शांति समझौते पर हुए हस्ताक्षर के बाद उन्होंने मंदिरों को नुकसान पहुंचाना बंद किया।

17 वीं सदी में मराठा साम्राज्य की स्थापना करने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक की 350 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित एक समारोह में उन्होंने कहा कि राज्य को उसके समृद्ध सनातन संस्कृति लौटाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार योजना बना रही है। समारोह में उन्होंने कहा कि कम से कम गोवा की आजादी के 60 साल बाद हमें पुर्तगालियों के निशान मिटा देने चाहिए।

गौरतलब है कि मराठा शासक ने ही सबसे पहले देश में स्वराज या स्वशासन का विचार रखा। उन्होंने गोवा आकर सप्तकोटेश्वर मंदिर का पुनर्निर्माण कराया और पुर्तगालियों को मंदिरों को नष्ट करने के खिलाफ चेतावनी दी। राज्य के मुख्यमंत्री ने कहा कि "यही कारण है कि हम कहते हैं कि हिंदू संस्कृति को बचाने का प्रमुख श्रेय शिवाजी और उनके बेटे संभाजी को जाता है।"

इस बीच गोवा पर्यटन विभाग ने एकादश तीर्थ की शुरुआत कर आध्यात्मिकता, स्वदेशी, सभ्यतागत और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर जोर देना शुरू कर दिया है। इस योजना के एक हिस्से के रूप में राज्यभर में 11 मंदिरों के आसपास समुदाय-आधारित पर्यटन केंद्र विकसित करने की तैयारी जोरों पर है। ये सभी 11 मंदिर राज्य के उन सात पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्रों से होंगे,जहां विकास एवं निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता। गोवा पर्यटन विकास निगम (जीटीडीसी) ने क्यूपेम, सत्तारी, कैनाकोना और सवोर्डेम में स्थित मंदिरों को नया और भव्य रूप देने की दिशा में कदम बढ़ाना शुरू कर दिया है। राज्य पर्यटन विभाग गोवा को दक्षिण का काशी के रूप में पहचान दिलाने के लिए लगातार पहल कर रहा है। इसी पहल के तहत गोवा के धार्मिक पक्ष, विशेष रूप से मंदिरों को पर्यटकों के लिए खोला जा रहा है। गोवा पर्यटन बोर्ड की अधिकार प्राप्त समिति जल्द ही आध्यात्मिक पर्यटन सर्किट को अंतिम रूप देगी।

गोवा में स्थित मंदिरों में मूलतः देश के अधिकांश हिंदू मंदिरों की तरह ही एक देवता की पूजा की जाती है। ऐतिहासिक कारणों से राज्य के मंदिरों की वास्तुकला थोड़ी अलग जरूर है। आमतौर पर किसी भी हिंदू मंदिर का मूल डिजाइन मंदिर के गर्भगृह के आसपास ही व्यवस्थित होता है जिसमें मुख्य देवता विराजमान होते हैं। मंदिर के बाहरी डिजाइन में एक मीनार या शिकारा मुख्य मंदिर के ऊपर होता है,जो पारंपरिक रूप से पिरामिड के आकार जैसा होता है।

धार्मिक विरासत स्थलों और ऐतिहासिक मंदिरों में निश्चित रूप से यह क्षमता है कि वे गुणवत्तापूर्ण और अधिक खर्च करने वाले पर्यटकों को लुभा सकें। इसी दृष्टिकोण से राज्य का पर्यटन विभाग गोवा में आध्यात्मिक सर्किट बनाने की रणनीति पर काम कर रहा है। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए पर्यटन विभाग जल्द ही एक विज्ञापन अभियान और वृत्तचित्र श्रृंखला शुरू करने पर विचार कर रहा है। 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के साथ ही गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने राज्य को आध्यात्मिक पर्यटन की राजधानी बनाने की घोषणा कर दी थी। देश में स्थित तिरुपति, शिरडी, अजमेर और अमृतसर जैसे क्षेत्रों की आर्थिक तंत्र का मुख्य हिस्सा ही धार्मिक पर्यटन है। इसके अलावा वेटिकन सिटी,सऊदी अरब में मक्का और पाकिस्तान में करतारपुर साहिब ऐसे स्थल हैं,जो वहां की अर्थव्यवस्था के मुख्य अंग हैं।

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत और उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों ने 15 फरवरी को अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन किए और मंदिर में पूजा-अर्चना की। राम मंदिर को लाखों भारतीयों के प्रेम और विश्वास का प्रतीक बताते हुए एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से उन्होंने अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने एक्स पर लिखा,'अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर श्रीरामलला के दर्शन-पूजन करके खुद को धन्य महसूस कर रहा हूं।'

अंत में यह सवाल है कि क्या गोवा भारत की धार्मिक और आध्यात्मिक राजधानी बन सकता है? निःसंदेह, यह हो सकता है। जिस प्रकार से गोवा अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आगे बढ़ रहा है,मुमकिन है कि जल्द ही यह भारत की आध्यात्मिक राजधानी बन जाएगी।

# बैंकों में डिपॉजिट ग्रोथ

अगर बैंक एफडी पर आने वाले समय में कुछ और बढ़ोतरी करेंगे तो शायद मध्यम वर्ग की जनता के लिए थोड़ी राहत की बात होगी।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

हाल के दिनों में बैंकिग सेक्टर में जमाराशियों में अच्छी ग्रोथ देखने को मिली है। डिपॉजिट रेट यानी एफडी रेट में कुछ बढ़ोतरी से ऐसा मुमकिन हो सका है। वित्त वर्ष 2024 की दिसंबर तिमाही में 12.5 प्रतिशत की वृद्धि दर देखने को मिली है,जो वित्त वर्ष 2023 की इसी तिमाही में 9.6 प्रतिशत ही थी। हालांकि बैंकों का लो कास्ट डिपॉजिट यानी चालू खाता और बचत खाता में जमा राशि में कमी आई है।

इसका कारण जमा राशियों में बढ़ोतरी होना तो है ही,अभी हाल के दिनों में कुछ बैंको ने डिपॉजिट रेट बढ़ाए हैं,वहीं बचत बैंकों पर ब्याज का आकर्षण कम होता गया है। वर्तमान में अगर यूनियन बैंक बचत बैंक का ब्याज देखे तो घटकर 2.75 प्रतिशत रह गया है जबकि एफडी रेट निरंतर बढ़ रहा है,जो वर्तमान समय में 7.90 प्रतिशत हो गया है। (सीनियर सिटीजन के लिए आधा प्रतिशत अधिक) ऐसे में ग्राहकों ने सुविधाओं का लाभ उठाते हुए बचत खाते को फ्लेक्सी खाते (स्वीपिंगखाते) में कनवर्ट करा लिया है और अधिकाश राशियां स्वतः बचत खाते से एफडी खाते में ट्रांसफर हो रही है और ग्राहक इसका भरपूर लाभ ले रहे हैं। मोबाइल बैंकिग करने वालों के लिए और भी आसानी है। वो बगैर बैंक जाए ही इस सुविधा का लाभ ले सकते हैं और लाभ ले भी रहे हैं।

अगर बैंक एफडी पर आने वाले समय में कुछ और बढ़ोतरी करेंगे तो शायद मध्यम वर्ग की जनता के लिए थोड़ी राहत की बात होगी। चुनावी समय होने से जनता उम्मीद भी कर रही है।

## एक नजर

### बाप बेटों सहित सात की थाना हाजिरी तय

इटावा। जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में रहने वाले सात लोगों के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई है। एसएसपी संजय वर्मा की रिपोर्ट के आधार एडीएम ने सात लोगों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई कर आगामी छह महीने के लिए संबंधित थाना में हर 15 तारीख को हाजिरी दर्ज कराने का आदेश जारी कर दिया है। इनमें थाना इकदिल क्षेत्र के गांव मानिकपुर विशु के ध्रुव सिंह यादव उसके बेटे शेर सिंह उर्फ शेरा व अतुल यादव, इसी थाना के गांव केशोपुर कला का रोशन लाल, बसरेहर के गांव रमपुरा का मेघ सिंह सक्सेना, शहर में घटिया अजमत अली का सुमित यादव तथा लवेदी के गांव नवादा खुर्द का जनवेद सिंह शामिल है।

### रंजिश के चलते लाठी डंडों से पीटा

बकेवर, इटावा। क्षेत्र के गांव बराउख में तीन नामजदों ने एक व्यक्ति को मारपीट कर घायल किया। पुलिस ने एक को शांतिभंग करने गिरफ्तार किया है। क्षेत्र के गांव बराउख के प्रदीप कुमार ने दी तहरीर में कहा है कि वह सोमवार शाम खेत से घर रहा था कि रास्ते में गांव के दीपक, ध्रुव कुमार तथा सुरेंद्र सिंह ने घेरकर रंजिश के चलते गालीगलौज करने लगे, मना करने पर लाठी डंडो से मारपीट करते हुए घायल कर दिया। चीखपुकार सुन कर लोगों के आने पर जान से मारने की धमकी देकर चले गए।

### आज ठप रहेगी विद्युत आपूर्ति

जसवंतनगर, इटावा। जुगौरा, बलरई, सिरसा बीबामऊ फीडर से जुड़े करीब सैकड़ा भर गांवों की विद्युत सप्लाई दिन भर बाधित रहेगी। अवर अभियंता जितेंद्र कुमार ने बताया कि बुधवार को सुबह 9 बजे से 6 तक इन विद्युत फीडरों के अंतर्गत अनुरक्षण कार्य होगा। इस कारण विद्युत सप्लाई दिनभर बाधित रहेगी। उपभोक्ता अपने पेयजल व अन्य कार्य समय से निपटा लें।

विद्युत अधिकारियों को हटाने एवं उनकी संपत्तियों की जांच की उठी मांग, भ्रष्टाचार का आरोप

# विद्युत विभाग के खिलाफ भूख हड़ताल को मिला जनसमर्थन

कार्यालय संवाददाता, इटावा



विद्युत विभाग कार्यालय पर भूख हड़ताल पर बैठे इं हरि किशोर तिवारी एवं अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विजय नगर मोहल्ले में विद्युत विभाग के कर्मियों द्वारा बिजली चोरी पकड़े जाने वाले मामले में महिलाओं समेत निर्दोष लोगों के विरुद्ध अनुचित और मनमानी धाराओं में एफआईआर दर्ज किए जाने के विरोध में एसडी फील्ड स्थित विद्युत अधिशाषी अभियंता कार्यालय पर भूख हड़ताल पर बैठे आंदोलनकारियों को सामाजिक, व्यापारी संगठन और जनता का समर्थन मिल रहा है। प्रशासन की तरफ से सकारात्मक पहल न होने से लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। लोगों ने धरना स्थल पर आकर बिजली विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों के खिलाफ जमकर मोर्चा खोला। उन्होंने जांच होने तक उन्हें यहां से तत्काल हटाने एवं इनकी तथा इनके संबंधी परिवारीजनों के संपत्तियों की जांच कराए जाने की भी मांग उठाई। साथ ही उन्होंने इटावा के उन पीड़ितों का भी धरना स्थल पर आने का आह्वान किया, जिन्हें बिजली चोरी में आरोपित किया गया है।

अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल पर दूसरे दिन भी राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष इं. हरि किशोर तिवारी और उनके सहयोगियों बैठे। जिसमें सर्व दलीय एवं सर्व समाज के समर्थकों की लगातार भारी भीड़ जुटती रही। इनमें व्यापारी नेता अनंत अग्रवाल, पूर्व प्राचार्य डॉ. विद्याकांत तिवारी, शैलेंद्र कुमार वर्मा एडवोकेट, ब्राह्मण समाज के नेता अरुण दुबे, बंटी वाजपेई, लोकतांत्रिक समिति के प्रदेश अध्यक्ष संतोष कुमार पांडेय, राजेंद्र कुमार दीक्षित एडवोकेट, डीडी मिश्रा एडवोकेट, शरद वाजपेई, अंशुल अशोक दुबे, आशाराम मिश्रा, अशोक द्विवेदी आदि शामिल रहे।

कर्मचारी नेता हरि किशोर तिवारी ने बताया कि मामले में विद्युत विभाग के कर्मचारी सुशील दिवाकर द्वारा विभागीय अधिकारियों के सहयोग से लिखाई गई रिपोर्ट में सुहेल के अलावा अतुल शुक्ला, हरि योगेंद्र शुक्ला, गौतम शुक्ला, इनकी पत्नियों और पुत्री दीप्ति शुक्ला के विरुद्ध मीटर टेंपरिंग गैंग और एससी एक्ट की धाराओं समेत अन्य गंभीर धाराएं लगाई गईं हैं, जो नितांत झूठी और फर्जी हैं ताकि इन्हें दबाव में लेकर इनसे अवैध वसूली की जा सके। जब तक ये झूठी एफआईआर और धाराएं वापस नहीं ली जायेगी, हम और हमारे साथी अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल करते रहेंगे। धरने में डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन, सिविल बार एसोसिएशन, राष्ट्रीय पूर्व सैनिक संगठन, उद्योग व्यापार मंडल, भारतीय किसान यूनियन, विश्व हिंदू परिषद आदि संगठन भी शामिल हुए हैं। भूख हड़ताल करने में उनके साथ सभासद पंकज पचौरी, भाजपा नेता और सभासद शरद वाजपेई, अशोक द्विवेदी, देवेंद्र शुक्ला, देवेंद्र मिश्रा और देवेश भदौरिया भी अनशन पर बैठे हैं।

### बिजली चोरी करते चार पकड़े गये

बकेवर, इटावा। बिजली विभाग ने बिजली चोरों और बकायेदारों के खिलाफ मंगलवार को अभियान चलाया। सुबह पृथ्वीरामपुर गांव पहुंची टीम ने चार लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा। इसके गांव में हड़कंप मच गया। उप खंड अधिकारी भूप सिंह, अवर अभियंता वीरेंद्र कुमार एलएम देशराज ने टीम के साथ पृथ्वी रामपुर गांव में बिजली चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान राकेश पुत्र शिवराम, प्रेम बाबू पुत्र बृजकिशोर, गिरजेश पुत्र कैलाश, राजकुमार पुत्र हीरालाल को बिजली कनेक्शन से बाइपास कर बिजली चोरी करने में एफआईआर दर्ज कराई गई। अधिकारियों ने बकायेदारों से अपील की कि बकाया बिजली बिल जल्द जमा कर दें। जिनके कनेक्शन नहीं हैं, वह लोग कनेक्शन करा लें, जिससे बिजली चोरी में न पकड़े जाएं। चेकिंग लगातार जारी रहेगी। वहीं बिजली विभाग की इस छापामारी अभियान से पृथ्वी रामपुर सहित समीपवर्ती गांव में बिजली चोरों में हड़कंप मच गया।

### विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने सौंपा ज्ञापन

इटावा। धरना और भूख हड़ताल को लेकर अब बिजली विभाग के इंजीनियर व कर्मचारी भी मैदान में आ गए हैं। उन्होने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि सरकारी कार्य में बाधा डाली जा रही है और दबाव बनाया जा रहा है। यदि सरकारी कार्य में बाधा जारी रही तो वे आंदोलन करेंगे। इस सिलसिले में मंगवलार की दोपहर को विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने कचहरी पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा गया है कि 26 फरवरी को इं. हरिकिशोर तिवारी व अन्य लोग अधिशाषी अभियंता केकार्यालय में पहुंचे और दो दिन पहले हुई मारपीट की घटना को लेकर दर्ज रिपोर्ट को वापस लेने का दबाव बनाया। इसके बाद बिना किसी पूर्व सूचना के भूख हड़ताल शुरु कर दी गई। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि विभागीय कार्य में बाधा डाली जा रही है यह कार्य अनैतिक व असंवैधानिक है। समिति ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है और कहा है कि यदि हड़ताल केमाध्यम से सरकारी कार्य में बाधा जारी रहती है तो समिति धरना प्रदर्शन करेगी।

# सफारी में रेस्क्यू किए गए घायल तेंदुए की मौत

कार्यालय संवाददाता, इटावा।

- डाक्टरों के प्रयासों के बाद भी नहीं बच सकी जान

**अमृत विचार।** इटावा सफारी पार्क में पिछले दिनों रेस्क्यू किए गए घायल तेंदुए की मौत हो गई है। इस तेंदुए का सफारी के डाक्टरों ने द्वारा इलाज किया जा रहा था। तमाम प्रयासों के बाद भी उसे बचाया नहीं जा सका। मृत तेंदुए का पोस्टमार्टम कराया गया है।

इटावा सफारी पार्क के बफर जोन से 18 फरवरी को एक तेंदुए को रेस्क्यू किया गया था। जिसकी उम्र लगभग दो वर्ष थी। रेस्क्यू किए जाने के समय इस तेंदुए की पूछ में गहरा घाव था। उसका इलाज सफारी के पशु चिकित्सालय में सफारी के डाक्टरों द्वारा किया गया। रेस्क्यू के कुछ दिनों बाद ही 22 फरवरी को पं. दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान मथुरा के डॉ. आरपी पांडेय, प्रोफेसर एण्ड हेड सर्जरी विभाग ने भी उसका इलाज किया। वरिष्ठ डाक्टरों के दिए गए परामर्श के अनुसार लगातार तेंदुए का इलाज किया जा रहा था परंतु पिछले दो दिन से वह भोजन नहीं ले रहा था।

### रेस्क्यू के समय था घायल

इटावा। इस तेंदुए को जब रेस्क्यू किया गया तो वह घायल अवस्था में था। उसका सफारी के डाक्टरों ने मथुरा के डाक्टरों के सहयोग से इलाज किया, सफारी के अस्पताल में उसका इलाज किया गया लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। सोमवार की रात को इस तेंदुए की मौत हो गई। इससे पहले बिजनौर से भी एक तेंदुए को घायलावस्था में रेस्क्यू करके लाया गया था और इलाज के बाद उसकी मौत हो गई थी।

सफारी के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. विनय सिंह ने बताया कि 26 फरवरी को रात 9.28 बजे उसकी मृत्यु हो गई। तेंदुए का पोस्टमार्टम पशु चिकित्सकों के एक पैनल ने किया। इस पैनल में कानपुर प्राणि उद्यान के पशु चिकित्सक डॉ. नीतीश कुमार कटियार, सफारी पार्क के पशु चिकित्सक रोबिन सिंह यादव तथा शैलेन्द्र सिंह रहे। उसका विसरा आईवीआरआई बरेली भेजा जा रहा है ताकि मृत्यु का वास्तविक कारण पता चल सके।

## कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**बकेवर, इटावा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत महेवा कट के पास जेल में बंद परिजनों से मिलकर लौट रहे बाइक सवार को कार ने टक्कर मार दी। इस हादसे में युवक बाल बाल बच गया पर उसकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गयी। ग्राम पुर्वा डोरी मुरादगंज निवासी रामवीर पुत्र बलराम सिंह ने बताया कि सोमवार को जेल में बंद माता पिता व भाई से मिलकर बाइक से वापस लौट रहे थे। बकेवर थाना क्षेत्र के गांव उझियानी के ईंट भट्टा के सामने कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हेलमेट पहने होने के चलते उछलकर दूर गिरा।

# ट्रेनों की स्पीड 160 किमी प्रति घंटा करने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, इटावा।

**अमृत विचार।** प्रयागराज मंडल भारतीय रेल के व्यस्ततम मंडलों में से एक है। दिल्ली-हावड़ा रूट का महत्वपूर्ण भाग पं. दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन से गाजियाबाद स्टेशन तक प्रयागराज रेलवे मंडल के अधीन आता है। मार्च 2024 तक इस रूट की सेक्शनल स्पीड 130 किमी प्रति घंटा से बढ़ाकर 160 किमी प्रति घंटा करनी है। इस मंडल से प्रतिदिन 350 यात्री गाड़ियां तथा 400 माल गाड़ियां गुजरती हैं। रेलवे ट्रैक के पास निकटवर्ती गांव में कुछ लोगों के द्वारा आग लगाने की घटनाएं होती रहती हैं, जो धीरे-धीरे ट्रैक के पास पहुंचकर रेल परिचालन की संरक्षा एवं समय पालन को प्रभावित करती हैं।

समस्या के समाधान के लिए निकटवर्ती ग्रामवासियों को विषय की गंभीरता से अवगत कराने एवं इस विषय में जागरुकता अभियान चलाने की आवश्यकता है। अन्त में सुरक्षित, संरक्षित एवं तीव्र रेल यात्रा के विजन को साकार करने के लिए क्षेत्राधिकारियों, खण्ड विकास अधिकारी एवं ग्राम प्रधानों को उचित दिशा-निर्देश दिये जाने तथा एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।



- रेलवे लाइन के किनारे गांवों में चलाया जाएगा जागरुकता अभियान

जिला मजिस्ट्रेट अवनीश राय ने बताया कि इस परिप्रेक्ष्य में नगर मजिस्ट्रेट, इटावा मोनं 9454416438 को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। उन्होंने उप जिला मजिस्ट्रेट/क्षेत्राधिकारी पुलिस, इटावा, भरथना, सैफई, जसवन्तनगर एवं खण्ड विकास अधिकारी, बढ़पुरा, बसरेहर, भरथना, सैफई, जसवन्तनगर को निर्देशित किया है कि वह सम्बन्धित ग्राम प्रधानों से समन्वय स्थापित कर समस्या के समाधान के लिए निकटवर्ती ग्रामवासियों को प्रकरण की गंभीरता से अवगत करायें। इस संबंध में आवश्यक समन्वय स्थापित करने के लिए रेल अधिकारी एमएस शेखावत, सहायक सुरक्षा आयुक्त/रेलवे सुरक्षा बल मोनं 9794837704 से संपर्क स्थापित किया जा सकता है।

# बीएसएफ जवान के मकान से लाखों का माल पार

संवाददाता बकेवर, इटावा

**अमृत विचार।** थाने के ठीक बगल में स्थित बीएसएफ जवान के सूने पड़े मकान से चोर तीस हजार रुपये की नकदी व साढ़े तीन लाख रुपये मूल्य के सोने चांदी के जेवर चोरी कर ले गए। पड़ोस में रहने वाले लोगों को चोरी की भनक नहीं लग सकी। राजू अवस्थी पुत्र महावीर अवस्थी ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह राजस्थान स्थित जोधपुर में बीएसएफ में सेवारत हैं। उसकी पत्नी रीता मकान की ऊपर की मंजिल में रहते हैं और नीचे के हिस्से में एक क्लीनिक संचालित है। 4 फरवरी 2024 को उन्होंने अपनी पत्नी और पुत्री को जोधपुर बुलाया था। उसकी पत्नी मकान के ऊपरी भाग की मंजिल के मुख्य दरवाजे में लॉक लगाकर पुत्री के साथ जोधपुर चली आई। 24 फरवरी को वह 13 दिन की छुट्टी लेकर वह अपनी पत्नी व पुत्री के साथ घर आए और अपना सामान देखा तो रसोई में टिफिन में रखी चांदी की पायल गायब थी। पीड़ित ने तहरीर दी।

# उद्यमियों की समस्याओं का हो समाधान : सीडीओ

कार्यालय संवाददाता, इटावा।

**अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने उद्यमियों द्वारा उठाई गयी समस्याओं के समाधान के लिए कहा।

सीडीओ ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण करना शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। व्यापारियों द्वारा उठाई गई समस्याओं के निदान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित आवेदनों के संदर्भ से संबंधित विभागों से पूछताछ कर कारण जाना तथा जल्द ही निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने सभी उद्यमियों से कहा कि उद्योग से संबंधित समस्याओं को लिखित में दिया जाए, जिससे निस्तारण के लिए किसी भी प्रकार की समस्या ना हो। उन्होंने उपायुक्त उद्योग से कहा कि उद्यमियों की समस्याओं को लेकर बैंक से समन्वय स्थापित करके समस्या का समाधान कराया जाए। उन्होंने बिजली विभाग से कहा कि विद्युत आपूर्ति ज्यादा समय के लिए काटी जाती है तो इसके पूर्व में उद्यमियों को अवगत करा दिया जाए, जिससे इनको किसी भी प्रकार की समस्या ना हो। उन्होंने उपायुक्त उद्योग सुधीर कुमार से कहा कि निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित आवेदन पत्रों, विभाग द्वारा संचालित पीएम रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री शिक्षुता योजना प्रोत्साहन, ग्लोबल इन्वेस्टर समिति, ओडीओपी सहित सभी रोजगारपरक योजनाओं के प्रकरणों को जल्द से जल्द निस्तारित करें।



उद्योग बंधु की बैठक में भाग लेते सीडीओ अजय कुमार गौतम। अमृत विचार

# पौधा लगाना ही पर्याप्त नहीं, देखभाल भी जरूरी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** छात्र पर्यावरण संसद के बैनर तले पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन संजीव कुमार सैनी एवं एई गौरव जैन ने संयुक्त रूप से पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार वितरित किए।

संजीव कुमार ने कहा कि पौधे पर्यावरण संरक्षण के लिए बेहद आवश्यक है। हम सभी को जब भी अवसर मिले पौधरोपण अवश्य करना चाहिए। एई गौरव जैन ने कहा कि पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि उनकी देखरेख करना भी बहुत आवश्यक है। प्रबंधक कैलाश चंद्र यादव ने बताया कि छात्र पर्यावरण संसद अपने गठन के उद्देश्य की पूर्ति के लिए छात्र-छात्राओं को पौधरोपण के लिए प्रेरित करती रहती है।



पान कुंवर स्कूल में पौधा रोपित करते एक्सईएन संजीव कुमार, गौरव जैन एवं कैलाश चंद्र।

- पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में पौधारोपण

### युवक ने फांसी लगाकर जान दी

इटावा। फ्रेंड्स कालोनी थाना क्षेत्र के मोहल्ला राम नगर में घरेलू कारणों से परेशान एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। क्षेत्र के मोहल्ला राम नगर निवासी मुनेद्र सिंह यादव 39 वर्ष पुत्र शिवराज सिंह घरेलू कारणों से परेशान था। इसी परेशानी के चलते उसने अपने घर पर फांसी लगा ली। जब परिवार के लोगों को जानकारी हुई तो उन्होने उसे फंदे से उतार कर जिला अस्पताल लाए जहां डाक्टरों ने उसके मरने की पुष्टि कर दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत हेंवरा विकास खण्ड सैफई–इटावा।**

पत्रांक: मेमो/ग्राम पंचायत हेंवरा/निविदा प्रकाशन/2023–24/ दिनांक: 27.02.24

**अल्पकालीन निविदा**

महामहिम, राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से ग्राम पंचायत हेंवरा सैफई–इटावा के अन्तर्गत वर्ष 2023–24 की कार्ययोजना के अनुसार अनरेगा/15 वें वित्त/पंचम वित्त आयोग के टाइड एवं अनटाइड मद निम्नांकित विवरण के अनुसार कराये जाने बाले निर्माण कार्यो हेतु ग्राम पंचायत हेंवरा विकास खण्ड सैफई में फर्मो/ठेकेदारों से निविदायें/ टैण्डर 01.03.2024 से 07.03.2024 समय 02:30 तक आमंत्रित एवं दिनांक 08.03.2024 को ग्राम निविदा समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 03:30 पर खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 01.03.2024 से 07.03.2024 तक ग्राम पंचायत हेंवरा सचिवालय कार्यालय दिवस में प्रातः 10:30 से 01:00 बजे तक निर्धारित शुल्क अदा कर क्रय किये जा सकते है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | योजना का नाम | प्राक्कलन की लागत | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत | निविदा का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | गौशाला हेंवरा में टीन शेड विस्तारीकरण कार्य | मनरेगा | 415774.00 | 9000.00 | 500.00 |
| 02 | SLWM शोकपिट, खाद के गड्ढे इत्यादि | SLWM | 984844.00 | 18000.00 | 1000.00 |

निविदा की शर्ते ग्राम पंचायत हेंवरा कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है। 01–अपर मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन के पत्र सं0–730/33–3–2022–11/2022 दिनांक 26.04.2022 के अनुसार वित्त आयोग के अन्तर्गत सामग्री आपूर्ति हेतु पंचायती राज विभाग से जुड़े पदाधिकारी/कर्मी (क्षेत्र पंचायत प्रमुख खण्ड विकास अधिकारी सहायक विकास अधिकारी (पं0) ग्राम प्रधान पंचायत सचिव पंचायत सहायक पंचायती राज विभाग में सविदा पर कार्यरत कर्मी) के पारिवारिक सदस्यों व रिश्तदारों द्वारा स्थापित फर्म/वेण्डर की निविदा स्वीकार नही की जायेगी। साक्ष्य प्राप्त होने पर निविदा स्वतः निरस्त की दी जायेगी।

प्रधान ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत हेंवरा विकास खण्ड सैफई–इटावा।


जांची व्यवस्थाएं

छात्रावासों एवं परिसर की मरम्मत के लिए धनराशि आवंटित कराने की मांग

# अर्थ नियंत्रक ने कृषि इंजीनियरिंग कालेज का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के अर्थ नियंत्रक दिनेश कुमार एवं अधिष्ठाता, कृषि संकाय डॉ. सीएल मौर्या ने इटावा स्थित बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर कृषि इंजीनियरिंग कालेज का निरीक्षण किया। महाविद्यालय की व्यवस्थाओं एवं साफ-सफाई पर संतोष व्यक्त करते हुए अधिष्ठाता डॉ एनके शर्मा के द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। साथ ही महाविद्यालय के विकास के लिए कई अहम सुझाव भी दिये।

इस अवसर पर अधिष्ठाता डॉ. शर्मा ने महाविद्यालय के छात्रावासों एवं परिसर में मरम्मत हेतु धन न होने से अवगत कराते हुये शासन स्तर से स्वीकृत आकस्मिक मद में आवंटित धनराशि को बढ़ाने का अनुरोध किया। जिस पर अर्थनियंत्रक महोदय ने अधिष्ठाता को आश्वस्त किया कि वे शासन स्तर पर अपने स्तर से पूरा प्रयास करेंगे। इटावा परिसर स्थित तीनों महाविद्यालयों के विशाल परिसर को देखकर प्रसन्न्ता व्यक्त करते हुए इनके निरन्तर प्रगति में अपना सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया और यहां पढ़ाये जा रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी ली। इस अवसर पर सीएल मौर्या ने भी परिसर की साफ-सफाई पर संतोष व्यक्त करते हुये महाविद्यालय की छात्राओं से बातचीत कर अधिष्ठाता के प्रयासों की सराहना की।



कृषि इंजीनियरिंग कालेज का निरीक्षण करते अर्थनियंत्रक दिनेश कुमार। अमृत विचार

## अब स्पेशल टीएलएम से पढ़ेंगे दिव्यांग बच्चे

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** अब स्पेशल टीएलएम से दिव्यांग बच्चों को पढ़ाया जाएगा। इस सिलसिले में मंगलवार को टीएलएम मेले का आयोजन किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार के निर्देशन में जिला समन्वयक समेकित शिक्षा अर्चना सिन्हा व स्पेशल एजूकेटर्स ने इस मेले का आयोजन किया गया।

इसका उद्घाटन राजकुमार यादव सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी व गायत्री डॉयट प्रवक्ता और पवन श्रीवास्तव ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और फीता काट कर किया गया। अतिथियों ने बच्चों के शिक्षण-प्रशिक्षण के लिए स्पेशल एजूकेटर्स द्वारा तैयार एवं क्रय किये शिक्षण अधिगम सामग्रियों के विषय में जानकारी ली गयी, जिसमें दृष्टिबाधित दिव्यांग बच्चों के शिक्षण पद्धति ब्रेल लिपि की जानकारी लेते हुए बताया गया कि बच्चे किस प्रकार अनाज छूकर पहचान करते है, ब्रेल लिपि में पुस्तकें फर्राटे से पढ़ते है, अबेकस, टेलर फ्रेम, स्टाईलस, ब्रेल पेपर, मॉडल को टच कर जानवर आदि की पहचान करना बताया गया। जिला समन्वयक समेकित शिक्षा अर्चना सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया गया कि टीएलएम के प्रयोग से बच्चों के शिक्षा का स्तर बढ़ेगा।



टीएलएम मेले का निरीक्षण करते जिला समन्वयक। अमृत विचार


**कार्यालय ग्राम पंचायत छिमारा विकास खण्ड सैफई–इटावा।**

पत्रांक: मेमो/ग्राम पंचायत छिमारा/निविदा प्रकाशन/2023–24/ दिनांक: 27.02.24

**निविदा सूचना**

महामहिम, राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से ग्राम पंचायत छिमारा सैफई–इटावा के अन्तर्गत वर्ष 2023–24 की कार्ययोजना के अनुसार मनरेगा/15 वें वित्त/पंचम वित्त आयोग के टाइड एवं अनटाइड मद निम्नांकित विवरण के अनुसार कराये जाने बाले निर्माण कार्यो के लिये सामग्री आपूर्ति हेतु ग्राम पंचायत छिमारा विकास खण्ड सैफई में फर्मो/ठेकेदारों से निविदायें/ टैण्डर 28.02.2024 से 05.03.2024 समय 02:30 तक आमंत्रित एवं दिनांक 05.03.2024 को ग्राम निविदा समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 03:30 पर खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 28.02.2024 से 05.03.2024 तक ग्राम पंचायत छिमारा सचिवालय कार्यालय दिवस में प्रातः 10:30 से 01:00 बजे तक निर्धारित शुल्क अदा कर क्रय किये जा सकते है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | योजना का नाम | सामग्री की लागत | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत | निविदा का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | छिमारा गौशाला में टीन शैड निर्माण कार्य। | मनरेगा | 537073 | 10742 | 300 |
| 02 | छिमारा में उचित दर विक्रेता दुकान निर्माण कार्य। | मनरेगा | 681938 | 13638 | 300 |
| 03 | आर0आर0सी0 सेन्टर निर्माण कार्य। | SBM (G) | 810000 | 16200 | 300 |
| 04 | सामुदायिक स्थलों/सरकारी हैण्डपम्पों पर सोकपिट निर्माण कार्य (सं0– 113) | SBM (G) | 854167 | 17083 | 300 |
| 05 | सामुदायिक खाद गड्ढा (सं0– 57) | SBM (G) | 647234 | 12945 | 300 |
| 06 | ई. कचरा वाहन (सं0– 02) | SBM (G) | 250000 | 5000 | 300 |
| 07 | सामुदायिक खाद गड्ढा (सं0– 58) | SBM (G) | 250000 | 5000 | 300 |

निविदा की शर्ते ग्राम पंचायत छिमारा कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है। 01–अपर मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन के पत्र सं0–730/33–3–2022–11/2022 दिनांक 26.04.2022 के अनुसार वित्त आयोग के अन्तर्गत सामग्री आपूर्ति हेतु पंचायती राज विभाग से जुड़े पदाधिकारी/कर्मी (क्षेत्र पंचायत प्रमुख खण्ड विकास अधिकारी सहायक विकास अधिकारी (पं0) ग्राम प्रधान पंचायत सचिव पंचायत सहायक पंचायती राज विभाग में सविदा पर कार्यरत कर्मी) के पारिवारिक सदस्यों व रिश्तदारों द्वारा स्थापित फर्म/वेण्डर की निविदा स्वीकार नही की जायेगी। साक्ष्य प्राप्त होने पर निविदा स्वतः निरस्त की दी जायेगी।

प्रधान ग्राम पंचायत अधिकारी
**ग्राम पंचायत छिमारा विकास खण्ड सैफई–इटावा।**

## एक नजर

### पूर्व राज्यपाल राम नाईक ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

अमृत विचार, लखनऊ : पूर्व राज्यपाल राम नाईक ने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट की। 'पद्म भूषण' सम्मान के लिए मनोनीत होने पर मुख्यमंत्री ने पूर्व राज्यपाल को अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। साथ ही, अयोध्या में राम मंदिर होने पर बनाया गया स्मृति सिक्का व 'एक जिला एक उत्पाद' में बनाई गई गणेश की मूर्ति भेंट की।

### संसदीय क्षेत्र में नहीं रह सकेंगे निर्वाचन अधिकारी

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव के दौरान निर्वाचन अधिकारी अपने गृह जिले के संसदीय क्षेत्र में नहीं रह सकेंगे। भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश समेत देश भर की राज्य सरकारों को इस सिलसिले में निर्देश जारी किया है। आयोग ने चुनाव से पहले निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

# एक परिवार की तीन फर्मों को काम देने की होगी जांच

राज्य ब्यूरो,लखनऊ



▸▸ जांच कमेटी की अध्यक्ष ने अपर निदेशकों को पत्र भेजकर जल्द रिपोर्ट देने के निर्देश दिए

**अमृत विचार:** सरकारी अस्पतालों में एक ही परिवार की फर्मों को काम देने के मामले की जांच होगी। शासन के निर्देश पर निदेशक उपचार के नेतृत्व में गठित तीन सदस्यीय जांच कमेटी ने पड़ताल शुरू कर दी है। कमेटी ने शिकायत में शामिल लखनऊ समेत अन्य मंडलों के अपर निदेशकों से शिकायत में शामिल आरोपों को लेकर बिंदुवार एक सप्ताह में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

निर्बल समाज उत्थान समिति, फरूखाबाद ने आरोप लगाया है कि स्वास्थ्य विभाग के सरकारी अस्पतालों में एक ही परिवार की तीन फर्मों को काम दिया जा रहा है। तीन फर्मों के प्रोपराइट एक ही परिवार के हैं। इन फर्मों में मेसर्स लखनऊ ऑप्टिकल एंड सर्जिकल कंपनी व सरस्वती इंटरनेशनल और कंसोल्ट लैब्रोटरी शामिल हैं।

इन तीन फर्मों को ही टेंडर में शामिल कर स्वास्थ्य विभाग में सिंडीकेट के तहत काम हो रहा है। उक्त शिकायत को लेकर स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, फर्रुखाबाद सांसद मुकेश राजपूत, विधायक विजय कुमार राजभर ने शासन में पत्र प्रेषित किया था। जिसके बाद मामले ने तूल पकड़ा और शासन के निर्देश पर स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.ब्रजेश राठौर ने जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित की है।

कमेटी की अध्यक्ष डॉ. शालिनी ने लखनऊ, गोरखपुर, देवीपाटन, मेरठ, कानपुर, अयोध्या, मिर्जापुर, बस्ती मंडल के चिकित्सा स्वास्थ्य के अपर निदेशकों को पत्र भेजकर जल्द आख्या व पूरी रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए हैं।

**तीन सदस्यीय कमेटी :** निदेशक चिकित्सा उपचार डॉ. शालिनी गुप्ता की अध्यक्षता में गठित जांच कमेटी में, निदेशक स्वास्थ्य डॉ. बीपी सिंह कल्याणी व संयुक्त निदेशक भंडार डॉ. राजेश कटियार शामिल हैं।

### 15 जिलों के 17 नए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र होंगे शुरू

अमृत विचार,लखनऊ : प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं और सुदृढ़ होंगी। विभिन्न जिलों में नवनिर्मित 17 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए राज्य सरकार ने डॉक्टर समेत स्वास्थ्य कर्मियों के पद सृजित कर दिये गये हैं। एक सीएचसी में आधा दर्जन विशेषज्ञ डॉक्टर समेत 16 पैरामेडिकल स्टाफ के पद सृजित करते हुए कुल 270 पद घोषित किये गये हैं। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ .ब्रजेश राठौर ने बताया कि नियमानुसार हर सीएचसी में एक फिजीशियन बतौर चिकित्साधिकारी, एक सर्जन, एक स्त्री रोग विशेषज्ञ, एक –एक एनेस्थेटिक, रेडियोलॉजिस्ट व दंत चिकित्सक का पद निर्धारित किया गया है। इसके अलावा दो फार्मासिस्ट व तीन स्टाफ नर्स के अलावा, एक्स–रे टेक्नीशियन, डेंटल हाईजिनिस्ट, लैब टेक्नीशियन, वरिष्ठ सहायक व डार्करूम सहायक का एक–एक पद सृजित किया गया है। इस प्रकार एक सीएचसी में 16 पद सृजित हुए हैं। उन्होंने बताया कि महराजगंज के चौक सीएचसी व बहराइच में बरदहकला सीएचसी में फार्मासिस्ट के दो पद पूर्व सृजित हो चुके हैं।

# मतदान से पहले सपा के मुख्य सचेतक ने ही कर दी बगावत



विधान भवन में राज्यसभा चुनाव में मतदान करने जाते सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, साथ में अन्य विधायक। अमृत विचार

▸▸ सपा के सात विधायकों ने किया भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्यसभा चुनाव के लिए विधान भवन में मंगलवार को मतदान शुरु होने से पहले ही सपा के ऊंचाहार विधायक मनोज पांडेय ने पार्टी के मुख्य सचेतक पद से इस्तीफा देते हुए भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट डालने के संकेत दे दिए। इसके बाद विधानभवन स्थित पार्टी कार्यालय में लगी उनकी नेम-प्लेट भी हटवा दी गई।

मनोज पांडेय के अलावा सपा के जिन विधायकों ने भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान किया उनमें राकेश पांडेय (जलालपुर), राकेश प्रताप सिंह (गौरीगंज), अभय सिंह (गोसाइगंज), विनोद चतुर्वेदी (कालपी), पूजा पाल (चायल) और आशुतोष मौर्य (बिसौली) शामिल रहे। जबकि सपा विधायक महाराजी देवी मतदान में अपनी उपस्थिति नहीं दर्ज करा सकीं।

सपा के विधायकों ने ही नहीं बल्कि बसपा के एकमात्र विधायक उमा शंकर पांडेय ने भी राज्यसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को वोट किया है।

मतदान के बाद उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोगों ने मुझसे वोट देने के लिए नहीं कहा इसलिए मैंने भाजपा प्रत्याशी को वोट किया। भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ ने मुझसे समर्थन मांगा था। वहीं, भाजपा प्रत्याशी को वोट देने वाले सपा विधायक मनोज पांडेय ने खरीद-फरोख्त के आरोपों को नकार दिया है। उन्होंने सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव के आरोप पर कहा कि राजनीति में आरोप लगते रहते हैं।

जनसत्ता दल के अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया ने भी अपने व अपने एक विधायक के भाजपा प्रत्याशी को वोट किया। वहीं, रालोद के सभी नौ विधायकों ने एनडीए प्रत्याशियों के लिए मतदान किया।

### मतदान के खास दृश्य

- अपना दल के विधायक नील रतन पटेल एंबुलेंस से मतदान करने के लिए पहुंचे। कोरोना संक्रमित नील रतन सिविल अस्पताल लखनऊ में भर्ती हैं।
- सुभासपा विधायक ने मतदान एजेंट पर मत पत्र छीनने का आरोप लगाया। सुभासपा के विधायक जगदीश राय ने जब सपा प्रत्याशी को वोट कर मतपत्र दिखाया तो ऐसा दृश्य पैदा हुआ।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए विधान भवन के तिलक हॉल में मतदान किया और पार्टी के सभी प्रत्याशियों की विजय के लिए हार्दिक मंगलकामनाएं दी।
- अचानक संजय सेठ ने विक्ट्री साइन बनाकर अपनी जीत का एलान कर दिया। दरअसल, खबर फैली कि हंडिया से सपा विधायक हाकिम चंद्र बिंद ने उनके समर्थन में वोट किया। हालांकि बाद में बिंद ने स्पष्ट किया कि उनका वोट सपा को गया है।
- उप्र. की 10 सीटों पर हुए राज्यसभा चुनाव की वोटिंग खत्म हो जाने के बाद कुल 395 वोट पड़े माने गए। वहीं चुनाव आयोग की अनुमति नहीं मिलने के चलते काफी देर तक मतगणना रूकी रही।

# बायोमेट्रिक अटेंडेंस न देने वाले परीक्षा से होंगे वंचित

## स्टेट मेडिकल फैकल्टी ने कॉलेज प्रबन्धकों को जारी किए निर्देश

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▸▸ मार्च माह से बायोमेट्रिक उपस्थिति ही होगी मान्य

▸▸ रोज मेडिकल फैकल्टी के पोर्टल पर करना होगा

**अमृत विचार:** निर्देश के बावजूद छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बायोमेट्रिक न लेने वाले नर्सिंग व पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्रों के रवैये पर स्टेट मेडिकल फैकल्टी ने नराजगी व्यक्त की है, साथ ही निर्देश दिये हैं कि निर्देशानुसार मार्च माह से सभी छात्रों की बायोमेट्रिक उपस्थिति ही मान्य की जायेगी, अन्यथा वार्षिक परीक्षा में बैठने का मौका नहीं मिलेगा।

उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ.अलोक कुमार ने बताया कि नर्सिंग व पैरामेडिकल पाठ्यक्रम की पढ़ाई करने वालों के लिए बायोमेट्रिक अटेंडेंस अनिवार्य है, इस बाबत मई 2023 में सभी कॉलेज व संस्थानों को पत्र भी प्रेषित किये गये थे, बावजूद तमाम केन्द्रों द्वारा विभाग के सर्वर पर डाटा लोड नहीं किया जा रहा है। जो कि लापरवाही की श्रेणी है। उन्होंने कहा कि कार्यालय के निर्मित पोर्टल पर रोजाना उपस्थिति अपलोड की जानी है। आगामी मार्च से बायोमेट्रिक उपस्थिति को अनिवार्य कर दिया गया है, फिर भी कोई बायोमेट्रिक नहीं कराता है तो ऐसे छात्र-छात्राओं को वार्षिक परीक्षाओं में शामिल होने का मौका नही दिया जायेगा।

इसके लिए उन्होंने कहा कि जिन संस्थानों में बायोमेट्रिक नहीं है, तत्काल स्थापित किये जायें। ताकि मांग के अनुरूप बायोमेट्रिक उपस्थिति की सुविधा को बढ़ावा मिले। साथ ही उन्होंने कहा कि संस्थान में इस बाबत की गई कार्रवाई से 15 मार्च तक स्टेट मेडिकल फैकल्टी कार्यालय को अवगत कराया जाये।

### समिति का मतदान स्थगित

अमृत विचार : उप्र स्टेट मेडिकल फैकल्टी की निर्वाचित शासी समिति में रिक्त पदों के लिए एक मार्च 2024 को प्रस्तावित मतदान अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। मंगलवार को उक्त जानकारी देते हुए स्टेट मेडिकल फैकल्टी के निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन की अगली तिथि शीघ्र ही घोषित की जायेगी।

# एनएचएम संविदा कर्मियों के बेवजह नहीं होंगे तबादले

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▸▸ उप मुख्यमंत्री ने जिलास्तर पर तबादला न करने के आदेश दिए

**अमृत विचार:** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) के अधिकारियों को निर्देश दिये कि संविदा कर्मचारियों के तबादले अधिकारी अपने स्तर से न करें। निर्देश के बावजूद जिलास्तर पर स्थानानंतरण होने की सूचना मिलेगी तो ऐसा करने वालों पर नियमसंगत कार्रवाई की जायेगी। प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी जिलाधिकारी (जिला स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष) और सभी सीएमओ (जिला स्वास्थ्य समिति के संयोजक) को निर्देश जारी कर दिये हैं।

उप मुख्यमंत्री ने जिलास्तर पर एनएचएम के संविदा कर्मचारियों के तबादलों पर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहाकि इस मसले पर कई जिलों से शिकायत मिल रही है। इस पर तुरंत रोक लगाई जाये। ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रदेश में एनएचएम की योजनाओं को गति बनाने में प्रयास किये जा रहें हैं। इसमें संविदा कर्मचारियों की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। ऐसे में संविदा कर्मचारियों की सुविधाओं पर भी ध्यान देने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि जिले के अधिकारी यदि एनएचएम के संविदा कर्मचारियों का तबादला करते हैं। उसके बाद यदि कोई वाद या विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है तो उसकी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की होगी। ब्रजेश पाठक ने कहा कि जिलों में कार्यरत संविदा कर्मचारियों के लिए लागू मानव संसाधन नीति, गाइडलाइन का कड़ाई से पालन किया जाये। इसमें किसी भी तरह हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

# आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में 90 हजार करोड़ का हुआ निवेश

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▸▸ ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से प्रदेश में निवेश बढ़ा

**अमृत विचार:** प्रदेश में डाटा पार्क्स से लेकर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस में बड़े पैमाने पर निवेश किया जा रहा है। आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में 90 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का भूमि पूजन हुआ है। यह निवेश ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) में होने वाले कुल 10 लाख करोड़ की परियोजनाओं का आठ प्रतिशत से ज्यादा है। इसके जरिए प्रदेश में एनआईडीपी डेवलपर्स, टाटा टेक्नोलॉजीज, एसटीटी ग्लोबल डेटा सेंटर और जैक्सन लिमिटेड जैसे बड़े समूह कई बड़ी परियोजनाओं की शुरुआत कर रहे हैं।

डाटा दिग्गज कंपनी योट्टा 30, हजार करोड़ रुपए का निवेश कर रही है, जिसके माध्यम से एक कैपिटल इंटेंसिव डाटा सेंटर पार्क स्थापित कर किया जा रहा है जो 2160 व्यक्तियों को रोजगार देगा। इसी तरह, एसटीटी ग्लोबल डाटा सेंटर्स इंडिया प्रा. लि. 1850 करोड़ रुपए का डाटा सेंटर स्थापित करने में निवेश कर रही है। इसमें 160 व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। इसके अतिरिक्त, नोएडा में 500 करोड़ रुपए का अत्याधुनिक डेटा सेंटर बनेगा। जैक्सन ग्रुप भी यीडा क्षेत्र में 1560 करोड़ रुपए निवेश कर एक डाटा सेंटर पार्क स्थापित कर रही है।

### एआई और मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग परियोजनाओं की भी शुरुआत

एडवर्ब इकोटेक ग्रेटर नोएडा में स्वचालित रोबोट और सामग्री हैंडलिंग प्रौद्योगिकियों को विकसित करने के लिए सुविधा स्थापित किया जायेगा। इसमें 500 करोड़ रुपए का निवेश होगा, साथ ही 2000 व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। इसी तरह, भारतीय बहुराष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण सेवा कंपनी डिक्सन टेक्नोलॉजीज नोएडा के सेक्टर –151 में इलेक्ट्रॉनिक्स–मोबाइल विनिर्माण सुविधा स्थापित करने के लिए 650 करोड़ रुपए का निवेश कर रही है। इसमें लगभग 4000 नौकरियां पैदा होंगी। टाटा टेक्नोलॉजीज , 4174 करोड़ रुपए के निवेश कर लगभग 150 सरकारी आईटीआई की स्थापना करेगा।

# पुलिस विभाग के तीन हजार 144 करोड़ के निर्माण कार्यों का आज होगा शिलान्यास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल 28 फरवरी को लोक भवन में पुलिस महकमें के तीन हजार 114करोड़ रूपये के 64 निर्माण कार्यों का शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा 188 करोड़ा 77 लाख रूपये से प्रदेश में बने थाने और पुलिस चैकियों के प्रशासनिक, आवासीय भवनों तथा हॉस्टल-बैरक, विवेचना कक्ष, पुलिस हास्टल तथा एटीएस फील्ड यूनिट कार्यालय सहित कुल 84 निर्माण कार्या का लोकार्पण भी करेगे।

प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद ने बताया कि शिलान्यास एवं लोकार्पण के अलावा प्रयागराज और कुशीनगर में दो पर्यटक थाने शुरू होंगे। इसके अलावा प्रदेश के 57 जनपदों में साइबर क्राइम थाने, 75 जनपदों में 1523 पुलिस थानों पर साइबर सेल, 18 मण्डल मुख्यालयों पर भ्रष्टाचार निवारण संगठन के थाने के साथ-साथ आठ जनपदों में भ्रष्टाचार निवारण संगठन की इकाइयों में भी काम शुरू होगा।

प्रमुख सचिव गृह के मुताबिक शिलान्यास किये जाने वाले निर्माण कार्यो मे 4 पुलिस लाइन, 4 पीएसी वाहिनी, दो एसटीएफ, 21 पुलिस थाना और 33 पुलिस थानों पर मेडिकल कक्ष का शिलान्यास किया जाएगा। लोकार्पित होने वाली 84 योजनाओं में 3 थाना के प्रशासनिक भवन, 6 थाना के आवासीय भवन, 3 पुलिस चौकी के प्रशासनिक भवन, 54 थानों पर हास्टल-बैरक, विवेचना कक्ष, 6 पुलिस लाइन में पुरूष हास्टल, 5 एटीएस के फील्ड यूनिट कार्यालय एवं सात अन्य विविध कार्यो का लोकार्पण करेगे।

### बेहतर सुविधा को मिले 48 करोड़ 35 लाख

अमृत विचार, लखनऊ : शासन ने पुलिस कर्मियों के लिये आवासीय व अनावासीय भवनों आदि के निर्माण के लिए 48 करोड़ 35 लाख रूपये से अधिक की धनराशि की स्वीकृति दी है।

प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस आधुनिकीकरण के तहत पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, मुरादाबाद की क्षमता दोगुना किये जाने की बाबत अनावसीय भवनों के निर्माण को 33 करोड़ 80 लाख 35 हजार रूपये तथा आवासीय भवनों के निर्माण हेतु 9 करोड़ 26 लाख 19 हजार रूपये दिए गए हैं ।उन्होंने बताया कि इसी तरह आगरा के थाना फतेहाबाद में श्रेणी–ए के 6 एवं श्रेणी–बी के 9 आवासों के निर्माण के लिए 2 करोड़ 73 लाख 70 हजार रूपये, बिजनौर में थाना बढ़ापुर में 32 क्षमता के हॉस्टल–बैरक एवं विवेचना कक्ष के निर्माण को एक करोड़ 76 लाख 81 हजार रूपये, बिजनौर में थाना नगीन देहात में 16 क्षमता के हॉस्टल–बैरक एवं विवेचना कक्ष के निर्माण कार्य के लिए एक करोड़ 19 लाख 65 हजार रूपये दिए गए हैं।

प्रमुख सचिव (गृह) ने स्वीकृत भवनों का निर्माण कार्य निर्धारित मानक एवं पूर्ण गुणवत्ता के साथ कराने के निर्देश दिए है। उन्होंने निर्माण कार्य निर्धारित समय में पूरा कराने को कहा है। उन्होंने चेतावनी है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता आदि की कमी पाये जाने पर संबंधित दोषी कर्मियों को बख्शा नही जाएगा।

## वर्ग पहेली-356

**बाएं से दाएं**

4.1. नीली कुईं, कोका, इंदीवर 2. पृथ्वी, भूमंडल।
5.1. घुल–मिल जाना 2. पूर्ण होना 3. मिलना।
7.1. व्यक्ति

**ऊपर से नीचे**

1. शौच कराना, किसी अन्य को मल त्याग कराना।
2.1. तुलना के योग्य 2. जिससे तुलना की जा सकती हो।
3.1. देखने में सुंदर और भला लगने वाला 2. सुंदर, ख़ूबसूरत 3. मनोरम 4. प्रियदर्शन।
4.1. किसी विश्वविद्यालय का प्रधान अधिकारी; (वाइस चांसलर) 2. पितृसत्तात्मक व्यवस्था के अंतर्गत किसी कुल या परिवार का स्वामी, मुखिया 3. प्राचीन काल में गुरुकुल का प्रधान अधिकारी जो छात्रों की शिक्षा और भोजन आदि की व्यवस्था करता था।
6. जानवरों को होने वाला एक रोग।



### वर्ग पहेली - 355 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 कि | | | | | |
| र | | 2 छि | 3 गु | नी | |
| कि | | | ज | | |
| री | | 4 अ | रा | ड़ | |
| | 5 जं | भि | त | | 6 म |
| 7 यू | | ग | | | ह |
| रो | | 8 म | ज़ | कू | री |

## सुडोकू -73

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 3 | 7 | 9 | | | 8 |
| | | 7 | | | | 4 | | |
| 2 | | 9 | | 6 | 4 | | | |
| 4 | | | | 1 | | 6 | | |
| | | 2 | | | | 9 | | |
| | | 1 | | 8 | | | | 3 |
| | | 6 | 8 | 3 | | 2 | | 5 |
| | | 8 | | | | 1 | | |
| 5 | | | 2 | 4 | 1 | | | |

### सुडोकू - 72 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 6 | 8 | 7 | 9 | 2 | 1 | 4 |
| 8 | 2 | 9 | 5 | 1 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 8 | 5 |
| 5 | 8 | 7 | 4 | 2 | 3 | 6 | 9 | 1 |
| 1 | 6 | 4 | 9 | 8 | 7 | 5 | 2 | 3 |
| 9 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 4 | 7 | 8 |
| 4 | 9 | 3 | 1 | 6 | 8 | 7 | 5 | 2 |
| 2 | 7 | 8 | 3 | 9 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 4 | 2 | 8 | 3 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 फरवरी, बुधवार 2024 संवत–2080, शक संवत 1945 मास–फाल्गुन, पक्ष–कृष्ण पक्ष, तिथि–चतुर्थी 29 फरवरी 04 .18 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल– उत्तर। ऋतु–वसंत। चन्द्रबल–मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन। ताराबल–अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र–हस्त 07 .33 तक तत्पश्चात चित्रा।

**मेष** – आज परिवार और कारोबार दोनों में ही अच्छा तालमेल बनाकर रखेंगे। जीवनसाथी से महत्वपूर्ण विषयों पर सलाह लेना हितकर होगा। पाचन की कमजोरी के कारण अपच और उल्टी जैसी समस्या हो सकती है।

**वृष** – आज कार्यक्षेत्र में आपको अपनी गुणवत्ता का ध्यान रखना चाहिए। आत्मविश्वास के साथ अपने काम करेंगे। नकारात्मक बातों पर ज्यादा ध्यान न दें। नए प्रेम संबंधों में तनाव होने के योग बन रहे हैं। दिन के उत्तरार्ध में कोई बड़ा काम पूरा हो सकता है।

**मिथुन** – आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहेगी। त्वरित निर्णय लेने से व्यवसाय में प्रगति हो सकती है। साझेदारी संबंधि कार्यों में आपको काफी ज्यादा ध्यान देना होगा। आपको अपनी गलतियों को सुधारने के कई मौके मिलेंगे।

**कर्क** – आज महत्वपूर्ण यात्रा होने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास की कमी के कारण निर्णय गलत हो सकते हैं। भाई–बहनों के साथ संबंध मधुर रहेंगे। कार्यक्षेत्र में राजनीति का सामना करना पड़ेगा। धन से जुड़े मामलों को लेकर भाग्यशाली रहेंगे।

**सिंह** – आज बॉस आपके ऊपर नाराज हो सकते हैं। जॉब को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में नहीं लगेगा। दोपहर के पहले कुछ अनचाही स्थितियों का सामना करना पड़ेगा,लेकिन अचानक से स्थितियां आपके पक्ष में आती हुई प्रतीत होंगी।

**कन्या** – आज आपके सामाजिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। गलत खान–पान के कारण स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। नया व्यापार शुरू करने की योजना को आकार दे सकते हैं। जीवनसाथी आपके मनोबल को बढ़ायेगा। अपनी शक्ति का सकारात्मक प्रयोग करेंगे।

**तुला** – आज महत्वपूर्ण दस्तावेजों को संभाल कर रखें। बच्चों के व्यवहार से कुछ चिंतित हो सकते हैं। नए विषयों को सीखने की कोशिश करेंगे। परिवार में आपके गुणों की प्रशंसा होगी। आपके ऊपर जिम्मेदारियां बढ़ने वाली है।

**वृश्चिक** – आज आपको ऐसे व्यक्तियों से मिलना पड़ सकता है ,जो आपके व्यक्तित्व को काफी प्रभावित करने वाले हैं। आवश्यक कार्यों को शाम से पहले पूरा कर लेना हितकर होगा। बेकार की बहसों से बचने का प्रयास करें।

**धनु** – आज सभी जरूरी काम पूरे करने की कोशिश करेंगे। छोटी–छोटी परेशानियों से निजात मिलेगी। जीवनसाथी के साथ रिश्ते बहुत प्रगाढ़ होंगे। सामाजिक आयोजन में आप भागीदारी कर सकते हैं। मित्रों से शुभ सूचना आपको प्राप्त हो सकती है।

**मकर** – आज अपने जीवन–स्तर को ऊंचा करने की दिशा में प्रयास करेंगे। भोग–विलास में आप काफी धन खर्च कर सकते हैं। जीवन से सभी क्षेत्रों में आपका प्रदर्शन बेहतरीन रहने वाला है। तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए शुभ दिन सिद्ध होगा।

**कुंभ** – आज अनावश्यक लोगों के साथ विचार–विमर्श कर समय बर्बाद न करें। कुछ लोग आपके हितैषी होते हुए भी आपकी आलोचना करेंगे। बोलचाल में विनम्र भाषा का प्रयोग करें। मित्रों के स्वभाव में कुछ बदलाव देखने को मिलेगा।

**मीन** – आज दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। नया कार्य शुरू करने के लिए दिन अच्छा नहीं है। व्यापार में अड़चनें आ सकती हैं। सहकर्मियों से भी आपको परेशान होना पड़ सकता है। लोगों के बीच आपका व्यवहार काफी सराहा जाएगा।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- होते होते प्यार हो गया – सुबह : 11 .39
- कीमत – रात : 07 .07

Sony Max
- लगे रहो मुन्ना भाई – सुबह : 10 .12
- विश्वासघात – रात : 10 .04

Sony Pix
- लाइफ – सुबह : 10 .48
- जिओस्ट्रोम – रात : 09 .00

Zee Cinema
- हाईजेक – सुबह : 10 .30
- विजय द मास्टर – रात : 07 .30

Colors Cineplex
- जुर्माना – दोपहर : 12 .31
- फिर हेरा फेरी – रात : 09 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर सुबह–10 .12 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति –मेरे सीने में बहुत दर्द हो रहा है, जल्दी से एम्बुलेंस के लिए फोन लगाओ।
पत्नी– हां, लगाती हूं, जल्दी अपने मोबाइल का पासवर्ड बताओ
पति– रहने दो, अब थोड़ा ठीक लग रहा है।

पप्पू ने गली के कोने में कचरा फेंक दिया। थोड़ी देर बाद वो घूम फिर कर गली में ही वापस आया,तो मोहल्ले वाले आपस में लड़ने लगे कि, कचरा किसने फेका!
एक औरत ने गुस्से से कहा–फेंका होगा किसी कुत्ते के बच्चे ने।
पप्पू हंसा और बोला– कचरा मैंने फेंका और नाम कुत्ते के बच्चे का आ गया।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 990 फ्लैग 1100 डीएमओ 870 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| गेहूं दड़ा | 2525-2550 |
| आर.आर.21 | 2700-2750 |
| गेहूं फारम | 2800-2850 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2600-4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000-2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| चना | 5200-5400 |
| अरहर | 7500-8000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 4200-4300 |
| उड़द हरा | 10000-10200 |
| उड़द काला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहर फूल | 14500-14700 |
| अरहर स्पेशल1 | 12000-12100 |
| चना दाल | 6900-7000 |
| मटर दाल | 4900-5000 |
| मसूर मलका | 6800-6850 |
| मसूर दाल | 6900-6950 |
| उड़द दाल | 9000-12000 |
| उड़द धोवा | 10500-13000 |
| मूंग दाल | 8800-10300 |
| मूंग धोवा | 9800-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000-2300 |
| बासमती नं 1. | 8500-10000 |
| सेला | 2500-3000 |
| बासमती नं 2. | 6500-7500 |
| **किराना (प्रति क्वि.)** | |
| कली मिर्च | 55000-70000 |
| बड़ी इलायची | 85000-120000 |
| सोंठ | 30000-40500 |
| धनिया | 6000-13000 |
| लाल मिर्च | 28000-34000 |
| जीरा | 58000-62000 |
| अजवाइन | 20000-28000 |
| हल्दी | 13500-16500। |

# मोदी के तीसरे कार्यकाल में भी जारी रहेंगे सुधार कार्य

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उद्योग निकाय फिक्की की ओर से आयोजित कार्यक्रम में किया आश्वस्त

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को भारतीय उद्योग जगत से खुद को 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य के साथ जुड़ने का आह्वान किया। उद्योग निकाय फिक्की की ओर से आयोजित 'विकसित भारत @ 2047: विकसित भारत व उद्योग' सत्र को संबोधित करते हुए मंत्री ने उद्योग जगत को आश्वस्त किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल में भी सुधार जारी रहेंगे।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने फिक्की के कार्यक्रम में कहा कि कोई भी देश डिजिटल इंफ्रा के बिना विकास का लक्ष्य हासिल नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि हम डेवलपमेंट गोल के साथ आगे बढ़ेंगे। वित्त मंत्री ने कहा



फिक्की के कार्यक्रम में मौजूद सीतारमण व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर।

कि सरकार डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार एआई के क्षेत्र में इनोवेशन और निवेश को बढ़ावा देगी। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार स्पेस सेक्टर में भी निवेश को बढ़ावा देगी।

अप्रैल-मई में होने वाले आम चुनावों के बाद नई सरकार का गठन होगा और भाजपा को विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में लौटेंगे। सीतारमण ने कहा कि भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। मंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों के दौरान सरकार की ओर से कई सुधार किए गए हैं और यह प्रवृत्ति जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि अगली मोदी सरकार द्वारा किए जाने वाले सुधारों में उत्पादन के कारकों पर ध्यान दिया जाएगा।

### 'विकसित भारत@2047' कार्यक्रम में बोले अनुराग

### एक दशक में यूपीए से यूपीआई तक का आया बदलाव

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि सरकार की पहल और उद्योग सहित सभी वर्गों के योगदान से भारत 2047 से बहुत पहले एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा। ठाकुर ने फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) द्वारा आयोजित 'विकसित भारत@2047' सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की साहसिक नीतियों और निर्णयों के कारण भारत दुनिया की पांच नाजुक अर्थव्यवस्थाओं में से एक से हटकर शीर्ष पांच में पहुंच गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि चुनावों में मिले स्पष्ट जनादेश के कारण प्रधानमंत्री को कठोर निर्णय लेने का अधिकार मिल गया। ठाकुर ने कहा, "यदि आप 2014 पर नजर डालें तो हम दुनिया की पांच नाजुक अर्थव्यवस्थाओं में से एक थे। भ्रष्टाचार के मामले थे। एक खोए हुए दशक से लेकर 'टेकेड' (प्रौद्योगिकी से भरपूर दशक) तक, यूपीए के समय से लेकर यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) के समय तक का ये सफर कैसा रहा है, मुझे लगता है कि चीजें बदल गई हैं।"

# देश में कर्मचारियों के वेतन में औसत 10% वृद्धि की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

● सर्वे के मुताबिक, सर्वाधिक लाभ वाहन-विनिर्माण के क्षेत्र में

भारत में कंपनियों द्वारा इस साल कर्मचारियों के वेतन में औसतन 10 प्रतिशत वृद्धि किए जाने की उम्मीद है। मंगलवार को जारी एक सर्वे में यह बात कही गई है। सर्वे में कहा गया है कि सबसे अधिक वेतनवृद्धि का लाभ वाहन, विनिर्माण और इंजीनियरिंग क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों को मिलेगा।

मंगलवार को जारी परामर्शक फर्म मर्सर के कुल पारिश्रमिक सर्वेक्षण (टीआरएस) के अनुसार, वर्ष 2023 में औसत वेतनवृद्धि 9.5 प्रतिशत थी। इसमें कहा गया, 'यह प्रवृत्ति भारत के मजबूत आर्थिक प्रदर्शन और नवाचार और प्रतिभा के केंद्र के रूप में इसके बढ़ती आकर्षण को दर्शाती है। भारत में वाहन, विनिर्माण, इंजीनियरिंग और जीवन विज्ञान में कर्मचारियों



को सबसे अधिक वेतनवृद्धि मिलने का अनुमान है। यह इन क्षेत्रों की प्रतिस्पर्धी प्रकृति को दर्शाता है।'

सर्वेक्षण में कहा गया है कि भारत में औसत वेतनवृद्धि 2024 में 10 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है, जो 2023 में 9.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ शीर्ष पर थी। इसमें कहा गया है कि भारत में स्वैच्छिक नौकरी छोड़ने की दर वर्ष 2021 में 12.1 प्रतिशत से धीरे-धीरे बढ़कर वर्ष 2022 में 13.5 प्रतिशत हो गई है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 72,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,650-47,850 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,200 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,050 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42,500 |
| चांदी (999) | 72,000 |
| चांदी तैयार | 72,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,000 |
| चांदी पक्की | 715 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,100 |
| चांदी आभूषण | 72,200। |

# ऑनलाइन लोन: चीनी कंपनियों के खिलाफ जांच अंतिम चरण में

नई दिल्ली, एजेंसी

● कॉरपोरेट मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी जानकारी

एप के जरिये ऑनलाइन कर्ज वितरण से जुड़ी कंपनियों समेत कई चीनी फर्मों के खिलाफ कॉरपोरेट मामलों का मंत्रालय जांच कर रहा है। इनमें से कुछ जांच अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं।

गैरकानूनी ढंग से कर्ज वितरण एप का संचालन करने वाली कंपनियों के खिलाफ हाल में जांच तेज हुई है। इसके अलावा मंत्रालय लाभकारी स्वामित्व को छिपाने के लिए कंपनियों और संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मंत्रालय विभिन्न चीनी कंपनियों खासकर कर्ज एप से जुड़ी कंपनियों के खिलाफ पड़ताल कर रहा है और इनमें से कुछ जांच अंतिम चरण में हैं। अधिकारी के मुताबिक, रिजर्व बैंक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय समेत अन्य इकाइयों से मिली शिकायतों के आधार पर भी संबंधित कंपनियों के खिलाफ जांच शुरू की जाती है। हालांकि कुछ कंपनियों के वित्तपोषण स्रोतों का पता लगाना कभी-कभी मुश्किल होता है, लेकिन कंपनियों के लाभकारी स्वामित्व का पता लगाने के प्रयास किए जाते हैं।

## वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री अगले वित्त वर्ष में 7% तक घटेगी: इक्रा

**नई दिल्ली।** घरेलू वाणिज्यिक वाहन (सीवी) की बिक्री में अगले वित्त वर्ष में उच्च आधार प्रभाव की वजह से चार से 7 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है। मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने कहा कि आम चुनावों से पहले आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण जनवरी-मार्च तिमाही में बुनियादी ढांचागत गतिविधियों में रुकावट के कारण बिक्री कम रह सकती है। एजेंसी ने कहा, "अनुमान है कि वित्त वर्ष 2023-24 में घरेलू सीवी उद्योग की मात्रा में सालाना दो से पांच प्रतिशत की वृद्धि होगी।

# खेती के साथ आय बढ़ाएगी कृषि विकास योजना

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

● सरकार के अधीन विभाग और संस्थाएं करेंगी काम, मिली मंजूरी

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में खेती के साथ किसानों की आय 'राज्य कृषि विकास योजना' बढ़ाएगी। इस योजना को शासन ने स्वीकृति दी है। इसमें कृषि एवं सम्वर्गीय विभाग व संस्थाएं योजनाओं-परियोजनाओं पर काम कर किसानों को लाभान्वित करेंगी। इनके सहयोग से किसानों की आय में गुणात्मक वृद्धि होगी।

इसमें एक जिला एक उत्पाद में मुख्य फसल को शामिल किया जाएगा। जीआई टैग भी दिया जाएगा। इससे उत्पाद को पहचान के साथ बिक्री का प्लेटफार्म मिलेगा। वहीं, राज्य सरकार विभाग



व संस्थाओं को निधि पर 100 प्रतिशत अनुदान देगी। योजना का कृषि विभाग को नोडल नामित किया गया है, जिसकी देखरेख में बजट, भुगतान से लेकर योजनाओं पर सभी काम होंगे। विभाग व संस्थाएं प्रगति रिपोर्ट के साथ खर्च का उपभोग प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराएंगे।

**प्रोत्साहन के लिए करेंगे नई पहल:** कौशल विकास के तहत किसानों को अंतर्राज्यीय व अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण, विस्तार सेवाओं के प्रोत्साहन के लिए नई पहल, फार्म मैकेनाइजेशन, सोलर संचाई पंप, कृषि ड्रोन, कंबाइन हार्वेस्टर, प्राकृति खेती, श्री अन्न पर प्रशिक्षण व मेला, प्रदर्शनी, गोष्ठी व कार्यशाला में सम्मलित किया जाएगा। इसके अलावा कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र के अंतर्गत नवीन अवसंरचनाओं की आवश्यकता होने पर प्रयोगशाला की स्थापाना, भंडारण सुविधा, मोबाइल मल्टी यूटिलिटी वैन, कृषि निवेश केंद्र, कृषि रक्षा इकाई, कृषि विपणन पर कार्य होंगे।

# राष्ट्रीय

# कांग्रेस-कम्युनिस्ट केरल में दुश्मन, बाकी जगह अच्छे मित्र

## भाजपा की राज्य इकाई की पदयात्रा के समापन समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों दलों पर किया कटाक्ष

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र में भाजपा के खिलाफ मजबूत विकल्प तैयार करने का प्रयास कर रहे कांग्रेस और कम्युनिस्ट दलों पर कटाक्ष करते हुए मंगलवार को कहा कि वे केरल में एक-दूसरे के दुश्मन हैं, लेकिन अन्य राज्यों में वे 'बीएफएफ' यानी हमेशा के लिए सबसे अच्छे दोस्त हैं।

मोदी ने यहां सेंट्रल स्टेडियम में भाजपा की राज्य इकाई की पदयात्रा के समापन समारोह में विपक्ष पर निशाना साधते हुए दावा किया कि उसके पास देश की प्रगति के लिए कोई खाका नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्ष यह मान चुका है कि वह इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव में जीत नहीं पाएगा, इसीलिए उसके नेता उन्हें भला-बुरा कहने की



रणनीति अपना रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'केरल में कांग्रेस और कम्युनिस्ट एक-दूसरे के दुश्मन हैं, लेकिन अन्य राज्यों में वे 'बीएफएफ' हैं।'

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने कम्युनिस्ट मुख्यमंत्री (पिनराई विजयन) पर भ्रष्टाचार एवं घोटालों में शामिल होने का आरोप लगाया और वाम सरकार को फासीवादी करार दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा, 'इसके जवाब में कम्युनिस्टों ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज कराया और उनके पूर्ववर्ती प्रशासनों पर विभिन्न घोटालों में शामिल होने का आरोप लगाया, लेकिन केरल के बाहर 'इंडी' गठबंधन की बैठकों में वे एक साथ बैठते हैं। समोसे और बिस्कुट खाते हैं और चाय पीते हैं।' उन्होंने कहा, 'यानी तिरुवनंतपुरम में वे कुछ और कहते हैं तथा दिल्ली में कुछ और कहते हैं। केरल के लोग आगामी लोकसभा चुनावों में इस विश्वासघात का जवाब देंगे।'

मोदी ने केरल के लोगों से आग्रह किया कि वे आगामी लोकसभा चुनावों में राज्य में उनकी पार्टी को दोहरे अंकों में सीट जिताकर अपना आशीर्वाद दें। उन्होंने कहा कि भाजपा कभी किसी राज्य को वोट बैंक के नजरिए से नहीं देखती। मोदी ने दावा किया कि पिछले 10 साल में केरल को अन्य भाजपा शासित राज्यों की तरह ही विकास से लाभ हुआ है। उन्होंने कहा कि यह उनकी गारंटी है कि वह केरल के लोगों के सपनों और आकांक्षाओं को साकार करने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के साथ-साथ देश से गरीबी और भ्रष्टाचार मिटाना 'मोदी की गारंटी' है।

### तमिलनाडु में बोले मोदी- 'इंडिया' गठबंधन ने अपनी हार स्वीकार कर ली

**तिरुपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों ने हार स्वीकार कर ली है, लेकिन उनका इरादा लूटने का है। मोदी ने यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए द्रमुक और कांग्रेस की आलोचना की और अन्नाद्रमुक के नेताओं दिवंगत एमजी रामचंद्रन और जयललिता की विरासत का उल्लेख किया। मोदी ने यहां भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई की राज्यव्यापी यात्रा 'एन मन एन मक्कल' के समापन समारोह को संबोधित करते हुए विपक्ष पर निशाना साधा और कहा कि पिछले 10 वर्षों के दौरान केंद्र की भाजपा सरकार ने तमिलनाडु में विकास परियोजनाओं के लिए पहले की तुलना में अधिक धनराशि दी है। मोदी ने कहा, 'इंडिया के घटक दलों ने हार स्वीकार कर ली है, लेकिन उनका इरादा लूटने का है। लेकिन लोगों ने ऐसे किसी भी प्रयास को रोकने का मन बना लिया है। तमिलनाडु में भी भाजपा भ्रष्टाचार की राजनीति को खत्म करने की तैयारी कर रही है।"

## बिहार: कांग्रेस के दो व राजद के एक विधायक भाजपा में शामिल

**पटना।** बिहार में कांग्रेस के विधायक मुरारी प्रसाद गौतम, सिद्धार्थ गौतम और राष्ट्रीय जनता दल की विधायक संगीता कुमारी मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गईं। भाजपा में शामिल होने के बाद उन्होंने बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा से मुलाकात की। सम्राट चौधरी से मिलने जाते वक्त जब संगीता कुमारी से पत्रकारों ने पूछा कि क्या वह भाजपा में शामिल हो गई हैं तो उन्होंने कहा- हां।

तेजस्वी यादव की 'जन विश्वास यात्रा' और 3 मार्च को प्रस्तावित रैली से पहले इस पालाबदल को भाजपा की ओर से लोकसभा चुनाव से पहले हर संभव समीकरण साधने के तौर पर देखा जा रहा है। संगीता कुमारी कैमूर जिले की मोहनिया सीट से विधायक हैं। वहीं सिद्धार्थ विक्रम सीट और मुरारी गौतम चेनारी से विधायक हैं।

# परिवारों का उपभोग खर्च सर्वे चुनाव से प्रेरित: खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी

● कांग्रेस अध्यक्ष मोदी सरकार पर लगाए आरोप

कांग्रेस ने हाल में आए उपभोग खर्च सर्वे को 'चुनाव से प्रेरित और भ्रामक सर्वे' करार देते हुए मंगलवार को दावा किया कि सरकार ने गरीबी के विषय पर अपनी पीठ थपथपाने की नाकाम कोशिश की है, जबकि हकीकत यह है कि आज 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने यह भी कहा कि अगर केंद्र में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनती है तो देश में जाति आधारित जनगणना करवाई जाएगी ताकि सही आंकड़ा एकत्र हो सके।

राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) के ताजा अध्ययन के मुताबिक, देश में परिवारों का प्रति व्यक्ति मासिक घरेलू खर्च 2011-12 की तुलना में 2022-23



में दोगुना से अधिक हो गया है। गत शनिवार को जारी बयान के अनुसार, एनएसएसओ ने अगस्त, 2022 से जुलाई, 2023 के दौरान परिवारों का उपभोग खर्च सर्वेक्षण किया। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, '10 साल की गहन निद्रा में खर्राटे लेने के बाद आखिरकार मोदी सरकार जनता के खर्च और आमदनी पर चुनाव से प्रेरित सर्वे लाई है। सर्वे में मोदी सरकार ने अपनी पीठ थपथपाने की नाकाम कोशिश की है।'

## एक नजर

### संदेशखालि जा रहे आईएसएफ विधायक नौशाद सिद्दीकी गिरफ्तार

**कोलकाता।** पुलिस ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के अशांत संदेशखालि जा रहे 'इंडियन सेक्युलर फ्रंट' (आईएसएफ) के विधायक नौशाद सिद्दीकी को गिरफ्तार कर लिया। निषेधाज्ञा लागू होने का हवाला देते हुए संदेशखालि की ओर जा रहे कांग्रेस के एक दल को भी नजात के पास रोक दिया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि भांगड़ से विधायक सिद्दीकी को कोलकाता में साइंस सिटी के पास गिरफ्तार किया गया था।

### राजद विधायक के परिसरों पर ईडी ने की छापेमारी

**आरा/पटना।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आय से अधिक संपत्ति के मामले को लेकर मंगलवार को बिहार के भोजपुर जिला मुख्यालय आरा में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) विधायक किरण देवी, उनके पति और पूर्व विधायक अरुण यादव तथा कुछ अन्य से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की। किरण देवी भोजपुर जिले के संदेश निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती हैं, जहां उनके पति ने 2015 के विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की थी। तेजस्वी यादव ने कहा कि ये छापे इस बात का सबूत हैं कि केंद्र में शासन करने वाली भाजपा डरी हुई है।

## बीजद से टिकट पाने के लिए 10 हजार से ज्यादा ने किया आवेदन

**भुवनेश्वर।** आगामी लोकसभा चुनाव और ओडिशा विधानसभा का चुनाव लड़ने के लिए बीजू जनता दल का टिकट पाने के लिए 10,000 से ज्यादा लोगों ने आवेदन किया है। ओडिशा विधानसभा में 147, जबकि राज्य में लोकसभा की 21 सीटें हैं। बीजद के संगठन सचिव प्रणब प्रकाश दास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "आगामी चुनावों में पार्टी टिकट के लिए 10,000 से अधिक लोगों ने आवेदन किया है।"

## जमात-ए-इस्लामी पर प्रतिबंध पांच साल बढ़ा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राष्ट्र की सुरक्षा, अखंडता और संप्रभुता के खिलाफ गतिविधियों को जारी रखने को लेकर मंगलवार को जमात-ए-इस्लामी (जम्मू कश्मीर) पर प्रतिबंध पांच साल के लिए बढ़ा दिया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि देश की सुरक्षा को खतरा पहुंचाने वाले किसी भी व्यक्ति को कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की आतंकवाद और अलगाववाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति का पालन करते हुए सरकार ने जमात-ए-इस्लामी (जम्मू कश्मीर) पर प्रतिबंध पांच साल के लिए बढ़ा दिया है।' जमात पर देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने का आरोप है। इसे पहली बार 28 फरवरी 2019 को 'गैरकानूनी संगठन' घोषित किया गया था।

## राजस्थान: आईसीयू में भर्ती महिला से दुष्कर्म, आरोपी कर्मचारी गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान के अलवर जिले में एक निजी अस्पताल की आईसीयू में भर्ती महिला से दुष्कर्म के आरोप में एक कर्मचारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने बताया कि घटना मंगलवार सुबह करीब साढ़े चार बजे की है। आरोपी चिराग यादव को हिरासत में ले लिया गया। वह अस्पताल में नर्सिंग सहायक के पद पर कार्यरत है। शिवाजी पार्क थाना प्रभारी राजपाल सिंह ने बताया कि फेफड़ों में संक्रमण के कारण महिला अस्पताल के आईसीयू में उपचाराधीन है।

## मुंबई : छोटा राजन गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने वर्ली से छोटा राजन गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है और उसके पास से एक देसी पिस्तौल और कारतूस बरामद किए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान श्याम तांबे उर्फ सेवियो रॉड्रिग्स (42) के रूप में हुई है, जिसे सोमवार को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने कहा, "मुंबई पुलिस की अपराध शाखा को विशेष सूचना मिली थी कि तांबे मध्य मुंबई में वर्ली के जीजामाता नगर इलाके में आ रहा है। सूचना के अनुसार जाल बिछाया गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया।" उन्होंने बताया कि उसके पास से एक देसी पिस्तौल और तीन कारतूस बरामद किए गए। अधिकारी ने बताया कि तांबे छोटा राजन गिरोह का सक्रिय सदस्य था

# बीकानेर: जासूसी के आरोप में कैंटीन का संचालक गिरफ्तार

जयपुर, एजेंसी

● पाकिस्तानी महिला एजेंट के साथ खुफिया सूचना कर रहा था साझा

पाकिस्तानी गुप्तचर एजेंसियों के लिए जासूसी करने को लेकर बीकानेर जिले में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी सैन्य क्षेत्र 'महाजन' में कैंटीन चलाता है, जो 'हनीट्रैप' में फंसकर सामरिक महत्व की सूचनाएं पाक 'हैंडलर' को दे रहा था।

अतिरिक्त महानिदेशक (पुलिस खुफिया) संजय अग्रवाल ने बताया कि राजस्थान खुफिया विभाग ने मिलिट्री इंटेलिजेंस (सैन्य खुफिया शाखा), बीकानेर के साथ संयुक्त कार्रवाई कर पाकिस्तान गुप्तचर एजेंसी के लिए जासूसी कर रहे 'ऊपर का बास' गांव (बीकानेर जिले) के निवासी विक्रम सिंह (31) को गिरफ्तार किया है। अग्रवाल ने बताया कि सतत निगरानी के दौरान पता चला कि विक्रम सिंह सोशल मीडिया के माध्यम से पाकिस्तानी खुफिया हैंडलर के निरंतर संपर्क में है। उन्होंने बताया कि जब विक्रम सिंह की गतिविधियों पर गहनता से नजर रखी गई तो पता चला कि वह 'हनीट्रैप' में फंसकर सोशल मीडिया के माध्यम से पाक महिला एजेंट के साथ सामरिक महत्व की सूचना साझा कर रहा है।

## मराठा आरक्षण आंदोलन की होगी एसआईटी जांच

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने सरकार को निर्देश दिया कि वह एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करके उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के खिलाफ मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे की टिप्पणी की व्यापक जांच करे। सत्तारूढ़ गठबंधन के सदस्यों ने जरांगे की टिप्पणियों का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि राज्य में अशांति फैलाने की साजिश थी। अध्यक्ष ने सरकार को फडणवीस के खिलाफ जरांगे की टिप्पणियों की जांच के लिए एक एसआईटी गठित करने का निर्देश दिया। जरांगे ने आरोप लगाया था कि फडणवीस उनकी हत्या कराने कोशिश कर रहे हैं।

# आप ने दिल्ली से चार और हरियाणा से एक उम्मीदवार घोषित किया

नई दिल्ली, एजेंसी

● विधायक सोमनाथ भारती को नई दिल्ली सीट से टिकट

आम आदमी पार्टी (आप) ने लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली की चार और हरियाणा की एक सीट के लिए मंगलवार को उम्मीदवारों की घोषणा की। पार्टी ने वरिष्ठ नेता सोमनाथ भारती को नई दिल्ली सीट से मैदान में उतारा है। पार्टी ने राज्यसभा के पूर्व सदस्य सुशील गुप्ता को हरियाणा के कुरुक्षेत्र से अपना उम्मीदवार घोषित किया है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक के बाद पांच नामों की



घोषणा की गई। आप के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) संदीप पाठक ने यहां संवाददाता सम्मेलन में उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। आप ने दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष एवं मालवीय नगर से विधायक सोमनाथ भारती को नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से, कोंडली के विधायक कुलदीप कुमार को पूर्वी दिल्ली सीट से, सहीराम पहलवान को दक्षिणी दिल्ली से और पूर्व सांसद महाबल मिश्रा को पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा है।

पार्टी ने दिल्ली में लोकसभा चुनाव के लिए विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की अपने सहयोगी कांग्रेस से हाथ मिलाया है। सीट बंटवारे को लेकर दोनों दलों के बीच हुए समझौते के तहत आप दिल्ली में चार और कांग्रेस तीन लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में लोकसभा की कुल सात सीट हैं।

## आदर्श आचार संहिता से पहले जारी हो सकते हैं सीएए के नियम

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए बिना दस्तावेज वाले गैर-मुस्लिम प्रवासियों को तेजी से नागरिकता देने के लिए विवादास्पद नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 (सीएए) के कार्यान्वयन के नियम लोकसभा चुनावों के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले जारी किए जाने की संभावना है। चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता लागू हो जाती है। चुनाव का कार्यक्रम अगले पखवाड़े में घोषित किया जा सकता है। सूत्रों ने कहा कि आदर्श आचार संहिता प्रभाव में आने से पहले सीएए के नियम जारी किए जा सकते हैं।

# नागरिक का जीवन और व्यक्तिगत आजादी की सुरक्षा सर्वोपरि : उच्चतम न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी



● सुनवाई करते हुए शीर्ष कोर्ट ने की टिप्पणी कहा- अनुच्छेद 21 संविधान की आत्मा

एक नागरिक की आजादी सर्वोपरि है और उससे जुड़े मामले में तेजी से फैसला न करना व्यक्ति को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मिले बहुमूल्य अधिकार से वंचित करेगा। शीर्ष अदालत ने हाल ही में एक मामले में सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की।

शीर्ष अदालत ने अनुच्छेद 21 को जीवन और व्यक्तिगत आजादी की सुरक्षा से जुड़े अनुच्छेद 21 को संविधान की आत्मा बताया। अदालत ने कहा कि बंबई उच्च न्यायालय से ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जहां जमानत या अग्रिम जमानत के आवेदनों पर तेजी से फैसला नहीं किया जा रहा है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ सुनवाई कर रही थी। पीठ ने अपने 16 फरवरी के आदेश में कहा, हमारे सामने ऐसे कई मामले आए हैं जिनमें न्यायाधीश गुण-दोष के आधार पर मामले पर फैसला नहीं कर रहे हैं। लेकिन कई आधारों पर मामलों को दबाने के लिए बहाने ढूंढ रहे हैं। इसलिए, हम बंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से अनुरोध करते हैं कि वह आपराधिक अधिकार क्षेत्र का इस्तेमाल करने वाले सभी न्यायाधीशों से जल्द से जल्द जमानत से जुड़े मामले पर फैसला करने का अनुरोध करें।

पीठ ने कहा, यह कहने की जरूरत नहीं होनी चाहिए कि भारत के संविधान का अनुच्छेद 21 संविधान की आत्मा है। नागरिकों की आजादी सर्वोपरि है। इसमें कहा गया, किसी नागरिक की आजादी से जुड़े मामले में तेजी से फैसला न करना और किसी न किसी आधार पर मामले को दबाना भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीकृत उनके बहुमूल्य अधिकार से वंचित करेगा। पीठ ने सर्वोच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार (न्यायिक) से कहा कि वह उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार (न्यायिक) को अपने आदेश से अवगत कराए। शीर्ष अदालत एक आरोपी की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। आरोपी ने बंबई हाईकोर्ट के 31 मार्च 2023 के फैसले को चुनौती थी। हाईकोर्ट ने उसकी जमानत याचिका का निपटारा करते हुए उसे निचली अदालत के सामने ऐसी याचिका दायर करने की अनुमति दी थी।

# पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन गगन चूमेंगी देश की चार शक्तियां

*गगनयान देश का पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन है जिसके तहत चार अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष की सैर कराई जाएगी। इस मिशन को 2024 के आखिर या 2025 की शुरुआत तक भेजा जा सकता है। इसी साल मानव रहित परीक्षण उड़ान होगी, जिसमें एक व्योममित्र रोबोट भेजा जाएगा। गगनयान मिशन तीन दिवसीय है। मिशन के लिए 400 किलोमीटर की पृथ्वी की निचली कक्षा पर मानव को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा और फिर सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाया जाएगा।*

**400** किलोमीटर की निम्न कक्षा में भेजा जाएगा अंतरिक्ष यात्रियों को

● भारत का गगनयान मिशन सफल होता है, तो भारत उन देशों की एक खास सूची में शामिल हो जाएगा, जिन्होंने खुद चालक दल अंतरिक्ष यान लॉन्च किया है। वर्तमान में ऐसा मुकाम हासिल करने वाले देश केवल अमेरिका, रूस और चीन ही हैं।



## प्रशांत बालाकृष्णन नायर
ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालाकृष्णन नायर केरल से ताल्लुक रखते हैं। ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालाकृष्णन नायर (47) ने अपनी स्कूली शिक्षा कुवैत से पूरी की। उन्होंने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) से स्नातक की डिग्री हासिल की है। उन्होंने वहां 'स्वोर्ड ऑफ ऑनर' हासिल करके उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। साल 1999 में एक कमीशन अधिकारी के रूप में वो वायु सेना में शामिल हो गए।

## अंगद प्रताप
ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप ने ग्रुप के अन्य तीन सदस्यों के साथ रूस में 13 महीने तक ट्रेनिंग की है। उनका जन्म 17 जुलाई 1982 को प्रयागराज में हुआ था। वह एनडीए के पूर्व छात्र हैं और 18 दिसंबर 2004 को भारतीय वायुसेना की फाइटर स्ट्रीम में नियुक्त हुए थे। वह एक फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर और टेस्ट पायलट हैं और उनके पास लगभग 2000 घंटे की उड़ान का अनुभव है।

## अजित कृष्णन
ग्रुप कैप्टन अजित कृष्णन उन चार अंतरिक्ष यात्रियों में से हैं जिन्हें मिशन के लिए चुना गया था। उनका जन्म 19 अप्रैल 1982 को चेन्नई, तमिलनाडु में हुआ था। वह एनडीए के पूर्व छात्र हैं और वायु सेना अकादमी में राष्ट्रपति के स्वर्ण पदक और स्वॉर्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित हैं। उन्हें 21 जून 2003 को भारतीय वायुसेना की फाइटर स्ट्रीम में कमीशन दिया गया था। वह फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर और टेस्ट पायलट हैं और उनके पास लगभग 2900 घंटे की उड़ान का अनुभव है।

## शुभांशु शुक्ला
गगनयान मिशन के चार अंतरिक्ष यात्रियों में से एक विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला ने रूस की राजधानी मॉस्को के यूरी गगारिन कॉस्मोनॉट ट्रेनिंग सेंटर में ट्रेनिंग हासिल की है। उनका जन्म 10 अक्टूबर 1985 को लखनऊ, यूपी में हुआ था। वह एनडीए के पूर्व छात्र हैं और 17 जून 2006 को भारतीय वायुसेना की फाइटर स्ट्रीम में नियुक्त हुए थे।

वह एक फाइटर कॉम्बैट लीडर और एक टेस्ट पायलट हैं, जिनके पास लगभग 2000 घंटे की उड़ान का अनुभव है।

# रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने में नाकाम रही यूएनएससी, भारत ने उठाई बदलाव की मांग

## कंबोज बोलीं-जब तक इसमें बदलाव नहीं होगा, तब तक सुरक्षा परिषद विश्वसनीयता के घेरे में रहेगी

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

भारत ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मौजूदा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए हैं। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने सवाल उठाते हुए पूछा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने में क्यों असफल रहा? भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की पुरानी व्यवस्था में बदलाव की मांग की। यूएन जनरल असेंबली प्लेनरी की बैठक हुई, जिसमें रुचिरा कंबोज ने सवाल उठाए।

रुचिरा कंबोज ने कहा 'रूस-यूक्रेन युद्ध को चलते हुए दो साल का समय बीत चुका है। ऐसे में हमें बतौर संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों को कुछ पल रुककर सोचने और अपने आप से पूछने की जरूरत है कि क्या निकट भविष्य में इस संकट का समाधान निकल सकता है? और अगर नहीं निकल सकता तो फिर संयुक्त राष्ट्र व्यवस्था, खासकर सुरक्षा परिषद क्यों है? इसका गठन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शांति और सुरक्षा के लिए किया गया था, ऐसे में ये क्यों मौजूदा संघर्षों को सुलझाने में पूरी तरह से बेअसर साबित हुई है?'

बीते शुक्रवार को यूक्रेन संकट पर संयुक्त राष्ट्र की जनरल असेंबली की प्लेनरी बैठक हुई। इसी दौरान भारत की संयुक्त राष्ट्र में स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने सुरक्षा परिषद में बदलाव की मांग उठाई। कंबोज ने यूएनएससी के पुराने ढांचे में बदलाव की मांग की और कहा कि जब तक इसमें बदलाव नहीं होंगे तब तक सुरक्षा परिषद की विश्वसनीयता सवालों के घेरे में रहेगी।

### कूटनीतिक से निकलेगा समाधान यूक्रेन को लेकर भारत चिंतित

रुचिरा कंबोज ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस बयान को भी दोहराया, जिसमें पीएम मोदी ने रूस के




राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा था कि 'ये युद्ध का युग नहीं है।' कंबोज ने कहा कि 'यूक्रेन हालात को लेकर भारत चिंतित है। हम लगातार इस बात पर जोर दे रहे हैं कि इंसानी जिंदगी की कीमत पर कोई समाधान नहीं होना चाहिए। हिंसा किसी के भी हित में नहीं है।' कंबोज ने कहा कि कूटनीतिक तरीके से ही शांति संभव है और इसके लिए सभी पक्षों के बीच बातचीत होनी चाहिए। हमें ऐसे कदम उठाने से बचना चाहिए, जिनसे बातचीत और समाधान के रास्ते बंद हो जाएं।

### मानवाधिकार हमारे लोकतांत्रिक सिद्धांतों का हिस्सा, यूएन की बैठक में बोले जयशंकर

**नई दिल्ली।** स्विट्जरलैंड के जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार परिषद का सत्र सोमवार से शुरू हो गया है। यह मानवाधिकार परिषद का 55वां सत्र है, जो सबसे लंबा होगा और अप्रैल तक चलेगा।



इस बैठक के पहले दिन भारतीय विदेश मंत्री ने अपने संदेश में मानवाधिकार परिषद की बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल के पूरे सहयोग का वादा किया और कहा कि भारत मानवाधिकारों की सुरक्षा के लिए काम करता रहेगा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने संदेश में कहा कि 'मैं ये सुनिश्चित करूंगा कि हमारा प्रतिनिधिमंडल और उच्चायुक्त आपको पूरा समर्थन और सहयोग दें। भारत परिषद के सदस्यों के साथ मिलकर मानवाधिकारों की सुरक्षा और बढ़ावे के लिए काम करता रहेगा। भारत के लोकतांत्रिक सिद्धांतों और विविधता भरी सोच में मानवाधिकार गहरे तक समाए हुए हैं। विदेश मंत्री ने नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से सत्र को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 'पुरानी संरचनाओं को सुधारने, प्रणालीगत खामियों को ठीक करने और वर्तमान वैश्विक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करने वाले बहुपक्षीय ढांचे को तत्काल बनाने का समय आ गया है।' उन्होंने कहा, 'भू-राजनीतिक चुनौतियों का स्थायी समाधान खोजने के लिए यूएन और उसके बाहर मिलकर काम करना हमारे सामूहिक हित और हमारी जिम्मेदारी भी है।

## एक नजर



### थाईलैंड: भारत से पहुंचे भगवान बुद्ध के अवशेष, भक्तों ने किए दर्शन

**बैंकॉक।** थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में बौद्ध भिक्षुओं ने ध्यान लगाकर माखा बुचा पर्व मनाया। भगवान बुद्ध ने इसी दिन अपने पहले शिष्यों में से 1,250 को दीक्षा दी थी। एक लाख भक्तों ने भगवान बुद्ध और उनके दो शिष्यों के पवित्र अवशेषों की पूजा की। इन्हें भारत से ले जाया गया है।

### वीजा रैकेट में शामिल ब्रिटिश एयरवेज का कर्मचारी फरार

**लंदन।** ब्रिटेन की पुलिस अपने भारतीय अधिकारियों के साथ मिलकर ब्रिटिश एयरवेज (बीए) के एक कर्मचारी की तलाश कर रही है। कर्मचारी वीजा रैकेट मामले में फरार चल रहा है और कथित तौर पर भारत में है। मीडिया के मुताबिक, व्यक्ति (चौबीस वर्षीय) हीथ्रो हवाई अड्डे के टर्मिनल पांच पर सुपरवाइजर के रूप में काम करता था। आरोपी लोगों को बिना जरूरी वीजा दस्तावेजों के ब्रिटिश एयरवेज से यात्रा कराने के लिए प्रत्येक यात्री 25 हजार पाउंड लेता था। फरार कर्मचारी का नाम सार्वजनिक नहीं किया गया है। ब्रिटिश पुलिस भारतीय समकक्षों के साथ मिलकर खोज रही है।



### आंदोलन: किसानों ने ट्रैक्टरों की बाड़ लगा पोलैंड की सीमा सील की

**वर्साव।** यूरोप के कई देशों में चल रहा किसान आंदोलन लगातार उग्र होता जा रहा है। अब पोलैंड के किसानों ने जर्मनी के साथ अपने देश की सीमा सील कर दी है। उन्होंने बॉर्डर पर ट्रैक्टरों की बाड़ बना दी है। बढ़ती कीमतों, करों में वृद्धि और हरित प्रतिबंधों के खिलाफ किसान आंदोलन कर रहे हैं।

### चंद सिक्कों में खरीदी गई हैरी पॉटर किताब की प्रति लाखों में बिकी

**लंदन।** करीब 30 साल पहले पुरानी किताबें बेचने वाली एक दुकान से महज कुछ रुपयों में खरीदी गई हैरी पॉटर के पहले उपन्यास की शुरुआती प्रति (प्रूफ कॉपी) नीलामी में 11,000 पाउंड (करीब 11 .5 लाख रुपये) में बिकी। ब्रिटिश नीलामीकर्ता ने सोमवार को बताया कि एक दुकान से दो अन्य पुस्तकों के साथ कुल 40 पेंस (आज की दर से करीब 41 रुपये) में खरीदी गई थी। इस प्रति के पृष्ठ पर असंशोधित प्रूफ कॉपी लिखा है।

# इमरान-बुशरा बीबी भ्रष्टाचार के नए मामले में दोषी करार

इस्लामाबाद, एजेंसी

● दंपती ने लगे आरोपों से किया इनकार, मामले की सुनवाई छह मार्च तक स्थगित



पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पत्नी बुशरा बीबी को अदालत ने दोनों के खिलाफ 190 मिलियन पाउंड (लगभग 20 अरब रुपये) के अल-कादिर भ्रष्टाचार मामले में आरोप तय किए हैं। न्यायाधीश नासिर जावेद राणा ने रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में सुनवाई की। कई मामलों में इमरान इसी जेल में सजा काट रहे हैं।

न्यायाधीश ने अदालत कक्ष में इमरान खान और बुशरा बीबी की मौजूदगी में आरोप पत्र पढ़ा। अल-कादिर ट्रस्ट के नाम पर सैकड़ों नहरों की जमीन का कथित तौर पर अधिग्रहण किया गया था। मामले में राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने इमरान खान, उनकी पत्नी और अन्य के खिलाफ जांच शुरू की थी। जिसमें सरकारी खजाने को 190 मिलियन पाउंड का नुकसान होने का मामला सामने आया था।

मीडिया के मुताबिक, सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने कहा कि मामले में 58 गवाहों के बयान दर्ज किए जाएंगे। न्यायाधीश ने इमरान खान के खिलाफ आरोप तय करते समय पूछा कि क्या वह दोषी हैं या नहीं। इमरान ने जवाब दिया, मुझे आरोप पत्र क्यों पढ़ना चाहिए, जब मुझे पता है कि उसमें क्या लिखा है? इमरान खान और उनकी पत्नी दोनों ने अपने खिलाफ लगे आरोपों से इनका किया। मामले की सुनवाई छह मार्च तक के लिए स्थगित कर दी गई। जवाबदेही अदालत ने एनएबी के पांच गवाहों को भी सुनवाई में शामिल होने का आदेश दिया। एक जवाबदेही अदालत ने तोशाखाना मामले में इमरान और बुशरा को 14 साल की सजा सुनाई थी। बुशरा को इमरान के इस्लामाबाद स्थित बनी गाला आवास में नजरबंद किया गया है। अल-कादिर ट्रस्ट मामला 190 मिलियन पाउंड के समझौते से जुड़ा है। जिसे ब्रिटेन की राष्ट्रीय अपराध एजेंसी ने कारोबारी मलिक रियाज हुसैन से रकम वसूलने के बाद पाकिस्तान भेजा था।

## तंबाकू-सिगरेट पर लगे प्रतिबंध को हटाएगा न्यूजीलैंड

**वेलिंग्टन।** न्यूजीलैंड की नई सरकार तंबाकू की बिक्री पर लगे प्रतिबंध को हटाने जा रहा है। रिसर्चर और प्रचारकों द्वारा सरकार को तंबाकू से होने वाले मौतों के बारे में दी गई चेतावनी के बावजूद मंगलवार को सरकार ने इस पर लगे प्रतिबंध को हटाने की घोषणा की है।

ये इसी साल जुलाई से लागू हो जाएगा। इसके साथ ही स्मोक्ड तंबाकू उत्पादों में निकोटीन सामग्री में कटौती की जाएगी और तंबाकू खुदरा विक्रेताओं की संख्या 90% से अधिक कम हो जाएगी। अक्टूबर में चुनी गई नई गठबंधन सरकार ने पुष्टि की कि मंगलवार को तत्काल कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सरकार धूम्रपान को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## सड़क पर उतरे लोग...



**साओ पाउलो :** ब्राजील के साओ पाउलो शहर में पूर्व राष्ट्रपति जैर बोल्सोनारो पर लगाए गए तख्तापलट की कोशिश के आरोप के खिलाफ उनके 5 लाख से ज्यादा समर्थक सड़कों पर उतर आए। साथ उन पर लगाई गई चुनावी पाबंदी का भी विरोध किया। दरअसल, बोल्सोनारों से जनवरी 2023 में हुई हिंसा को लेकर पूछताछ हुई। लोगों ने पूर्व राष्ट्रपति पर लगी चुनावी पाबंदी हटाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। ● एजेंसी




# अंतरिक्षयान ओडीसियस ने चंद्रमा से भेजी पहली तस्वीर

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के टेक्सास की इंट्यूटिव मशीन का लूनार लैंडर ओडीसियस चंद्रमा पर लैंडिंग करने में सफल रहा, लेकिन यह लैंडिंग पूरी तरह से सटीक नहीं थी और लैंडिंग के बाद यान थोड़ा सा टेढ़ा हो गया। इस घटना से यह कई मायनों में एक अनोखी लैडिंग बन गई है।

ओडीसियस, 1972 में अपोलो17 मिशन के बाद चंद्रमा पर पहुंचने वाला पहला अमेरिकी अंतरिक्षयान बन गया है। ओडीसियस ने चंद्रमा की दक्षिणी सतह से पहली तस्वीर भेजी है। इंट्यूएटिव मशीन्स ने एक्स पर सोमवार को एक पोस्ट पर कहा, ओडीसियस चंद्रमा की सतह से नोवा कंट्रोल में फाइटर कंट्रोलर के साथ



कम्यूनिकेट कर रहा है। पोस्ट में दो तस्वीरें भी शेयर की गई हैं। पहली तस्वीर षट्भुज आकार के अंतरिक्ष यान के उतरने की, और दूसरी उसके गिरने के 35 सेकंड बाद ली गई, जिसमें मालापर्ट ए प्रभाव क्रेटर की पक्की मिट्टी का पता चलता है। आपको बता दें यह एक प्राइवेट कंपनी का लैंडर था, और इसमें नासा का भरपूर सहयोग था।

## सूरज की रोशनी से जागा जापान का मून लैंडर: जाक्सा

**टोक्यो।** जापान के पहले मून लैंडर ने पृथ्वी से एक संकेत का जवाब दिया है। इससे पता चलता है कि यह सप्ताह भर की दूसरी चंद्र रात से बच गया है। यह जानकारी देते हुए जापान की अंतरिक्ष एजेंसी जाक्सा ने इसे चमत्कार बताया।

गत 20 जनवरी को जापान के मानव रहित स्मार्ट लैंडर फॉर इन्वेस्टिगेटिंग ने 20 जनवरी को चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग की थी। इसके साथ ही जापान चांद पर पहुंचने वाला पांचवां देश बन गया। जाक्सा ने बताया कि एसएलआईएम गत माह गलत दिशा में गिर गया था और इसके सौर पैनलों तक सूरज की रोशनी नहीं पहुंच पा रही थी। हालांकि, सूरज की रोशनी मिलते ही लैंडिंग के आठवें दिन एसएलआईएम से संपर्क हो गया।

# अगले सोमवार तक गाजा में थम जाएगा युद्ध: जो बाइडन

वाशिंगटन, एजेंसी



● बोले- दोनों पक्ष संघर्ष विराम समझौते के करीब फाइनल मुहर लगना बाकी

इजराइल और हमास के बीच पांच महीने से अधिक समय से युद्ध जारी है। इजराइल ने कड़ी जवाबी कार्रवाई और समझौता कर अपने कुछ लोगों को रिहा करा लिया था। अब एक बार फिर जंग थोड़े समय के लिए रुक सकती है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने उम्मीद जताई है कि अगले सोमवार तक इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम हो सकता है। उन्होंने माना है कि दो पक्ष संघर्ष विराम समझौते के करीब हैं।

जो बाइडन ने गाजा में संघर्ष विराम के सवाल पर कहा, 'मेरे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने मुझसे कहा है कि हम इसके करीब हैं और मेरी उम्मीद है कि अगले सोमवार तक हम युद्धविराम कर लेंगे।' साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि हम इसके नजदीक हैं, लेकिन यह अभी तक पूरा नहीं हुआ है। अभी इस पर फाइनल मुहर लगना बाकी है। गौरतलब है, इससे एक दिन पहले ही व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने बताया था कि, 'इस्राइल, अमेरिका, मिस्र और कतर के प्रतिनिधियों ने पेरिस में मुलाकात की। इस दौरान अस्थायी संघर्षविराम के बदले हमास द्वारा बनाए गए बंधकों को रिहा करने पर चारों के बीच सहमति बन गई है। मोसाद के निदेशक डेविड बार्निया सहित एक इस्राइली प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को पेरिस में सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी (सीआईए) के निदेशक बिल बर्न्स, मिस्र और कतर के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की।

**विज्ञान** इसरो 2030 तक अगला मंगल मिशन लॉन्च करने की बना रहा है योजना

# मंगल की धरती पर उड़ान भरेगा भारतीय हेलीकॉप्टर

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** इसरो लाल ग्रह मंगल पर उड़ान भरने की योजना पर काम कर रहा है। मंगलयान के बाद यह दूसरा भारतीय मंगल मिशन होगा, जिसे 2030 में लॉन्च करने की योजना है। मंगल मिशन नन्हा हेलीकॉप्टर साथ लेकर इस मिशन को महत्वाकांक्षी बनाने जा रहा है।

इसमें दोराय नही कि अंतरिक्ष की दुनिया में भारत बहुत कम समय पर दुनिया के अग्रणी देशों में अपना नाम सुमार कर चुका है। बहुत कम लागत और कम समय में मार्स ऑर्बिटर मिशन (मंगलयान) की सफलता से इसरो ने दुनिया को अपनी ओर आकर्षित किया था। मंगलयान को 2013 में लॉन्च किया था और 2014 में मंगल की कक्षा में स्थापित हुआ था। करीब आठ साल मंगल मिशन ने



मंगल की धरती पर नासा का हेलीकॉप्टर।

### मंगल पर कीर्तिमान स्थापित करेगा इसरो, बसाएगा मानव बस्ती

मंगल की धरती पर मानव बस्ती बसाने को लेकर नासा व चीन के साथ भारत भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर चुका है। इन सभी देशों का एकमात्र सपना मंगल पर मानव का दूसरा घर बसाना है। मंगलयान की सफलता से भारतीय वैज्ञानिको के हौंसले बुलंद हैं। इसरो की तैयारी अब मंगल पर नया कीर्तिमान स्थापित करना है। मगर आज भी यह सवाल अनुत्तरित है कि कब तक मंगल पर मानव बस्ती बसाई जा सकेगी।

अनेक महत्वपूर्ण खोज कर भारतीय विज्ञान क्षमता का परिचय दिया। अब इसरो मंगल ग्रह की सतह पर नासा का इनजेनिटी हेलीकॉप्टर की तर्ज पर अपना हेलीकॉप्टर शामिल करना चाहता है, जो 2030 के दशक की शुरुआत में लॉन्च हो जाएगा।

हेलीकॉप्टर भारतीय मार्सलैंडर के साथ उड़ान भरेगा। विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र के अंतरिक्ष भौतिकी प्रयोगशाला के वैज्ञानिक जयदेव प्रदीप ने हाल ही में एक वेबिनार के दौरान यह जानकारी दी। मंगल ग्रह पर लैंडिंग मिशन के लिए हेलीकॉप्टर मंगल के हवाई अन्वेषण के लिए पेलोड का एक सूट साथ ले जाएगा। पेलोड में एक तापमान सेंसर, आर्द्रता सेंसर, दबाव सेंसर, हवा की गति सेंसर, विद्युत क्षेत्र सेंसर और धूल एरोसोल के ऊर्ध्वाधर वितरण को मापने के लिए एक ट्रेस प्रजाति और धूल सेंसर शामिल किया जाएगा। भारतीय हेलीकॉप्टर मंगल की सतह से 328 फीट यानी100 मीटर ऊपर तक उड़ान भरने में सक्षम होगा, जबकि नासा का इनजेनिटी 79 फीट की ऊंचाई तक उड़ सकता है। मंगल की धरती के वातावरणीय जानकारी जुटाने के लिये अगली पीढ़ी के लिए वरदान साबित होगा।

# यूएई: आम लोगों के लिए मार्च से खुलेगा बीएपीएस मंदिर

आबू धाबी, एजेंसी

**15** से 29 फरवरी तक वीआईपी मेहमानों को दी गई थी दर्शन करने की अनुमति



अबू धाबी में पहला हिंदू मंदिर एक मार्च से जनता के लिए खोला जाएगा। बता दें कि इस महीने की शुरुआत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मंदिर का उद्घाटन किया था। लगभग 700 करोड़ रुपये की लागत से इस मंदिर का निर्माण बोचासनवासी श्री अक्षर पुरूषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) द्वारा अबू मुरीखा में किया गया।

भव्य मंदिर का उद्घाटन 14 फरवरी को एक समर्पण समारोह के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने किया था, जिसमें 5,000 से अधिक आमंत्रित लोग शामिल हुए थे। 15 से 29 फरवरी तक पहले से पंजीकरण कराने वाले विदेशी श्रद्धालुओं या वीआईपी मेहमानों को मंदिर में दर्शन की अनुमति दी गई थी। अब मंदिर 1 मार्च से सुबह 9 बजे से रात 8 बजे तक जनता के लिए खुला रहेगा। मंदिर हर सोमवार को बंद रहेगा। इसकी जानकारी मंदिर के एक प्रवक्ता ने दी है।

इस मंदिर के निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाली 18 लाख ईंटों और 1.8 लाख घन मीटर बलुआ पत्थर राजस्थान से लाए गए है। यह मंदिर अयोध्या में हाल ही में उद्घाटन किए गए राम मंदिर की तरह, वास्तुकला की नागर शैली में बनाया गया है।